दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित


| | |
|---|---|
| अधिकतम | 20 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 07 डिग्री से. |
| सूर्यादय | 7.19 |
| सूर्यास्त | 5.29 |
| सोना 24 कैरेट: | 1,40,137.00 |
| चांदी (प्रति किलो) : | 2,51,000 |
| सेंसेक्स | : 85,041.45 |
| अमेरिका | : 89.81 |
| कैनेडियन | : 65.63 |
| आस्ट्रेलिया | : 60.22 |











# मादक पदार्थों के खतरे पर निर्णायक जीत की ओर अग्रसर पंजाब : सीएम मान

- राजनीतिक दखल समाप्त होने से पिछले 3 वर्षों में 85,000 से अधिक नशा तस्कर गिरफ्तार
- वर्ष 2025 में ड्रोन आधारित नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने में बड़ी सफलता मिली
- वर्ष 2025 में 13 खतरनाक अपराधी ढेर हुए और 916 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

### 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत नशा तस्करों की 2,730 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीः मान



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** पंजाब में नशीले पदार्थों और संगठित अपराध नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को कहा कि राज्य निर्णायक जीत की ओर बढ़ रहा है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में 85,418 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, एन.डी.पी.एस. (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) अधिनियम के तहत सजा दर 88 प्रतिशत रही है तथा 1 जनवरी 2025 से अब तक 916 गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस विभाग के कार्य-प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सख्त प्रवर्तन, गहन जांच और शून्य राजनीतिक हस्तक्षेप के जमीनी स्तर पर परिणाम सामने आ रहे हैं। यह नशों के खतरे के खिलाफ पंजाब की लंबी लड़ाई में बयानबाज़ी से आगे बढ़कर ठोस कार्रवाई की ओर स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से नशा तस्करों के खिलाफ 63,053 मामले दर्ज किए गए हैं। भगवंत सिंह मान ने बताया कि वर्ष 2025 में 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान शुरू होने के बाद से पुलिस ने 30,144 एफ.आई.आर. दर्ज की हैं और 40,302 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि यह अपनी तरह का अनोखा अभियान 1 मार्च 2025 को शुरू किया गया था, जो नशों पर काबू पाने में काफी हद तक सफल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशों से निपटने के लिए प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम–इन तीन सिद्धांतों पर आधारित बहु-आयामी रणनीति तैयार की गई, जिसके परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे हैं। इस अभियान के तहत नशा आपूर्ति करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई और तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 5,119.94 किलोग्राम हेरोइन, 3,458.53 किलोग्राम अफीम, 5.82 किलोग्राम कोकीन, 82.04 किलोग्राम आइस, 4.98 करोड़ कैप्सूल तथा 52.46 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने वर्ष 2022 से नशों के खिलाफ लड़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके तहत व्यापक, निरंतर और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें प्रवर्तन, वित्तीय अवरोध, तकनीक आधारित पुलिसिंग, सजा सुनिश्चित करना, जन भागीदारी और पुनर्वास शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) इस रणनीति को लागू करने में अग्रणी रही है, जिसके चलते सभी प्रमुख संकेतकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रवर्तन प्रयास अब केवल छोटी-मोटी बरामदगी से आगे बढ़कर व्यावसायिक मात्रा वाले मामलों, आदतन अपराधियों और संगठित तस्करी नेटवर्क के खिलाफ लक्षित कार्रवाई में बदल गए हैं, जिससे उच्च स्तर पर नशा आपूर्ति की कड़ी तोड़ी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय जांच के माध्यम से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की जब्ती के लिए 1,400 से अधिक मामले सामने आए हैं। वर्ष 2022 से 2025 के दौरान 2,730 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट संदेश गया है कि पंजाब में नशीले पदार्थों के अपराध से कमाई की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 'सेफ पंजाब' व्हाट्सएप चैटबॉट एक प्रमुख नागरिक भागीदारी पहल के रूप में उभरा

सीएम मान ने कहा कि 'सेफ पंजाब' व्हाट्सएप चैटबॉट एक प्रमुख नागरिक भागीदारी पहल के रूप में उभरा है, जिससे लगभग 30,000 उपयोगी सूचनाएं, 11,000 से अधिक एफआईआर और लगभग 14,000 गिरफ्तारियां हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने ड्रोन आधारित नशीले पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करने की अपनी क्षमता को बढ़ाया है, जिसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में सैकड़ों ड्रोन बरामद किए गए हैं और 2025 के दौरान अवरोधन में तीव्र वृद्धि हुई है। गुंडों के खिलाफ की गई कार्रवाई का हवाला देते हुए सीएम मान ने कहा कि 1 जनवरी से लेकर 17 दिसंबर तक पंजाब पुलिस ने 916 गुंडों को गिरफ्तार किया है, 13 को मार गिराया है, 389 मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और 594 हथियार बरामद किए हैं, साथ ही 229 हथियार भी जब्त किए हैं।

### 25 हजार से अधिक एन.डी.पी.एस. के मामले निपटाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच की गुणवत्ता और प्रभावी कानूनी पैरवी के परिणामस्वरूप अदालतों द्वारा 25,000 से अधिक एन.डी.पी.एस. मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें 21,600 से अधिक सजाएं हुईं। समग्र सजा दर लगभग 84 प्रतिशत रही, जो लगातार सुधर रही है और वर्ष 2025 में यह दर लगभग 88 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह मजबूत केस तैयारी, फॉरेंसिक सहयोग और प्रभावी अभियोजन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पी.ए.आई.एस. आधारित विश्लेषण, तकनीकी सेल, डिजिटल फॉरेंसिक और खुफिया जानकारी साझा करने के माध्यम से तकनीकी क्षमताओं को काफी मजबूत किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की मार्च में होने वाली परीक्षा पर रोक



**नई दिल्ली (अप्रस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) की मार्च महीने में होने वाली परीक्षाओं पर दिल्ली सरकार ने रोक लगा दी है। यह फैसला शिक्षा मंत्री आशीष सूद के निर्देश पर लिया गया है। इसके साथ ही, माना जा रहा है कि सरकार अब डीएसएसएसबी परीक्षा की आयु सीमा बढ़ाने को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है। दरअसल, दिल्ली सरकार के स्कूलों में टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) और पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) पदों पर होने वाली भर्तियां डीएसएसएसबी परीक्षा के माध्यम से प्रस्तावित हैं। इन भर्तियों को लेकर लंबे समय से अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। इसी मांग को देखते हुए सरकार ने परीक्षा पर अस्थायी रोक लगाकर आयु सीमा से जुड़े मुद्दे की समीक्षा शुरू कर दी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान में डीएसएसएसबी परीक्षा में शामिल होने के लिए आयु सीमा काफी कम है, जिससे बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार परीक्षा से बाहर हो जाते हैं। अभ्यर्थी पीजीटी पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 36 वर्ष और टीजीटी पद के लिए 32 वर्ष किए जाने की मांग कर रहे हैं।




### कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक का फैसला
# मनरेगा पर देशभर में आंदोलन करेगी कांग्रेस

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस वर्किंग कमेटी की शनिवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस के लगभग सभी दिग्गज शामिल हुए। शशि थरूर भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान की जरूरत है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने को गरीबों पर 'क्रूर वार' बताया है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों पर गंभीर संकट है। खड़गे ने मनरेगा को महात्मा गांधी के 'सर्वोदय' विचार के खिलाफ बताया है. बैठक में तय किया गया कि 5 जनवरी से मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि मनरेगा यूपीए सरकार की एक दूरदर्शी योजना थी, जिसकी तारीफ पूरी दुनिया में हुई. इस योजना के प्रभाव के कारण ही इसका नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन या राज्यों और राजनीतिक दलों से परामर्श किए इस कानून को निरस्त कर दिया।


### 'मोदी सरकार को चंद बड़े पूंजीपतियों के मुनाफे की ही चिंता'

सोनिया गांधी ने कहा कि मनरेगा को समाप्त करना, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। अब पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है कि हम एकजुट हों और उन अधिकारों की रक्षा करें जो हम सभी की रक्षा करते हैं। मोदी सरकार को गरीबों की चिंता नहीं, बल्कि चंद बड़े पूंजीपतियों के मुनाफे की ही चिंता है।

### इंडिगो संकट : जांच पैनल ने डीजीसीए को 22 दिन में सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (अप्रस)।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने शुक्रवार शाम अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है। इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसंबर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।









पहल

### औषधिय गुणों से युक्त भांग के लिए जाना जाएगा हिमाचल
# मुख्यमंत्री की 'ग्रीन टू गोल्ड' पहल से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एक ऐतिहासिक 'ग्रीन टू गोल्ड' पहल की शुरुआत की है। राज्य सरकार का यह साहसिक आर्थिक प्रयोग औद्योगिक भांग की खेती को वैध और विनियमित कर हिमाचल की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बायो-इकॉनोमी में अग्रणी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

दशकों से कुल्लू, मंडी और चंबा जैसी घाटियों में जंगली रूप से उगने वाली भांग को अब तक केवल नशे और अवैध व्यापार से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने औषधीय गुणों से युक्त इस प्राकृतिक संपदा को एक बहुमूल्य औद्योगिक संसाधन के रूप में पहचाना है। इसका उपयोग पर्यावरण के अनुकूल कपड़ा उद्योग, पेपर एवं पैकंजिग, कॉसमैटिक, बॉयो फ्यूल, एनर्जी इंडस्ट्री में करने के साथ इससे बायो-प्लास्टिक जैसे अत्याधुनिक उत्पाद भी तैयार किए जा सकेंगे। पहाड़ी राज्य हिमाचल सही मानको तथा पॉलिसी के साथ पर्यावरण हितैषी औद्योगिक विकास का मुख्य केन्द्र बनकर उभरेगा।

इस नीति का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि औद्योगिक उपयोग के लिए उगाई जाने वाली भांग में टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टी.एच.सी.) की मात्रा 0.3 प्रतिशत से कम रखी जाएगी। इसके तहत वैज्ञानिक मानक सुनिश्चित करते हुए पौधे में नशे रहित रखा जाएगा ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। इसके अतिरिक्त इस पौधे की उच्च गुणवत्ता युक्त फाइबर और बीज उत्पादन क्षमता बनी रहेगी। इस दृष्टिकोण के माध्यम से मुख्यमंत्री ने सामाजिक सरोकारों और आर्थिक प्रगति के बीच एक आदर्श संतुलन स्थापित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जनवरी, 2025 को आयोजित राज्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने भांग की नियंत्रित खेती के पायलट अध्ययन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य भांग की नशीली छवि को बदलकर इसे एक आर्थिक संसाधन के रूप में स्थापित करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, पूरी तरह से लागू होने पर इस विनियमित खेती से राज्य के खजाने में सालाना 500 से 2000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है। राज्य सरकार एक ठोस कानूनी और वैज्ञानिक ढांचा तैयार कर, उस बाजार पर अधिकार करना चाहती है जिस पर वर्तमान में अवैध व्यापार या अंतरराष्ट्रीय आयातों का कब्जा है।

### हिमाचल के किसान समुदाय के लिए भी एक वरदान साबित होगी भांग की खेती

राजस्व वृद्धि के अलावा यह पहल हिमाचल के किसान समुदाय के लिए भी एक वरदान साबित होगी। भांग एक जलवायु–अनुकूल फसल है जिसे कपास जैसी पारंपरिक फसलों की तुलना में 50 प्रतिशत कम पानी की आवश्यकता होती है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में, भांग की खेती किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प बनकर उभरेगी। भांग की फसल को जंगली जानवरों का कोई खतरा नहीं होता है। इस पहल को सफल बनाने के लिए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पालमपुर और डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को उ'च उपज वाले और कम टी.एच.सी. वाले बीजों को विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई। इस कमेटी ने उत्तराखंड के डोईवाला तथा मध्यप्रदेश में की जा रही भांग की खेती का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। मुख्यमंत्री का लक्ष्य हिमाचल प्रदेश को पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री, विशेष वस्त्रों और आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना है। इससे न केवल वर्ष 2032 तक हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध रा'य बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि युवाओं के लिए नए स्टार्टअप और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकार नशे को नहीं, बल्कि उद्योग को बढ़ावा दे रही है ताकि रा'य की प्राकृतिक संपदा का लाभ नशा माफिया के बजाय सीधे किसानों और सरकारी खजाने को मिले।

वर्ष 2025 का लेखा-जोखाः शिक्षा क्रांति के चलते पंजाब के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की बड़ी उपलब्धियां

# पंजाब ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे में शीर्ष स्थान बरकरार रखा : बैंस

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगी राष्ट्रीय परीक्षाओं में बाज़ी मारी : 265 विद्यार्थियों ने जे.ई.ई. मेन्स, 45 ने जे.ई.ई. एडवांस्ड और 847 ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की

11वीं कक्षा में 'उद्यमिता' को मुख्य विषय के रूप में लागू करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 2025 में की गई महत्वपूर्ण पहलों के चलते राज्य की सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली को एक नया स्वरूप मिला है। शिक्षा व्यवस्था में आए इस परिवर्तन ने ठोस, सकारात्मक और परिवर्तनकारी परिणाम देते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नए मानक स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में ऐसे कक्षा-कक्ष विकसित किए जा रहे हैं, जहाँ आत्मविश्वास और नवाचार के माध्यम से प्रदेश के युवाओं के भविष्य को नया आकार दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग की इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री सरदार हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है, जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने वाली समग्र शिक्षा देने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'हमारी पहलों ने शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाए हैं। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एन.ए.एस.) में शीर्ष रैंक को बनाए रखना यह सिद्ध करता है कि जमीनी स्तर पर बेहतर शिक्षा प्रदान करने के परिणाम अब हमारा मानक बन चुके हैं।'

इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम हैं, जिन्होंने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकारी स्कूलों के रिकॉर्ड 265 विद्यार्थियों ने जे.ई.ई. मेन्स परीक्षा, 45 विद्यार्थियों ने जे.ई.ई. एडवांस्ड परीक्षा तथा 847 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। इन नतीजों से यह स्पष्ट होता है कि अब सरकारी स्कूल देश के शीर्ष संस्थानों और पदों तक पहुँचने के लिए विद्यार्थियों को सशक्त मंच प्रदान कर रहे हैं।

पंजाब ने सत्र 2025-26 में 11वीं कक्षा में 'उद्यमिता' को मुख्य विषय के रूप में लागू कर राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है, जिससे विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित हुई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप स्कूलों में विद्यार्थियों के नेतृत्व में छोटे-छोटे उद्यम उभरने लगे हैं और नौकरी खोजने की बजाय नौकरी सृजन की मानसिकता विकसित हो रही है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी विद्यार्थियों के लिए समान करियर योजना सुनिश्चित करने हेतु पंजाब सरकार ने हाल ही में अपने पब्लिक स्कूल सिस्टम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित करियर गाइडेंस को शामिल करने की दिशा में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पहल के पायलट चरण के तहत सरकारी तथा पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पी.एस.ई.बी.) से संबद्ध स्कूलों में 25 ए.आई. आधारित करियर गाइडेंस लैब्स का उद्घाटन किया गया है।

### नशा रोकथाम पाठ्यक्रम के तहत 8 लाख विद्यार्थियों को दी जा रही है मानसिक मजबूती

विद्यार्थियों की भलाई के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए सरदार बैंस ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एक अग्रणी नशा-निवारण पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। यह पाठ्यक्रम 8 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पीयर लीडरशिप और मानसिक मजबूती प्रदान करता है, उन्हें नशीले पदार्थों से दूर रखता है और स्कूलों को स्वास्थ्य एवं कल्याण के केंद्रों में बदलता है।

### सिंगापुर, फिनलैंड और आई.आई.एम. से शिक्षकों के प्रशिक्षण ने विश्वस्तरीय शिक्षा पद्धतियों को कक्षाओं तक पहुँचाया

उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा प्रणाली में बड़े स्तर पर विश्वस्तरीय शिक्षण पद्धतियों को शामिल किया गया है। इसके तहत 234 प्रिंसिपलों और शिक्षा प्रशासकों को सिंगापुर में प्रशिक्षण दिलाया गया, 216 प्राथमिक कैडर शिक्षकों को फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू से प्रशिक्षण दिया गया तथा 199 मुख्य अध्यापकों ने आई.आई.एम. अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया 'स्कूल मेंटरशिप प्रोग्राम' विद्यार्थियों को वरिष्ठ अधिकारियों से जोड़ता है, जिससे उन्हें जीवन में ऊँचे लक्ष्य हासिल करने और रुचि के अनुसार करियर चुनने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिलता है।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बनूड़ से जलालपुर रोड का नींव पत्थर रखा

नगर परिषद लालरू करीब तीन महीने में 2 करोड़ 15 लाख 35 हज़ार रुपये की लागत से सड़क बनाएगी

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का विज़न पंजाब में हर तरफ़ विकास के साथ सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना है : कुलजीत सिंह रंधावा

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन



**लालरू (साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर), 26 दिसंबर।** पंजाब में हर तरफ़ विकास के साथ सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना भी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का विज़न है ताकि पंजाब को विकास के मामले में और ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। यह बात विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज बनूड़ से जलालपुर वार्ड नंबर दस तक सड़क का नींव पत्थर रखने के मौके पर कही। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह सड़क नगर परिषद लालरू लगभग अगले तीन महीने में बनाएगी। इस सड़क पर 2 करोड़ 15 लाख 35 हज़ार रुपये खर्च होंगे, जिसके लिए नगर परिषद लालरू ने फंड दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से इलाके के लोगों को बहुत फ़ायदा होगा। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि लोगों की लंबे समय से मांग थी कि यह सड़क बनाई जाए, आज यह काम शुरू हो गया है। उन्होंने इलाके के लोगों को भरोसा दिलाया कि ऐसे विकास कामों से इलाके की तस्वीर बदलेगी और लोगों को मॉडर्न सुविधाएं मिलेंगी।

इस मौके पर आस-पास के गांवों से आए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पंजाब हर फील्ड में तरक्की कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में ज़्यादा ध्यान देते हुए गांवों में स्कूल बिल्डिंग की हालत सुधारने के साथ-साथ नई बिल्डिंग भी बनाई जा रही हैं और नए टीचरों की भर्ती की जा रही है, ताकि लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने को प्राथमिकता दें। इसके अलावा हेल्थ सेक्टर पर ध्यान देते हुए आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं और लोग उनका फ़ायदा उठा रहे हैं। इलाके के विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी मांगें जल्द ही पूरी की जाएंगी।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि जिस जोश और उम्मीद के साथ पंजाब के लोगों ने भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली आम आदमी पार्टी को पंजाब में सत्ता में पहुंचाया, उसके बाद से पार्टी की पूरी कैबिनेट और हर वर्कर और विधायक अपनी ज़िम्मेदारी पूरी लगन से निभा रहे हैं। उसी के तहत आज बनूड़-जलालपुर रोड का नींव पत्थर रखकर काम शुरू किया जा रहा है। सरकार ने नए साल के मौके पर गांव वालों को यह तोहफ़ा दिया है। रोड का नींव पत्थर रखते समय नगर काउंसिल प्रेसिडेंट, पार्टी के ब्लॉक प्रेसिडेंट, पार्षद और लोकल वार्ड के लोगों समेत पार्टी की पूरी टीम भी मौजूद थी।

# वन एवं वन्य जीव संरक्षण विभाग ने छतबीड़ चिड़ियाघर में जानवरों को ठंड से बचाने के लिए किए विशेष प्रबंध

विभिन्न प्रकार के जानवरों एवं पक्षियों के लिए साफ-सुथरा एवं सुरक्षित वातावरण की व्यवस्था

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** सर्दियों के आगमन एवं खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की अगुवाई में वन एवं वन्य जीव संरक्षण विभाग, पंजाब ने छतबीड़ के महिंदर चौधरी जूलॉजिकल पार्क में जानवरों के लिए साफ-सुथरे एवं सुरक्षित वातावरण को सुनिश्चित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

मांसाहारी जानवरों बाघ, चीता, शेर एवं अन्य बिल्ली प्रजातियों के लिए रात के आश्रय स्थानों में रूम हीटर एवं हीट कन्वेक्टर की व्यवस्था की गई है। सभी खिड़कियों एवं खुले स्थानों को पॉलीथीन शीट या फाइबर शीट एवं सरकंडे घास की छत से ढका गया है। सभी वृद्ध एवं छोटी उम्र के जानवरों के लिए विशेष तापमान नियंत्रण प्रबंध किए गए हैं।

शाकाहारी जानवरों के लिए बांधने वाली तारों एवं रस्सियों की मदद से अस्थायी आश्रय/झोपड़ियां बनाई गई हैं, जिससे इन शाकाहारी जानवरों के सभी बाड़ों में वाटरप्रूफ प्रबंधों (छतों को काली तिरपाल से ढकने) की सुविधा दी गई है। सभी शाकाहारी जानवरों के लिए आरामदायक फर्श हेतु पराली एवं तूड़ी के बिस्तरों की व्यवस्था की गई है।

सभी पक्षियों के पिंजरों को फाइबर कपड़े, जूट मैट एवं पॉलीथीन की चादरों से अच्छी तरह ढका गया है ताकि उन्हें ठंड एवं बारिश से बचाया जा सके। सभी पक्षियों के घोंसलों को गर्म रखने के लिए पराली, तूड़ी एवं चावलों के भूसे के बिस्तरों का उपयोग किया गया है। पक्षियों के पिंजरों के ढक्कन आगे के हिस्से से फोल्ड हो सकते हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें धूप लगने के लिए खोला जा सके। आरामदायक वातावरण के लिए सभी तीतरों के पिंजरों को घास/धान के ढांचे से भरपूर बनाया गया है।

इसके अलावा रेंगने वाले जंतुओं की बिलों पर ऑयल फिन हीटर लगाए गए हैं एवं ये हीटर आसपास की प्राकृतिक नमी को प्रभावित नहीं करते। इसके अलावा रेंगने वाले जंतुओं के सभी सेलों के लिए तूड़ी, सूखे पत्तों एवं भारी कंबलों की व्यवस्था की गई है जो इन रेंगने वाले जंतुओं के लिए बहुत आरामदायक हैं। रेंगने वाले जंतुओं वाले सेक्शन में विशेष यू.वी. लैंप लगाए गए हैं। कछुओं एवं पानी में रहने वाले कछुओं के लिए वाटर सर्कुलेशन सिस्टम वाले विशेष एक्वेरियम वाटर हीटर भी लगाए गए हैं।

# फाजिल्का में सीमा पार से चल रहे नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़; 5.11 किलो हेरोइन सहित एक काबू

हेरोइन की यह खेप पाकिस्तान-आधारित तस्कर द्वारा ड्रोन के माध्यम से भेजी गई थी : डीजीपी गौरव यादव

मामले की आगे की जांच जारी : एआईजी एसएसओसी फाजिल्का गुरसेवक सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**फाजिल्का, 27 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने की मुहिम के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए, स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), फाजिल्का ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में एक नशा तस्कर को 5.11 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलजीत सिंह निवासी गांव ढांडी कदीम, जलालाबाद, फाजिल्का के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बरामद की गई हेरोइन की खेप पाकिस्तान-आधारित तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से भेजी गई थी। डीजीपी ने कहा कि यह खेप आगे राज्य भर में सप्लाई की जानी थी। उन्होंने बताया कि इस नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस ऑपरेशन के संबंध में जानकारी देते हुए एआईजी एसएसओसी फाजिल्का गुरसेवक सिंह ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, एसएसओसी फाजिल्का की पुलिस टीम ने बीएसएफ के साथ मिलकर जलालाबाद क्षेत्र में एक विशेष गुप्त अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को फाजिल्का के गांव ढांडी कदीम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान उसके पास से 5.11 किलो हेरोइन बरामद की गई।

इस संबंध में एफआईआर नंबर 21 दिनांक 27-12-2025 को थाना एसएसओसी फाजिल्का में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी के तहत दर्ज की गई है।

# स्कॉलरशिप के तहत 4.77 करोड़ जारी, वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को बड़ी सहायता : डॉ. बलजीत कौर

2.62 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया, शिक्षा के माध्यम से समान अवसर सुनिश्चित

शिक्षा केवल योजना नहीं, सामाजिक न्याय की मजबूत नींव-सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के वंचित और पिछड़े वर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। यह बात सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही। इस संबंध में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों के लिए चल रही पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत अब तक 4.77 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है, ताकि कोई भी विद्यार्थी केवल आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 2 लाख 62 हजार 373 विद्यार्थियों ने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत आवेदन किए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार की शैक्षणिक कल्याण योजनाएं विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं। डॉ. बलजीत कौर ने आगे बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के लिए 245 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जो शिक्षा के प्रति सरकार की गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी जानकारी साझा की कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 2 लाख 37 हजार 456 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

डॉ. बलजीत कौर ने जोर देकर कहा कि मान सरकार के लिए शिक्षा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता है कि कोई भी गरीब या वंचित पृष्ठभूमि से आने वाला विद्यार्थी केवल आर्थिक कारणों से अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े।

उन्होंने कहा कि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के माध्यम से राज्य सरकार उन विद्यार्थियों के सपनों को मजबूत सहारा दे रही है, जो शिक्षा को अपनी ताकत बनाकर अपने परिवारों और समाज का भविष्य बदलना चाहते हैं। सरकार हर उस बच्चे के साथ मजबूती से खड़ी है, जो आगे बढ़ने की इच्छा रखता है और शिक्षा के माध्यम से अपनी पहचान बनाना चाहता है।


DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE:27/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 JACKAL SATURDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
A 75294

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
53367 58064 62415 64957 70449

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
0620 8495

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
2796 3712 4912 8843 8917

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
2876 4975 8380 8921 9295

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
0388 2233 3076 7665 8707

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0003 | 0011 | 0025 | 0037 | 0044 | 0047 | 0067 | 0068 | 0090 | 0109 |
| 0114 | 0142 | 0183 | 0198 | 0226 | 0228 | 0234 | 0241 | 0267 | 0268 |
| 0285 | 0312 | 0325 | 0344 | 0374 | 0377 | 0384 | 0403 | 0409 | 0410 |
| 0432 | 0433 | 0452 | 0464 | 0486 | 0492 | 0498 | 0502 | 0510 | 0561 |
| 0589 | 0658 | 0672 | 0683 | 0707 | 0710 | 0711 | 0728 | 0753 | 0768 |
| 0792 | 0801 | 0809 | 0820 | 0823 | 0827 | 0832 | 0852 | 0855 | 0872 |
| 0892 | 0930 | 0936 | 0974 | 0996 | 1005 | 1008 | 1019 | 1035 | 1050 |
| 1051 | 1065 | 1070 | 1090 | 1098 | 1099 | 1115 | 1140 | 1159 | 1160 |
| 1170 | 1231 | 1232 | 1260 | 1311 | 1315 | 1355 | 1357 | 1369 | 1399 |
| 1406 | 1429 | 1430 | 1431 | 1452 | 1453 | 1454 | 1461 | 1469 | 1486 |
| 1487 | 1492 | 1497 | 1525 | 1539 | 1546 | 1558 | 1564 | 1604 | 1614 |
| 1626 | 1668 | 1694 | 1696 | 1697 | 1724 | 1733 | 1737 | 1757 | 1774 |
| 1780 | 1808 | 1817 | 1879 | 1880 | 1904 | 1913 | 1935 | 1938 | 1947 |
| 1958 | 1959 | 1971 | 1973 | 1974 | 1983 | 1994 | 2008 | 2033 | 2037 |
| 2039 | 2060 | 2073 | 2075 | 2078 | 2105 | 2115 | 2123 | 2129 | 2149 |
| 2157 | 2160 | 2181 | 2201 | 2211 | 2228 | 2235 | 2251 | 2260 | 2272 |
| 2278 | 2286 | 2287 | 2305 | 2333 | 2350 | 2351 | 2370 | 2388 | 2402 |
| 2414 | 2417 | 2449 | 2466 | 2481 | 2485 | 2508 | 2533 | 2537 | 2541 |
| 2589 | 2601 | 2617 | 2632 | 2674 | 2684 | 2687 | 2776 | 2787 | 2792 |
| 2807 | 2810 | 2811 | 2821 | 2825 | 2873 | 2895 | 2911 | 2929 | 2937 |
| 2938 | 2983 | 3014 | 3017 | 3037 | 3038 | 3048 | 3050 | 3066 | 3109 |
| 3124 | 3140 | 3146 | 3148 | 3149 | 3184 | 3189 | 3194 | 3197 | 3200 |
| 3210 | 3218 | 3221 | 3225 | 3243 | 3294 | 3296 | 3318 | 3326 | 3337 |
| 3354 | 3355 | 3361 | 3394 | 3405 | 3408 | 3420 | 3443 | 3447 | 3530 |
| 3536 | 3547 | 3557 | 3561 | 3564 | 3565 | 3590 | 3613 | 3616 | 3618 |
| 3624 | 3628 | 3635 | 3650 | 3657 | 3661 | 3664 | 3669 | 3672 | 3689 |
| 3727 | 3735 | 3744 | 3777 | 3783 | 3830 | 3833 | 3858 | 3862 | 3875 |
| 3876 | 3886 | 3892 | 3906 | 3926 | 3945 | 3965 | 3984 | 4003 | 4026 |
| 4038 | 4046 | 4058 | 4077 | 4142 | 4171 | 4188 | 4199 | 4212 | 4215 |
| 4218 | 4220 | 4229 | 4237 | 4238 | 4242 | 4247 | 4248 | 4252 | 4300 |
| 4301 | 4306 | 4309 | 4324 | 4349 | 4373 | 4396 | 4407 | 4439 | 4441 |
| 4452 | 4458 | 4460 | 4509 | 4510 | 4514 | 4530 | 4531 | 4535 | 4542 |
| 4551 | 4560 | 4580 | 4583 | 4584 | 4597 | 4673 | 4674 | 4720 | 4755 |
| 4758 | 4762 | 4766 | 4769 | 4774 | 4776 | 4782 | 4800 | 4817 | 4820 |
| 4834 | 4838 | 4845 | 4861 | 4869 | 4883 | 4905 | 4911 | 4930 | 4976 |
| 4992 | 4997 | 5006 | 5009 | 5041 | 5058 | 5060 | 5071 | 5087 | 5088 |
| 5095 | 5109 | 5110 | 5135 | 5153 | 5154 | 5160 | 5175 | 5178 | 5237 |
| 5251 | 5253 | 5257 | 5272 | 5275 | 5294 | 5304 | 5310 | 5312 | 5317 |
| 5341 | 5351 | 5371 | 5392 | 5401 | 5404 | 5408 | 5446 | 5448 | 5459 |
| 5476 | 5485 | 5505 | 5515 | 5536 | 5537 | 5541 | 5545 | 5546 | 5552 |
| 5575 | 5577 | 5614 | 5618 | 5667 | 5704 | 5721 | 5724 | 5767 | 5780 |
| 5785 | 5792 | 5794 | 5799 | 5800 | 5816 | 5829 | 5844 | 5848 | 5859 |
| 5873 | 5881 | 5896 | 5900 | 5944 | 5966 | 5969 | 6006 | 6022 | 6062 |
| 6081 | 6082 | 6094 | 6119 | 6129 | 6130 | 6136 | 6171 | 6175 | 6177 |
| 6184 | 6232 | 6237 | 6246 | 6247 | 6256 | 6272 | 6275 | 6295 | 6306 |
| 6318 | 6322 | 6323 | 6325 | 6336 | 6342 | 6345 | 6351 | 6352 | 6366 |
| 6377 | 6395 | 6413 | 6425 | 6431 | 6450 | 6454 | 6504 | 6515 | 6539 |
| 6541 | 6551 | 6561 | 6571 | 6596 | 6625 | 6646 | 6653 | 6664 | 6670 |
| 6686 | 6694 | 6701 | 6702 | 6706 | 6723 | 6732 | 6734 | 6737 | 6750 |
| 6806 | 6857 | 6912 | 6919 | 6931 | 6932 | 6947 | 6953 | 6957 | 6969 |
| 6975 | 6979 | 6993 | 7003 | 7006 | 7009 | 7021 | 7023 | 7062 | 7065 |
| 7071 | 7091 | 7097 | 7109 | 7131 | 7148 | 7166 | 7189 | 7205 | 7219 |
| 7267 | 7289 | 7314 | 7319 | 7321 | 7357 | 7361 | 7383 | 7385 | 7405 |
| 7428 | 7435 | 7504 | 7546 | 7556 | 7572 | 7607 | 7632 | 7643 | 7687 |
| 7688 | 7691 | 7722 | 7743 | 7759 | 7767 | 7781 | 7802 | 7849 | 7857 |
| 7872 | 7875 | 7878 | 7907 | 7916 | 7925 | 7935 | 7954 | 7966 | 7980 |
| 7982 | 7989 | 8014 | 8019 | 8022 | 8031 | 8037 | 8042 | 8043 | 8051 |
| 8058 | 8062 | 8094 | 8181 | 8182 | 8187 | 8217 | 8233 | 8295 | 8296 |
| 8297 | 8298 | 8321 | 8323 | 8334 | 8339 | 8342 | 8353 | 8361 | 8371 |
| 8400 | 8403 | 8442 | 8452 | 8460 | 8462 | 8468 | 8485 | 8498 | 8507 |
| 8523 | 8542 | 8547 | 8557 | 8561 | 8576 | 8583 | 8606 | 8614 | 8625 |
| 8635 | 8648 | 8654 | 8661 | 8680 | 8694 | 8696 | 8787 | 8838 | 8857 |
| 8883 | 8908 | 8935 | 8937 | 8943 | 8953 | 8955 | 8956 | 8968 | 8986 |
| 8990 | 8992 | 9007 | 9031 | 9037 | 9045 | 9060 | 9062 | 9080 | 9087 |
| 9118 | 9123 | 9170 | 9171 | 9178 | 9184 | 9219 | 9225 | 9248 | 9251 |
| 9255 | 9273 | 9288 | 9292 | 9303 | 9312 | 9339 | 9355 | 9382 | 9388 |
| 9391 | 9424 | 9434 | 9440 | 9450 | 9475 | 9488 | 9489 | 9504 | 9511 |
| 9515 | 9516 | 9526 | 9571 | 9619 | 9623 | 9631 | 9652 | 9710 | 9713 |
| 9719 | 9739 | 9768 | 9788 | 9791 | 9800 | 9857 | 9876 | 9892 | 9927 |
| 9930 | 9932 | 9933 | 9938 | 9946 | 9951 | 9959 | 9967 | 9972 | 9996 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# केंद्र की नई वीबी-जी राम जी योजना मनरेगा मजदूरों और संघीय ढांचे पर सीधा हमला : सोंद

कहा-पंजाब सरकार ने वीबी-जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने के लिए विशेष सत्र बुलाया, अन्य राज्यों को भी ऐसा करना चाहिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने केंद्र सरकार की 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी)' की कड़ी आलोचना करते हुए इसे एक और 'काला कानून' करार दिया है, जो सीधे तौर पर लाखों मनरेगा मजदूरों की रोजी-रोटी पर हमला करता है और वित्तीय बोझ राज्यों पर डालता है।

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सोंद ने कहा कि यह नई योजना गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों, अनुसूचित जाति समुदायों और ग्रामीण मजदूरों को बुरी तरह प्रभावित करेगी जो गुजारे के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र 'एक तीर से दो निशाने' साधने की कोशिश कर रहा है - पहला गारंटीशुदा रोजगार को कमजोर करके और दूसरा राज्यों पर वित्तीय बोझ डालकर भारत के संघीय ढांचे पर हमला कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि जहां केंद्र का दावा है कि नई योजना मनरेगा के 100 दिनों के मुकाबले 125 दिनों का काम देगी, वहीं सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भाजपा की अगुवाई वाली सरकार पिछले साल औसतन सिर्फ 45 दिनों का काम मुहैया कराने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि बिना डिलीवरी के वादे करना भाजपा की आदत बन गई है।

सोंद ने बताया कि पहले अकुशल मजदूरी के लिए मजदूरी पूरी तरह केंद्र द्वारा फंड की जाती थी और सामग्री की लागत 75:25 के अनुपात में साझा की जाती थी। नई योजना के तहत इसे बदलकर 60:40 कर दिया गया है, जिससे अकेले पंजाब पर सालाना लगभग 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

उन्होंने आगे चेतावनी दी कि नई योजना में खेती के पीक सीजन के दौरान काम की कोई गारंटी नहीं है, बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान हटा दिए गए हैं, गांव स्तर के कामों के बारे में फैसले लेने का केंद्रीकरण कर दिया गया है, मंजूरशुदा कामों को सीमित कर दिया गया है और सोशल ऑडिट की जगह एआई-आधारित बायोमीट्रिक और जियो-टैगिंग प्रणालियां लगाई गई हैं, जो बाहर रह जाने को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। सोंद ने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब में 70 प्रतिशत मनरेगा मजदूर महिलाएं हैं और योजना को 10 महीनों तक सीमित करना उन्हें सीधा नुकसान पहुंचाएगा।

उन्होंने घोषणा की कि 'आप' सरकार ने इस कदम के विरोध में प्रस्ताव पारित करने के लिए 30 तारीख को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है और सभी राज्यों से अपील की है कि वे मजदूरों के अधिकारों के इस खतरनाक रोलबैक के खिलाफ एकजुट हों।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' : 301वें दिन 5.5 किलोग्राम हेरोइन सहित 148 नशा तस्करों को किया काबू


'डी-एडिक्शन' हिस्से के तहत पंजाब पुलिस ने 32 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के इलाज के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 301वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 391 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान प्रदेश भर में 103 एफआईआर दर्ज कर 148 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 301 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 42,029 हो गई है। इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 5.5 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलोग्राम भुक्की, 3,414 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 1.57 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। इस अभियान के दौरान 77 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 391 छापेमारियां कीं। दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 372 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। प्रदेश सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति-इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) लागू की गई है। इसी के तहत पंजाब पुलिस ने आज 'डी-एडिक्शन' हिस्से में 32 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# आप सांसद कंग ने खरड़ में नया पुलिस स्टेशन स्थापित करने की अपील की

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र सिंह



**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 27 दिसंबर।** श्री आनंदपुर साहिब से आम आदमी पार्टी के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने क्षेत्र में तेजी से बढ़ती आबादी के कारण जन सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की गंभीर चिंताओं का हवाला देते हुए सेक्टर-125, खरड़ में एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित करने के लिए पंजाब पुलिस से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है।

पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस गौरव यादव, आईपीएस को लिखे एक डीओ पत्र में कंग ने बताया कि सेक्टर-125 और इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ सालों में आबादी में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके कारण बड़ी संख्या में प्रवासी निवासी वहां बस रहे हैं। सेक्टर-125 और इसके आसपास की आबादी अब लगभग 60,000 होने का अनुमान है, जिससे मौजूदा पुलिसिंग ढांचे पर काफी दबाव पड़ रहा है।

कंग ने बताया कि यह क्षेत्र वर्तमान में खरड़ पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, जो लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित है। इस दूरी और तेजी से बढ़ती आबादी के कारण इमरजेंसी, हादसों और कानून-व्यवस्था की स्थितियों के दौरान समय पर पुलिस की प्रतिक्रिया में अक्सर देरी हो जाती है, जिससे निवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और प्रभावी पुलिसिंग में बाधा आती है।

कंग ने कहा कि सेक्टर-125 में एक समर्पित पुलिस स्टेशन की स्थापना से पुलिसिंग काफी मजबूत होगी, प्रतिक्रिया समय घटेगा और निवासियों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि तेजी से शहरीकरण वाले क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम जरूरी हैं। कंग ने विश्वास जताया कि पंजाब पुलिस इस अनुरोध पर विचार करेगी और जन सुरक्षा के हित में जरूरी निर्देश देगी। उन्होंने दोहराया कि समय पर पुलिस सहायता और नागरिकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना आम आदमी पार्टी की प्रमुख प्राथमिकता है।

## राव नरबीर सिंह ने अंडरग्राउंड वाटर टैंक और इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का किया शिलान्यास, कहा-

# सेंट्रल और स्टारवुड पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शुरू

गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मत्था टेककर मानवता और सेवा का दिया संदेश

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में टेका मत्था और प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**गुरुग्राम, 27 दिसंबर।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा मालिबू टाउन क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

शिलान्यास किए गए कार्यों में मालिबू टाउन में अंडरग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण, स्टारवुड एवं जी एस ब्लॉक, मालिबू टाउन वार्ड-11 में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य, तथा सेंट्रल पार्क (ड्ड्ड-82) और स्टारवुड पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित सभी विकास कार्यों को चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों द्वारा बताए गए सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने मालिबू टाउन को गुरुग्राम का सबसे हरियाली वाला सेक्टर बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित गुरुग्राम का निर्माण संभव है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

राव नरबीर सिंह ने यह भी कहा कि जागरूकता से ही सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की अपील करते हुए बताया कि गुरुग्राम में पॉलिथीन मुक्त पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य नागरिकों को पॉलिथीन के दुष्परिणामों से जागरूक करना और जन सहयोग से हरियाणा को पॉलिथीन मुक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि राज्य में 90 प्रतिशत सीवर लाइनों के चोक होने का प्रमुख कारण पॉलिथीन है, जो प्रदूषण के साथ-साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा करता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब आमजन इसे जन आंदोलन के रूप में अपनाएंगे।

इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, वार्ड नंबर-11 के पार्षद कुलदीप यादव, फेडरेशन आरडब्ल्यूए के चेयरमैन विजयनाथ, सेक्टर-47 के प्रेसिडेंट वीरेंद्र त्यागी, स्टारवुड मालिबू टाउन के प्रेसिडेंट डी.वी. मिश्रा, एसटीआरडब्ल्यू की वाइस प्रेसिडेंट मनीता जैन तथा सीनियर रेजिडेंट मधु उपस्थित रहीं।

### गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में टेका मत्था



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने सेक्टर–22 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर मत्था टेका और प्रदेश व देश की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन साहस, त्याग और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित रहा है, तथा उनके आदर्श आज भी समाज को सेवा और परोपकार की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में चाहे कितनी भी बड़ी प्राकृतिक आपदा क्यों न आई हो, सिख धर्म सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हुए मानवता की सेवा में पूरी निष्ठा से तत्पर रहता है। गुरुद्वारों के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जहां कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं लौटता। उन्होंने बताया कि लंगर की महान परंपरा की शुरुआत भी यहीं से हुई, जो समानता और सेवा का जीवंत उदाहरण है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अपने पूरे जीवन में उन्होंने कभी किसी सिख भाई को सड़क पर भीख मांगते या किसी के सामने हाथ फैलाते नहीं देखा, क्योंकि सिख समाज आत्मसम्मान, परिश्रम और सेवा के मूल्यों पर चलता है और दूसरों को सहारा देने में सदैव अग्रणी रहता है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सेक्टर–22 के प्रेसिडेंट हरविंदर सिंह नंदा, वाइस प्रेसिडेंट तरनदीप सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी गुरमीत सिंह तथा सेक्रेटरी एन.एस. काबा उपस्थित रहे।

### थाना मुलाना में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**अंबाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओपी सिहँ भा0पु0से0 के निर्देशानुसार, माननीय पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल पंकज नैन भा0पु0से0 के नेतृत्व एवम पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत भा0पु0से0 के कुशल मार्गदर्शन में आपरेशन हॉट स्पाट डोमिनेशन के तहत अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में 26 दिसम्बर 2025 को आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सुनील दत्त निवासी प्रथम तल भगत सिहँ नगर पंजाबी बस्ती मनकपुरा यूटीसी करोल बाग सैन्ट्रल दिल्ली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार उर्फ राणा ने बतलाया था कि सुनील दत्त भी इस मामलें में संलिप्त है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वीर साहिबजादो की कुर्बानी को नम आंखों से याद किया



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** गुरु गोविंद सिंह ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया चारों साहिबजादो ने अपने देश अपने समाज के लिए अपना बलिदान दे दिया आज उनकी शहादत को याद करते हुए गांव बरास के लोगों ने नम आंखों से गुरुओं और साहिबजादो को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन गांव बरास चौक कैथल रोड पर हुआ और गांव बरास के आसपास डेरे से भी सैकड़ो संगत पहुंची। सभी ने मिलकर गुरुओं को याद किया और विशाल भंडारे का आयोजन किया और सभी लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटा। इस शहीदी पर्व में गांव बरास से सरदार गुरुचरण सिंह, सरपंच विनोद, मनदीप सिंह, बलजीत सिंह संधू, सरपंच बलराज, अमरजीत कम्बोज, दीपक कम्बोज, कपूर सिंह पूर्व सरपंच, गुरपेज संधू, गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह, जानपाल सिंह, लखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, आदि समस्त संगत ने मिलकर भंडारे का प्रसाद बांटा।

### मुलाना में साहिबजादों की शहादत किया नमन



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** मुलाना माता बाला सुंदरी मंदिर के प्रवेश द्वार पर पंजाबी परिवार की महिलाओं की ओर से श्री गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों और माता गुजर कौर जी की शहादत को समर्पित चाय व बिस्कुट के लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं व राहगीरों को चाय व बिस्कुट वितरित की गई। मौके पर मौजूद मोनिका कालड़ा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की शहादत इतिहास का गौरवशाली अध्याय है, जिसे हम सभी को सदैव याद रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों तक इसका संदेश पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंगर सेवा समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भाव को मजबूत करते हैं। लंगर आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सेवा में सहयोग कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### साहिबजादों के बलिदान को किया नमन



**टोहाना (संजीव सिंगला)।** जिला उपायुक्त फतेहाबाद और विभागीय निर्देशानुसार वीर बाल गेट टोहाना में जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिवकुमार मालवाल द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे में बताते हुए अधिकारी ने बताया कि 26 दिसंबर को गुरु गोविंद जी के पुत्रों ने अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए चारों साहिबजादों ने इस्लाम धर्म को कबूल करने से मना कर दिया और अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर दिया इस दौरान उन्होंने बताया कि दो नन्हें वीर बालक जोरावर सिंह और फतेह सिंह जिनकी उम्र क्रमशः 9 साल और 7साल थी। जिनको मुगल शासक ने इस्लाम ना कबूल करने के कारण जिन्दा दीवार में चिनवा दिया था, लेकिन वीर बालकों ने खुशी खुशी अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। ऐसे वीर बालकों को उनके द्वारा नमन किया गया। इस दौरान वीर जोरावर सिंह, वीर फतेह सिंह सेवा सोसाइटी के प्रबंधक और पतंजलि स्कूल, हेलो किड्ज एस वी एम स्कूल, महात्मा बुद्व इंटरनेशनल स्कूल, और दुर्गा महिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक और बच्चे, बलदेव सैनी, रेखा सैनी नगर परिषद वाइस चेयरमैन, पतंजलि स्कूल की कॉर्डिनेटर रितु ग्रोवर आदि भी उपस्थित रहे।

## बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी: भीम सेन अग्रवाल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 दिसंबर।** गांव मानस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमडीडी ऑफ इंडिया का सहयोग रहा। शिविर की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल ने की। अपने संबोधन में भीम सेन अग्रवाल ने कहा कि बच्चों का संरक्षण, शिक्षा और सुरक्षा केवल परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों, उनके संरक्षण, सुरक्षा तथा समग्र विकास से जुड़े विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों के सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना समय की आवश्यकता है। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता, विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक अशोक कुमार ने बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक अपराध बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच कर्मबीर की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिवक्ता हर्ष बागड़ी ने बच्चों के अधिकारों एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी सांझा किया।

### अंबाला कैनल क्लब द्वारा डॉग शो का भव्य आयोजन आज

**अंबाला छावनी (अप्रस)।** अंबाला कैनल क्लब द्वारा 28 दिसंबर रविवार को जीएमएन कॉलेज के ग्राउंड में एक भव्य डॉग शो का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कैनल क्लब ऑफ़ इंडिया की इकाई के रूप में किया जा रहा है, जिसमें देशभर से लगभग 350 डॉग्स भाग लेंगे। इस डॉग शो में 40 से अधिक प्रजातियों के डॉग्स अपनी अदाओं का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन के मुख्य अतिथि योगा फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज होंगे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर रोहित दत्त, प्रिंसिपल जीएमएन कॉलेज होंगे। चैंपियनशिप के जज रंजीत सिंह मुंजाल एवं श्रीमती यशोधरा होंगे। अंबाला कैनल क्लब के प्रधान डॉक्टर नीरज पाराशर ने बताया कि यह आयोजन च्ष्ट्ठ के रूल्स और रेगुलेशन के हिसाब से किया जा रहा है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं का सामूहिक नरसंहार निंदनीय: खुर्शीद आलम

### भारत सरकार हस्तक्षेप करे, अंतर्राष्ट्रीय विरादरी प्रतिबंध लगाए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 27 दिसंबर।** बांग्लादेश में



इस महीने मार दिए गए ये 4 हिंदू, किसी का काटा गला तो किसी की पीट-पीटकर हुई हत्या; बीच चौराहे पर लटकाई लाश पर खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कोर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार ने हरियाणा के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है ऐ, मेरे हरियाणा के मुसलिम समाज के भाईयो, बांग्लादेश में अल्प संख्यक हिन्दू के साथ वहां के बहु सख्यक समाज के लोगों ने हत्या की है आओ हम सब मिलकर हिन्दू भाईयो की हत्या पर बांग्लादेश सरकार की निन्दा करें और बांग्लादेश के खिलाफ अपने देश की सरकार से अपनी और से मांग पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करें और अल्पसंख्यक हिन्दूओं की सुरक्षा के लिए हमारी सरकार बांग्लादेश सरकार को निर्देशित करे। खुर्शीद आलम ने हरियाणा के मुसलमानों को बांग्लादेश में हो रही हत्याओं की जानकारी इस प्रकार से दी। बांग्लादेश में हो रही दिसंबर महीने में, चार हिंदू नागरिकों की बेरहमी से हुई हत्या ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठा दिए। इनमें से किसी का गला रेत दिया गया, किसी को पीट-पीटकर मार डाला गया, तो कहीं सरेआम सड़क पर लाश को लटकाकर खौफ का संदेश दिया गया। मृतकों में अमृत मंडल, दीपू दास, जोगेश चंद्र रॉय और सुबर्णा रॉय का नाम शामिल हैं। अलग-अलग जगहों में हुई इन वारदातों का तरीका अलग था, लेकिन एक बात कॉमन थी- मृतकों की धार्मिक पहचान। जोगेश और उनकी पत्नी की गला रेतकर हत्या जानकारी के अनुसार, जोगेश चंद्र रॉय को 7 दिसंबर को बेरहमी से मार डाला गया। उनका गला काटे जाने की खबर ने पूरे इलाके में डर फैला दिया। जोगेश के साथ उनकी पत्नी सुबर्णा रॉय की भी हत्या कर दी गई। दोनों के शव बांग्लादेश के रंगपुर में घर के अंदर से बरामद हुए। दोनों का गला कटा हुआ था। जोगेश चंद्र रॉय, मुक्तिजोधा थे। जोगेश चंद्र रॉय की उम्र 75 साल और सुबर्णा रॉय 60 साल की थीं। दीपू दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला वहीं, दीपू दास की हत्या सबसे खौफनाक थी। बांग्लादेश के मेहमनसिंह में 18 दिसंबर को दीपू पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए उन्हें उन्मादी भीड़, फैक्ट्री से पकड़ ले गई और बाद में पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उनके शव को सड़क पर सरेआम गले में फंदा डालकर लटका दिया गया।

## विपक्ष के विधायक होने के बावजूद आदित्य सुरजेवाला विकास कार्यों में दिखा रहे सक्रियता

आदित्य सुरजेवाला कैथल शहर के वार्डों और गांवों में ओपन जिम, गलियों, चौपालों, लाइब्रेरी और अन्य विकास कार्यों में पेश कर रहे अपनी भागीदारी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 27 दिसंबर।** हरियाणा में भाजपा सरकार होने के बावजूद कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला विपक्ष की भूमिका में रहते हुए भी क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। कैथल शहर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन जिम, नवनिर्मित गलियां, चौपालों का निर्माण और नवीनीकरण, लाइब्रेरी की स्थापना तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। हाल ही में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल शहर के वार्ड 13, कौलेखां बस्ती और वार्ड 21 की अग्रवाल कॉलोनी में नवनिर्मित गलियों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल हलके के गांवों व वार्डों में भी विकास कार्यों की शुरुआत की हुई है। जो बहुत जल्द पूरे होने वाले हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विपक्ष में होने के बावजूद आदित्य सुरजेवाला जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए फंड और संसाधनों का इंतजाम कर विकास कार्य करवा रहे हैं। इन कार्यों से न केवल शहर की सूरत बदल रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। कैथल हल्के में आदित्य सुरजेवाला द्वारा दिए जा रहे ओपन जिम की स्थापना से युवा वर्ग में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जबकि चौपालों और लाइब्रेरी से सामुदायिक गतिविधियां और शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे हर हाल में क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मनरेगा में कटौती देश के गरीबों, मजदूरों और संघीय ढांचे पर सीधा हमला: अनिका शुक्ला

**अंबाला छावनी (अप्रस)।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा अपने प्रेस जारी व्यान में केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम और और उसके स्वरूप को बदलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नही, बल्कि यह गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है अनिका शुक्ला ने साफ कहा कि भाजपा सरकार दूारा मनरेगा के नाम पर जो बिल लाया गया है उसने इस योजना की हत्या कर दी है। देश के 12 करोड़ लोग जो इससे जुड़े हुए हैं वह सभी इससे प्रभावित हुये हैं।सुधार बिल के नाम पर जो बदलाव किया गया है इसका सीधा असर राज्यों की सरकारों पर भी पड़ेगा और इसमे गरीबों को न्याय मिलने में भी दिक्कत आयेगी।

## गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए किया अपना सर्वस्व न्योछावर: रामचंद्र गुर्जर

कहा- गुरु का जीवन सत्य, न्याय और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का प्रतीक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 दिसंबर।** कांग्रेस



कमेटी जिलाध्यक्ष कैथल रामचंद्र गुर्जर ढांड ने सिख धर्म के 10वें गुरु, महान योद्धा, कवि और धर्मरक्षक गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व पर नमन करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके चारों साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास के सबसे महान त्यागों में गिना जाता है। गुरु जी का जीवन सत्य, न्याय और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिडयिन् ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। उन्होंने अत्याचार, अन्याय और धार्मिक उत्पीडन् के विरुद्ध संघर्ष करते हुए मानवता, समानता और साहस का मार्ग दिखाया। वर्ष 1699 में उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को निडर, अनुशासित और धर्मपरायण बनने की प्रेरणा दी। हमें गुरु गोबिंद सिंह जी के बताए मार्ग पर चलने तथा मानवता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है डर से मुक्त होकर सत्य के पक्ष में खड़े होना और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना।

## पुलिस ने 24 बोतल देशी शराब सहित दो आरोपी किए गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 27 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध नियंत्रण ड्यूटी के दौरान टाउन पार्क टोहाना के पास मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक का वजनदार कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू किया।

तलाशी के दौरान कट्टे से 24 बोतल देशी शराब (मार्का माल्टा) बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम



राजेश उर्फ काका पुत्र किशोरी लाल, निवासी किला मोहल्ला, टोहाना बताया। साथ ही, सह-आरोपी औसवाल कुमार पुत्र विनोद यादव, निवासी डोमचम्मा, थाना वाराचटी, जिला गया, हाल निवासी गाँव कन्हेडी भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सके।

इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 422/2025, धारा 61-4-2020 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

## साहिबजादों की शहादत विश्व इतिहास की महान प्रेरणा: सुभाष बराला

### वीर बाल दिवस पर श्रीराम ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने दी साहिबजादों को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 27 दिसंबर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर डांगरा रोड स्थित श्रीराम ग्लोबल स्कूल द्वारा सिख इतिहास के महान बलिदानों को स्मरण करते हुए हिसार बाईपास स्थित श्री गुरु नानक धर्मशाल साहिब गुरुद्वारे में सुखमणी साहिब जी का पाठ एवं शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरबंस दानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी, पिता श्री गुरु तेग बहादुर जी, माता मानयोग गुजरी जी, साहिबजादे बावा श्री अजीत सिंह, बाबा श्री जुझार सिंह, छोटे साहिबजादे बाबा श्री फतेह सिंह जी और बाबा श्री जोरावर सिंह जी की शहादत को नमन करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम उपरांत देग प्रसाद का वितरण भी किया गया।



कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, एसडीएम आकाश शर्मा, डीएसपी उमेद सिंह, अनिल भाटिया, हरविंद्र सिंह लाली, रिंकू मान, लक्ष्मण, रमन मडिया, दीपक बंसल, जगजीत नडैल, ओमकार, जसकरण सिंह सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने गुरुद्वारे में माथा टेककर अपनी श्रद्धा प्रकट की।

गुरु की प्यारी साध-संगत को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि साहिबजादों की शहादत विश्व इतिहास की सबसे महान और अनुपम शहादतों में से एक है, जिसे युगों-युगों तक स्मरण किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस महान भूमि के वासी हैं, जहां गुरुओं ने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता, सेवा और सत्य का जो संदेश उन्होंने दिया, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। श्रीराम ग्लोबल स्कूल द्वारा आयोजित यह आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज को संस्कारों से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। हमें गुरुओं की परंपरा और भारतीय संस्कृति को हृदय से अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शब्द-कीर्तन ÷रातां लम्मियां ते रास्ते पहाड़ दी, तुरे जादे गुरां दे लाल जी÷ प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्राचार्या प्रीति जैन ने साहिबजादों की अद्वितीय शहादत के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार कठोर ठंड और अत्याचारों के बीच भी अडिग साहस दिखाया। विद्यालय प्रबंधक मनदीप बराला ने विद्यार्थियों से गुरुओं द्वारा दिखाए गए सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरुओं के बताए आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर गुरुद्वारे में विद्यार्थियों की सफलता एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए विशेष अरदास भी की गई।श्रीराम ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राहगीरों के लिए चाय व बिस्कुट का लंगर भी वितरित किया गया।

# हरियाणा में नगर निकाय कानूनों का एकीकरण, लेकिन विधायी प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

**एक ही सत्र में निरस्त होने वाले कानून में संशोधन पारित, सदन में आपत्ति तक नहीं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा के हाल ही में संपन्न तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र (22 दिसंबर तक) में प्रदेश के शहरी शासन ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 को पारित कर दिया गया। इस विधेयक के लागू होने के बाद प्रदेश में प्रचलित दोनों प्रमुख म्युनिसिपल कानून–हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 और हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994–निरस्त हो जाएंगे और उनकी जगह एक एकीकृत नगर निकाय कानून लागू होगा, जो नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिका समितियों–तीनों पर समान रूप से लागू होगा। हालांकि, इस अहम विधायी कदम के साथ-साथ सदन द्वारा दो अन्य संशोधन विधेयकों को भी पारित किया जाना अब विवाद और हैरानी का विषय बन गया है।

**निरस्त होने वाले कानून में संशोधन क्यों?**

सबसे रोचक और चौंकाने वाली बात यह रही कि हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 के साथ ही सदन ने हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025 भी पारित कर दिया। इस संशोधन के तहत मूल हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 2(8)(ए) में बदलाव करते हुए ÷खतरनाक बीमारियों÷ की परिभाषा से कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) को हटा दिया गया।

जबकि नया हरियाणा नगर निकाय कानून, 2025 स्वयं ही 1994 के नगर निगम कानून को पूरी तरह समाप्त कर देता है, ऐसे में उसी कानून में संशोधन पारित किया जाना कई सवाल खड़े करता है।

**'यह अत्यंत आश्चर्यजनक है': एडवोकेट हेमंत कुमार**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता और कानूनी मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने इस पूरे घटनाक्रम पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, 'जब नया हरियाणा नगर निकाय कानून, 2025 पुराने नगर निगम कानून, 1994 को पूरी तरह समाप्त कर रहा है, तो फिर उस कानून की किसी धारा में संशोधन करने की आवश्यकता ही क्या थी? विशेषकर तब, जब यह संशोधन पिछली तारीख से लागू भी नहीं किया जाना था।'

उन्होंने यह भी बताया कि नए नगर निकाय विधेयक की धारा 2(पी)(ए) में खतरनाक बीमारियों की परिभाषा में पहले से ही कुष्ठ रोग को शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में अलग से संशोधन विधेयक पारित करना अनावश्यक और भ्रमपूर्ण प्रतीत होता है।

**विभागीय लापरवाही या विधायी चूक?**

एडवोकेट हेमंत के अनुसार, यह स्थिति या तो शहरी स्थानीय निकाय विभाग और विधि एवं विधायी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की गलती, या फिर गंभीर लापरवाही का परिणाम हो सकती है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 (बिल संख्या 26) और हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025 (बिल संख्या 32)–दोनों को ही 16 दिसंबर 2025 को सरकारी गजट में अधिसूचित किया गया, तो क्या विधानसभा सचिवालय के आला अधिकारियों के संज्ञान में भी यह विसंगति नहीं आई?

**पहले से जारी अध्यादेश का संदर्भ**

हेमंत कुमार ने यह भी याद दिलाया कि 30 अक्टूबर 2025 को हरियाणा सरकार ने राज्यपाल के माध्यम से हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश, 2025 प्रख्यापित किया था। इस अध्यादेश के तहत प्रदेश के 42 विभिन्न कानूनों में संशोधन किए गए थे, जिनमें हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 और हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 भी शामिल थे।

संविधान के अनुसार, किसी भी अध्यादेश को विधानसभा के अगले सत्र में विधेयक के रूप में पेश कर पारित कराना आवश्यक होता है। लेकिन चूंकि सरकार शीतकालीन सत्र में ही दोनों पुराने म्युनिसिपल कानूनों को समाप्त कर नया एकीकृत कानून ला रही थी, ऐसे में जन विश्वास संशोधन विधेयक, 2025 में इन संशोधनों को शामिल करने की आवश्यकता भी नहीं थी।

**आपत्ति न उठना भी सवालों के घेरे में**

सबसे हैरानी की बात यह रही कि इतने महत्वपूर्ण और तकनीकी विधायी विरोधाभास के बावजूद विधानसभा में किसी भी विधायक ने इस पर आपत्ति नहीं जताई। यह स्थिति न केवल विधायी सतर्कता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि कानून निर्माण की प्रक्रिया में गंभीर समीक्षा की आवश्यकता को भी उजागर करती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्यपाल की स्वीकृति के बाद जब हरियाणा नगर निकाय अधिनियम, 2025 लागू होगा, तो इन विधायी विसंगतियों को कैसे सुलझाया जाता है, या फिर यह मामला भविष्य में कानूनी चुनौती का रूप लेता है।

## अटल के विचारों में राष्ट्रवाद, लोकतंत्र और मानवीय संवेदनाओं का संतुलित समन्वय: लीला राम



**जिला भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति सम्मेलन विधानसभा स्तर पर आयोजन**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 दिसंबर।** भाजपा जिला कार्यालय में अटल स्मृति सम्मेलन का विधानसभा स्तर पर आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व विधायक लीलाराम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अटल जी के राष्ट्रवादी विचारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन की विरासत को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मंच संचालन पूर्व शहरी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बत्रा ने किया। सम्मेलन को तीन वैचारिक सत्रों में विभाजित किया गया जिनमें प्रथम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर, द्वितीय सत्र में पूर्व विधायक लीलाराम तथा तृतीय सत्र में जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने अपने-अपने विचार रखे। तीनों सत्रों में अटल व्यक्तित्व, राष्ट्रनिर्माण का अटल मॉडल और अटल जी के विचारों से प्रेरित विकसित भारत के संकल्प पर विस्तृत चर्चा हुई। अशोक गुज्जर, लीलाराम ने कहा कि अटल जी स्वतंत्रता के बाद के भारत में ऐसे नेता रहे जिन्होंने कवि, पत्रकार, लेखक, संघ-प्रचारक और प्रखर वक्ता के रूप में लोकतांत्रिक मंच को समृद्ध किया। उनके विचारों में राष्ट्रवाद, लोकतंत्र और मानवीय संवेदनाओं का संतुलित समन्वय दिखाई देता है। अमरपाल राणा ने कहा कि अटल जी ने विचारधारात्मक मतभेदों के बावजूद संवाद, गरिमा और संसदीय मर्यादाओं को सर्वोपरि रखा। उनकी राजनीति में विरोध भी शालीनता से होता था और सहमति भी राष्ट्रहित के आधार पर बनती थी। पूर्व विधायक लीलाराम ने कहा कि गठबंधन राजनीति के दौर में भी अटल जी ने स्थिरता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित सुशासन का सफल उदाहरण प्रस्तुत किया। संवैधानिक संस्थाओं, विपक्ष और मीडिया के प्रति सम्मान रखते हुए लोकतंत्र को सशक्त करने की परंपरा अटल जी की देन है। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन को वैचारिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## संत, महापुरुषों और वीर शहीदों का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत: कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि बाबा भूमणशाह महाराज हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका जीवन सदैव जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित रहा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी आज सिरसा में मुख्य धाम बाबा भूमणशाह जी, संगर साधा में 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर शिरकत कर मत्था टेका और देश-प्रदेश के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास महाराज से आशीर्वाद लिया।

श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि समाज और देश में फैली कुरीतियों का दृढ़ता से विरोध करना और देश सेवा में अपना योगदान देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से शहीद उधम सिंह को युवाओं के लिए प्रेरणा का आदर्श बताया, जिनका पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित रहा।

उन्होंने कहा कि आज 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महापुरुषों और वीर शहीदों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका साहस और समर्पण हमें समाज और देश के लिए कुछ करने का हौसला देता है। उन्होंने कहा कि हमें समाज और देश में फैली कुरीतियों का दृढ़ता से विरोध करना चाहिए और देश सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।

## ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति प्रयासों की जमीनी समीक्षा

# एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने केंद्रों व वार्डों का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**रतिया, 27 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, आईपीएस के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्ति गतिविधियों की जमीनी स्तर पर समीक्षा की गई। इस दौरान नशा मुक्ति टीम प्रभारी रतिया उपनिरीक्षक सुंदर व नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद भी माननीया एएसपी के साथ मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बालाजी नशा मुक्ति केंद्र, रतिया का दौरा कर केंद्र में भर्ती नशा पीड़ितों के उपचार की प्रक्रिया, उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं तथा देखभाल व्यवस्था की विस्तार से जांच की। उन्होंने केंद्र प्रबंधन को उपचार की गुणवत्ता व मरीजों की नियमित काउंसलिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत एएसपी मैडम ने रतिया के संवेदनशील वार्ड नंबर 3, 4, 5 व 12 का दौरा किया, जहां उपचाराधीन तथा नशा मुक्ति टीम के प्रयासों से नशा छोड़ चुके कई पीड़ितों के घरों में जाकर उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों व उनके परिजनों से संवाद कर नशा छोड़ने के बाद की स्थिति, सामाजिक सहयोग व पुनर्वास से जुड़े पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

तत्पश्चात टीम द्वारा नागरिक अस्पताल रतिया स्थित नशा मुक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां केंद्र इंचार्ज डॉक्टर दीप से ड्रग पीड़ितों के उपचार, दवाइयों की उपलब्धता व भर्ती व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आज इस केंद्र में एक नशा पीड़ित को भर्ती किया गया है।

इसके अतिरिक्त अलालवास, सरदारेवाला व भूंदड़वास से 1-1 तथा रतिया से 3 सहित कुल 06 नशा पीड़ितों को नागरिक अस्पताल रतिया से आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नशा मुक्ति को लेकर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और पीड़ितों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## अवैध कॉलोनियों को न पनपने दिया जाए: एडीसी




**जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 27 दिसंबर।** एडीसी योगेश कुमार मेहता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर अंकुश लगाया जाए। जिला में किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को न पनपने दिया जाए। ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें, जो बार-बार समझाने के बाद भी न माने, तो उनके खिलाफ कार्रवाही अमल में लाई जाए। बैठक में डीटीपी गुंजन वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से डेम्यूलेशन प्रोग्राम के तहत नवंबर व दिसंबर माह में जिलें के कांट्रोल्ड एरिया- अर्बन एरिया की 13 अवैध कॉलोनियों में तोडफ़ोड़ की कार्रवाही की गई । इसी प्रकार से 35 अवैध निर्माण को धवस्त किया गया। उन्होंने बताया कि 16 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस विभाग को भेजा गया और 35 को रिकवरी नोटिस भेजे गए है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों की तोड़फोड़ की कार्रवाही के दौरान हुए खर्च को संबंधित तहसीलदार के माध्यम से जल्द रिकवरी करवाई जाए। डीटीपी गुंजन वर्मा ने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाही जारी है। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाती है। बल्कि उनके खिलाफ कार्रवाही की जाती है। इस संबंध में दोषियों के विरुद्ध मुकदमे भी दर्ज करवाए जाते हैं। बैठक में एसडीएम प्रदीप कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता, नगरपालिका सचिव , इंफोर्समेंट थाना के इंचार्ज भी मौजूद रहें।

## केएम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना व कुमाऊँ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एनईपी–2020 पर दस दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफल समापन

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 27 दिसंबर।** के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना तथा मदन मोहन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीतिङ्क2020 के ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन विषय पर आयोजित दस दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल अवधारणाओं, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराना रहा। इस कार्यशाला के आयोजन के लिए के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) संपन्न हुआ। दोनों संस्थानों ने इस अवसर पर यह सहमति व्यक्त की कि भविष्य में शैक्षणिक, अकादमिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा, जिससे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को व्यापक लाभ मिल सके।

कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दस दिनों तक चले इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीतिङ्क2020 के विभिन्न आयामों जैसे बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, मूल्य आधारित शिक्षा तथा रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने कहा कि नई शिक्षा नीतिङ्क2020 देश की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाती है, जिससे विद्यार्थियों में नवाचार की सोच विकसित होगी और वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे।

के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेंगे और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सशक्त बनाएंगे। दस दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों का संचालन प्रोफेसर अनीता छाबड़ा, जगबीर दूहन, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. सीमा, उत्तर प्रदेश से डॉ. रेनू यादव तथा उत्तराखंड से डॉ. राकेश सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अपने अनुभवों के माध्यम से प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराया।

## एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में वैदिक भारतीय शिक्षण मंडल की प्रथम बैठक संपन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 27 दिसंबर।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में वैदिक भारतीय शिक्षण मंडल की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में गणपति तेती प्रांत संगठन मंत्री हरियाणा, पंजाब, दिल्ली की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान शिक्षण मंडल का नाम औपचारिक रूप से वैदिक भारतीय शिक्षण मंडल रखा गया। मंडल में 18 नए सदस्यों को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। बैठक में डीन एकेडमिक्स डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. रेखा गुप्ता, अमरजीत, डॉ. सुमन, डॉ. एकता चहल, राजेंद्र गोयत, डॉ. सोनू सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी विद्वानों एवं सदस्यों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन, संरक्षण एवं उसके मूल्यों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोडऩे को लेकर मंडल की दृष्टि और मिशन पर गहन विचार-विमर्श किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु छात्रों में भारतीय मूल्यों का समावेश करेगा तथा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, व्याख्यान एवं विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, नैतिकता एवं भारतीय परंपराओं के प्रति समझ विकसित हो सके। यह बैठक भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा के माध्यम से समाज तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुई।

# नन्हें मुन्हे बच्चों ने मनाया बीर बाल दिवस

## साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस एवं वीरता को स्मरण किया बच्चों ने

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 27 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, करनाल द्वारावीर बाल दिवस* के अवसर पर जिला करनाल के सभी बाल देखभाल संस्थानों एमडीडी बाल भवन, श्रद्धानंद, प्लेस का सेफ्टी मधुबन तथा ऑब्जर्वेशन होम गर्ल्स में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस एवं वीरता को स्मरण करने तथा बच्चों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और साहस की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किया गया। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सभी बाल देखभाल संस्थानों में चित्रकला प्रतियोगिता, शबद कीर्तन, खेलकूद गतिविधियाँ एवं अन्य सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धानंद तथा एम डी डी बाल भवन के बच्चों द्वारा शहर में इस संदर्भ में एक रैली का भी आयोजन किया गया। प्लेस ऑफ सेफ्टी में आयोजित कार्यक्रम में श्री कपिल अत्रेजा, सदस्य कर्मचारी चयन आयोग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि लखपत , जिला प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के मूल्यों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए तथा विभाग के प्रयासों की सराहना की। सभी कार्यक्रमों का आयोजन *डॉ. राज बाला मोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी , महिला एवं बाल विकास विभाग, करनाल* की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु विशेष योगदान दिया गया। वीर बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ तथा उनके भीतर त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में सहायक रहा।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने वरिष्ठ पत्रकार गणेश सिंह चौहान की माताजी के निधन पर व्यक्त किया गहरा शोक

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने दिल्ली में कार्यरत राजस्थान पत्रिका के वरिष्ठ पत्रकार गणेश सिंह चौहान की माताजी श्रीमती सुमनी देवी (70) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री विज ने शोक संदेश में कहा कि श्रीमती सुमनी देवी का 26 दिसंबर को स्वर्गवास होना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक समाचार है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि माँ का साया जीवन का सबसे बड़ा संबल होता है और उनका जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। श्रीमती सुमनी देवी एक स्नेहिल, संस्कारी एवं परिवार को एकजुट रखने वाली व्यक्तित्व की धनी थीं। उनके द्वारा दिए गए संस्कार सदैव परिवार के लिए मार्गदर्शक रहेंगे। श्री अनिल विज ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक-संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# भाकपा का स्थापना दिवस मनाया, पुराने वर्कर्स को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 27 दिसंबर।** भगत सिंह स्मारक स्थित स्वतंत्रता सेनानी कामरेड टीकाराम सुक्खन हाल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कर्मचारी नेता कामरेड मंगल सिंह दिलावरी एवं सीपीआई नेता जगदीश मलिक ने की और संचालन पार्टी के जिला सहायक सचिव राम रतन एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में मंगल सिंह दिलावरी, माम चंद सैनी, सेवा सिंह मलिक, सुदर्शन कश्यप, जय भगवान दरियापुर, हरपाल सिंह रंगा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हुई सभा को सम्बोधित करते हुए सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी स्थापना के समय से ही देश की आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ?र हिस्सा लिया और स्वतंत्रता सेनानीयों,कम्युनिस्ट पार्टी के क्रांतिकारी शिक्षित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अंग्रेजी सरकार का उत्पीडन और अत्याचार झेला व अपने प्राणों का बलिदान दिया। कम्युनिस्ट पार्टी ने आजादी के बाद एक ऐसा देश बनाने का लक्ष्य तय किया था कि देश में एक समानता का समाज बनाया जाए जिसमें सब के लिए मुफ्त व एक समान शिक्षा, सभी के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, सभी को आवास, सभी को रोजगार, समाजिक सुरक्षा व न्याय, धार्मिक उन्माद मुक्त समाज बनाना जैसी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के विकास में सीपीआई के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने पब्लिक सेक्टर के गठन और अनेक जन हितैषी कानून बनवाने में पार्टी के योगदान की विस्तार से चर्चा की।

पार्टी के प्रदेश सह सचिव सत्येन्द्र गिरी एडवोकेट ने कहा कि आजादी के आंदोलन के समय अंग्रेजी शासन ने जुझारु कम्युनिस्टों के खिलाफ कई मुकदमे चलाए और अनेक कम्युनिस्टों को काले पानी तक की सजा दी। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद से पूँजीपतियों की हितैषी पार्टियों की सरकारों के हाथों में चला गया, जिसकी वजह से आम जनता के विकास की जगह पूंजीपतियों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश को समानता का समाज बनाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व उसके जन संगठनो में शामिल होकर उसे मजबूत व सता में लाना होगा। सभा को वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता माम चंद सैनी, सेवा सिंह मलिक, जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट, सहायक सचिव कामरेड राम रतन एडवोकेट,एटक नेता सत्यनारायण शर्मा, महाबीर कश्यप, रणबीर शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी शहीद ऊधम सिंह के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान दिवस उन्हें सादर नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगत सिंह स्मारक के प्रांगण में वरिष्ठ कर्मचारी नेता कामरेड मंगल सिंह दिलावरी एवं राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप ने पार्टी का झंडा फहराया और शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में अनुराग शर्मा,सन्नोवर राणा,जुबेर ,जुनैद राणा,ओम प्रकाश कश्यप, शीश राम,सतीश पंवार, सुरेश सैनी , पिरथी सिंह, देवी दयाल, रोहतास ,महाबीर, तेलु राम, भूपेन्द्र कश्यप , ओम सिंह,सतीश यादव,जितेश , सुशील, महावीर कश्यप सहित जिला भर से सैंकड़ों पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक शामिल हुए। जिला सचिव कामरेड पवन कुमार सैनी ने कार्यक्रम में शामिल होने पर सभी साथियों का धन्यवाद किया।

## चंडीगढ़ में मेयर कार्यकाल का गणित उलझा

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अगला मेयर केवल 11 महीने का

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर के कार्यकाल को लेकर एक बार फिर संवैधानिक और प्रशासनिक पेच सामने आ गया है। वर्ष 1996 में गठित चंडीगढ़ नगर निगम के म्यूनिसिपल एक्ट के अनुसार पार्षदों का कार्यकाल 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक निर्धारित है, लेकिन मेयर के चुनाव की बदलती तिथियों ने पूरे कार्यकाल की व्यवस्था को उलझाकर रख दिया है। कांग्रेस शासनकाल के दौरान मेयर का चुनाव परंपरागत रूप से 23 या 24 दिसंबर को कर लिया जाता था, जबकि मेयर का कार्यकाल 1 जनवरी से ही प्रभावी माना जाता था। इसके बाद समय के साथ मेयर चुनाव की तारीखों में बदलाव होता गया। पहले इसे 8 जनवरी किया गया, फिर 15 दिसंबर और 18 दिसंबर तक लाया गया, लेकिन अंततः प्रशासन ने मेयर चुनाव की तिथि 30 जनवरी तय कर दी। इस बदलाव का सबसे बड़ा असर यह हुआ कि अब चंडीगढ़ का अगला मेयर पूरे एक वर्ष के बजाय महज 11 महीने के लिए ही पद पर रहेगा। चूंकि नगर निगम के सभी निर्वाचित पार्षदों का पांच वर्षीय कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है, इसलिए 30 जनवरी 2025 को चुना जाने वाला मेयर 31 दिसंबर 2025 तक ही पद पर रह सकेगा।

मेयर के कार्यकाल को लेकर यह मुद्दा पहले भी न्यायिक जांच के दायरे में आ चुका है। पूर्व मेयर कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा था कि मेयर का कार्यकाल एक वर्ष का होना चाहिए। अदालत ने कुलदीप कुमार को राहत भी दी थी, लेकिन



मौजूदा परिस्थितियों में हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद तकनीकी रूप से अगला मेयर एक साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगा। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी समेत समूचा विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि चंडीगढ़ में भी पंजाब के नगर निगमों की तर्ज पर मेयर का कार्यकाल पांच साल का किया जाना चाहिए। विपक्ष का आरोप है कि बार-बार तारीखों में बदलाव कर मेयर के पद को कमजोर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि वह हाईकोर्ट के आदेशों से बंधा हुआ है और अपने स्तर पर किसी भी प्रकार का बदलाव करने में असमर्थ है। हालांकि भाजपा से जुड़े पार्षदों और नेताओं का तर्क है कि यदि सत्ताधारी दल चाहे तो म्यूनिसिपल एक्ट में संशोधन कर इस व्यवस्था में बदलाव किया जा सकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में अनिल मसीह के कथित जाली वोट कांड के बाद जब आम आदमी पार्टी के नेता कुलदीप कुमार मेयर चुने गए थे, तब 1 जनवरी से 18 जनवरी तक मेयर चुनाव को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ा गई थी। अब एक बार फिर मेयर के कार्यकाल को लेकर उठे सवालों ने चंडीगढ़ की राजनीति और प्रशासन दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### निगम में मेयर चुनाव को लेकर कानून क्या कहता है?

## परंपरा नहीं, अधिनियम तय करता है प्रक्रिया

नगर निगम चंडीगढ़ में मेयर चुनाव की तिथि को लेकर समय-समय पर उठने वाले विवादों के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि मेयर चुनाव की प्रक्रिया किसी तय कैलेंडर तारीख से नहीं, बल्कि नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों से संचालित होती है। नगर निगम से जुड़े जानकारों के अनुसार, चंडीगढ़ में लागू पंजाब म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट, 1976 ही मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की पूरी रूपरेखा तय करता है। अधिनियम के मुताबिक, मेयर का कार्यकाल एक वर्ष का होता है, लेकिन यह कार्यकाल 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक ही होगा, ऐसा कहीं भी कानून में नहीं लिखा है। मेयर का कार्यकाल उस दिन से शुरू होता है जिस दिन उसका चुनाव होता है। यानी मेयर का पदभार ग्रहण करना चुनाव की तारीख से जुड़ा है, न कि नए साल के पहले दिन से। नगर निगम अधिनियम में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मेयर का चुनाव नगर निगम की पहली बैठक में या फिर मौजूदा मेयर का कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराया जाना जरूरी है। इसके अलावा, कानून में 23, 24 दिसंबर या 1 जनवरी जैसी किसी भी विशेष तारीख का कोई उल्लेख नहीं है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कांग्रेस शासनकाल में 23 या 24 दिसंबर को मेयर चुनाव कराकर 1 जनवरी से कार्यकाल शुरू करने की जो परंपरा बनी थी, वह केवल प्रशासनिक और राजनीतिक प्रचलन थी, कोई कानूनी बाध्यता नहीं। समय के साथ यह परंपरा बदली और मेयर चुनाव की तारीख 1 जनवरी को भी रखी जाने लगी। चंडीगढ़ में नगर निगम की बैठक बुलाने और मेयर चुनाव की तारीख तय करने का अधिकार चंडीगढ़ प्रशासन/प्रशासक के पास है। यह अधिकार भी नगर निगम अधिनियम और उससे जुड़े नियमों के तहत ही आता है। पिछले वर्ष मेयर चुनाव को लेकर उपजा विवाद, जिसमें चुनाव की घोषित तिथि 18 जनवरी से बदलकर 30 दिसंबर कर दी गई थी, इसी प्रशासनिक अधिकार के तहत किया गया कदम था। हालांकि, उस मामले में विवाद की असली वजह चुनाव प्रक्रिया के दौरान सदन में हुई कार्यवाही और निष्पक्षता को लेकर उठे सवाल थे, न कि केवल चुनाव की तारीख। कानूनी विशेषज्ञों का साफ कहना है कि मेयर चुनाव की तारीख को लेकर कोई तय कानूनी दिन नहीं है। कानून केवल यह सुनिश्चित करता है कि नगर निगम में नेतृत्व की निरंतरता बनी रहे और मेयर का चुनाव समय पर हो।



**भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद और भारत के एडिशनल सॉलिसीटर जनरल सत्यपाल जैन:** न तो म्यूनिसिपल कारपोरेशन की टर्म बढ़ाई जा सकती है। न ही कोई अन्य बदलाव हो सकता है। म्यूनिसिपल एक्ट में देखकर ही इस पर कुछ कहा जा सकता है। दूसरा आप वालों के हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट जाने व उसके बाद आए आदेश के बाद ही एक साल के मेयर की व्यवस्था तय हुई। इसका हल एक्ट में देखकर ही तय हो पायेगा।




**भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मेयर अरुण सूद:** मेयर का चुनाव 1 जनवरी को अमूमन होता रहा है। म्यूनिसिपल एक्ट के प्रोविजन के अनुसार जनरल हाऊस की पहली मीटिंग के दौरान मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव का फैसला लेना होता है। कभी कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान मेयर के चुनाव की 23 या 24 दिसंबर को कराये जाने की परंपरा थी। 1 जनवरी से मेयर अपना कार्यकाल संभाल लेता था। यह व्यवस्था 2001 तक चली। वर्ष 2002 में 1 जनवरी को मेयर व दो अन्य पदों के लिये चुनाव की पहल हुई। वर्ष 2015 तक यही व्यवस्था चलती रही। फिर 2016 में जब वह मेयर बने तो पार्षदों की ओर से दलील दी गई कि चूंकि नये साल पर पार्षद घूमने के लिये निकल जाते हैं लिहाजा 1 जनवरी से चुनाव की तारीख बदल कर 8 जनवरी कर दी जाए। अरुण सूद के अनुसार इससे पहले चूंकि कांग्रेस की मेजोरटी रहती थी लिहाजा भाजपा को हार भी झेलनी पड़ती थी और वह भी 1 जनवरी के दिन। 2016 के बाद समीकरण भी बदल गये और भाजपा लगातार जीत भी दर्ज करने लगी। उनकी टर्म 31 दिसंबर को समाप्त हो गई। वर्ष 2017 में सात दिन कोई मेयर ही नहीं रहा। इसके बाद बीते साल डीसी ने 8 जनवरी से 18 जनवरी की तारीख मेयर व अन्य दो पदों के चुनाव के लिये तय कर दी। 18 दिसंबर को चुनाव अधिकारी बनाये गये अनिल मसीह बीमार पड़ गये जिससे तारीख 30 जनवरी कर दी गई। फिर तय हुआ कि मेयर एक साल की टर्म के लिये होगा लिहाजा 30 जनवरी से पहले तो अब मेयर चुना ही नहीं जा सकता। अब अगर तकनीकी तौर पर देखें तो पार्षदों का कार्यकाल 2026 में पूरे पांच साल की टर्म पूरा होने के बाद 31 दिसंबर को पूरा हो जाएगा। यानि आखिरी मेयर महज 11 माह के लिये होगा। यह तो अब आगे के लिये प्रशासन को निर्णय लेना है कि हर मेयर को 5 साल का कार्यकाल मिले क्योंकि चुनाव तो 31 दिसंबर तक हो जाएंगे।



**मेयर हरप्रीत कौर बबला:** हाईकोर्ट ने मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का कार्यकाल एक साल के लिये बीते वर्ष आदेश दिया था। उसी के तहत 30 जनवरी को उनका कार्यकाल समाप्त होगा। अब अगले मेयर का कार्यकाल 11 माह रहेगा क्योंकि 31 दिसंबर को पार्षदों की पांच साल की टर्म ही समाप्त हो जाएगी। प्रशासन खुद निर्णय लेगा कि क्या व्यवस्था करनी है? अगर इस दृष्टि से देखा जाए तो चुने पार्षदों के तीसरे वर्ष के दौरान ही सांसद का चुनाव आता है। उस दौरान करीब तीन माह के लिये मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू रहता है। उस दौरान बना मेयर तो तीन माह काम ही नहीं कर पाता।



**पूर्व पार्षद व भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र बबला:** मेयर चुनाव आगे कराने को लेकर आम आदमी पार्टी वाले बीते वर्ष हाईकोर्ट गये थे। कुलदीप कुमार मेयर बने तो व्यवस्था बनी की एक साल के लिये मेयर होगा। उनका कार्यकाल 30 जनवरी तक रहा लिहाजा उनकी पत्नी हरप्रीत कौर बबला भी 30 जनवरी तक एक साल के लिये मेयर रहेंगी। प्रशासन हाईकोर्ट के उसी आदेश को फॉलो कर रहा है। प्रशासन से मेयर टेन्योर में हो रही गड़बड़ को लेकर बात की जा सकती है। अब इसमें क्या करें। तकनीकी तौर पर कई चीजें गलत हो रही हैं।



**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद पवन बंसल:** भाजपा के शासनकाल के दौरान जो भी परंपरा डली वह गलत है। कांग्रेस के समय में 23-24 दिसंबर को मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव हो जाता था। पार्षदों व मेयर के चुनाव में एकरूपता थी। 1 जनवरी से वह पदभार संभाल लेते थे। इसके बाद व्यवस्था बदल कर 8 जनवरी को चुनाव की कर दी गई। समय के साथ इसमें बदलाव होते चले गये। अब सवाल यह है कि जब पार्षद ही नहीं होंगे तो क्या मेयर होगा। जो भी मेयर चुना जाएगा उसका एक साल का कार्यकाल 30 जनवरी को पूरा होगा। पार्षदों की पांच साल की टर्म 31 दिसंबर को समाप्त हो जाएगी। अनिल मसीह प्रकरण के बाद इस चुनाव के समय में और गड़बड़ हो गई। अब यह प्रशासन के ऊपर है कि आगे चुने जाने वाले पार्षदों के बाद पहली मीटिंग में मेयर व दो अन्य पदों की चुनाव तारीख दोबारा से बदली जाए?



**चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की:** भाजपा ने मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव का वक्त बदल कर गलत परंपरा शुरू की। भाजपा की ओर से जानबूझ कर यह देरी की गई। फिर बीते साल अनिल मसीह प्रकरण आ गया। पहले मसीह बीमार हो गया। तारीख बदली गई। फिर जब चुनाव हुआ तो वोट चोरी तमाम दुनिया ने देखी। कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ और तारीख 30 जनवरी पहुंच गई। अब जब भाजपा ने मेयर चुनाव आगे खिसकाने में तमाम पैंतरे अपनाकर मसले को पेचिदा बनाया गया है तो इसका हल भी वही निकालें।



**पार्षद दलीप शर्मा:** मेयर चुनाव की तारीख हिसाब से तो 1 जनवरी होनी चाहिए लेकिन अब लगता है कि यह नहीं हो सकता। प्रशासन इस पर कोई फैसला ले। आगे मेयर चुनाव की नोटीफिकेशन प्रशासन ने जारी करनी है। चुनाव 20 जनवरी से पहले कराया जाना चाहिये। हाईकोर्ट ने 1 साल कहा था, यह बिलकुल सही है लेकिन अगले मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर यानि 2026 में जो चुना जाएगा उसे तो 11 माह का कार्यकाल ही मिलेगा।

# पंचकूला में तेंदुए ने 3 घंटे मचाया उत्पात, फिर चंडीमंदिर जंगल में हुआ गायब

- सुबह 11 बजे आबादी में गुर्राता हुआ मकानों में घुसा, लोग छतों पर चढ़े
- वन विभाग का पिंजरा रहा खाली, बिछाए जाल से दूर भागता रहा तेंदुआ







अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 27 दिसंबर।** आजकल जंगल के जानवर रिहायशी इलाकों का ज्यादा ही रुख कर रहे हैं। खासकर बाघ और तेंदुए रिहायशी इलाकों में घूमते हुए देखे जा रहे हैं। शनिवार को हरियाणा के पंचकूला शहर में एक तेंदुआ घुस आया। शनिवार दोपहर पंचकूला के सेक्टर 6 रिहायशी इलाके में तेंदुए की दस्तक देखी गई। तेंदुए को यहां मकान नंबर 279 से लेकर 219 नंबर लोगों ने सड़कों और मकानों की दीवारों को फांदते हुए देखा तो चारों तरफ दहशत का माहौल बन गया। तेंदुए को अपने बीच देख लोग बेहद डर गए और अपने घरों में कैद हो गए। कुछ दूर एक निर्माणाधीन मकान में लगाई टीन के साथ जाल भी लगाया गया। यहां तक कि तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए पिंजरा और जाल भी धरे रह गए। तेंदुआ छिपता हुआ बाद दोपहर फिर से चंडीमंदिर की तरफ जंगल की तरफ भाग कर गायब हो गया। मगर समाचार लिखे जाने तक वन कर्मचारी तेंदुए की तलाश में जुटे थे।

सुबह करीब 11 बजे मकान नंबर 273 में रह रहे विमल जोशी की पत्नी आंगन में तेंदुआ देखकर चलाई और पति को आवाज दी। इससे पहले ही सड़क से गाड़ी से गुजर रहे विजय सिंह ने तेंदुआ होने की पुष्टि की तो लोग दहशत में आ गए। लोग छतों पर भी चढ़े हुए देखे जा रहे थे और वह तेंदुए का वीडियो बनाने लगे। आसपास लोगों का शोर-शराबा सुनाई दे रहा था। सामने आए वीडियो में तेंदुआ एक घर की दीवार फांदकर दूसरे घर में कूदता दिखाई दिया।

वहां रह रहे विजय सिंह सेक्टर 20 से लौट रहे तभी तेंदुआ उनकी गाड़ी को देखकर एक घर में कूद गया। विजय सिंह ने तेंदुए की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। तेंदुए के इलाके में घुसने के बाद लोगों से सावधान रहने को कहा गया और उन्हें सुरक्षित रहने के लिए अपने घरों में ही रहने की सलाह दी गई।

### पंचकूला के रिहायशी इलाकों में पहले भी आते रहे तेंदुए

यह पहली बार नहीं है जब कोई तेंदुआ पंचकूला के रिहायशी इलाके में घुस आया हो। पहले भी कई बार पंचकूला के आबादी वाले इलाकों में इस जंगली शिकारी को घुसते देखा गया। हाल ही में 7 दिसंबर को मोरनी के शिल्यों गांव के नजदीक तेंदुआ देखा गया था, जो घरों में घुसने की कोशिश कर रहा था। आपको बतादें कि, पंचकूला का मोरनी इलाका एक पहाड़ी और जंगली क्षेत्र है. ऐसे में पंचकूला और आसपास के रिहायशी इलाकों में जंगली जानवर अक्सर अपनी दस्तक देते हैं और लोगों के बीच दहशत और कौतुहल पैदा कर देते हैं। पंचकूला के साथ-साथ चंडीगढ़ के आबादी वाले इलाकों में भी तेंदुए की दस्तक होती रही है।

### तेंदुआ को पकड़ने के लिए जाल बिछाया तो पीछे से भागा

वन कर्मियों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए दो अलग अलग जगह जाल बिछाए लेकिन वो घरों की दीवारों और पेड़ पौधों में छिपता रहा। तेंदुए पकड़ने का यह दौर 3 घंटे लगातार चला। लेकिन पकड़ से दूर भागता रहा। हैरानी की बात यह रही कि कर्मियों के बिछाए जाल में तेंदुआ नहीं फंसा। उनके हर प्रयास विफल रहे। दोपहर करीब पौने 4 बजे तेंदुआ घरों की ओट में छिपता हुआ भागा तो वन कर्मी उसके पीछे भागने लगे। सेक्टर 6 पश्चिमी कमान की तरफ मुख्य सड़क पर तेंदुआ रुका और गुर्राया जिसके बाद तेजी से दौड़ कर चंडीमंदिर जंगल की तरफ झाड़ियों में जाकर गायब हो गया। यहां से कुछ ही दूरी पर आर्मी एरिया भी है, इसके लिए चंडीमंदिर पुलिस वन्यकर्मियों के साथ लिए अधिकारियों को रिहायशी इलाके में लोगों की सुरक्षा को लेकर संपर्क करती रही। वहीं तेंदुए के इलाके में होने की खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई। दर्शन तक अधिकारी तेंदुए के पंजों के निशान तलाशने में जुटे थे।



तेंदुआ हमारे मकान नंबर 273 में कूद कर अंदर आया तो पत्नी ने देखा मुझे बताया। तेंदुए की लंबाई काफी थी। उस वक्त घर के नजदीक निर्माणाधीन मकान में लेबर के बच्चे थे। पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई और घरों के अंदर भाग गए।

**विमल जोशी, रेजिडेंट**



मैं मकान नंबर 260 में ड्राइवर हूं। सेक्टर 20 से डॉक्टर के पास गया था। वहां से लौटे वक्त दूसरी तरफ से आया तब देखा तेंदुए ने मकान नंबर 280 की तरफ से छलांग लगाई तो वह फिसल गया। तब मुझमें और तेंदुए में ज्यादा फांसला नहीं था। तब वह मकान नंबर 279 की तरफ भाग गया। यह देख उन्होंने पुलिस को काल कर दी।

**विजय सिंह, रेजिडेंट**

### खूंखार जंगली जानवर

तेंदुआ काफी खूंखार जंगली जानवर है। यह अगर अपने पे आ जाए तो आदमी को कच्चा खा जाए। इसके अलावा इसकी एक और खासियत है कि यह आपके नजदीक आकर इस तरह छिप जाएगा कि आप पर तो इसका पूरा कण्ट्रोल रहेगा लेकिन आप इसे नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा इसकी नजरें और सूंघने की क्षमता बड़ी शार्प होती है। आहट पर यह वार कर देता है और काम तमाम कर देता है। तेंदुआ बेहद फुर्तीला होता है। इसकी लंबी छलांग और ऊंचाई पर चढ़ने की इसकी क्षमता इसे और ताकतवर बनाती है।

## सैक्टर 37 मार्केट की ओर से लगे दूध बिस्कुट के लंगर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** शनिवार को शहर के अलग अलग जगहों पर साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए अरदास कर लंगर का आयोजन किया।

वहीं सेक्टर 37 राजीव मार्केट की तरफ से सैक्टर 37 में दूध और बिस्कुट का लंगर लगाया गया। श्रद्धालुओ ने माथा टेक कर प्रसाद ग्रहण किया।

## नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन और नगर निगम के हेल्थ डिपार्टमेंट के संयुक्त प्रयास से स्वच्छता अभियान का आयोजन

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर (अप्रस)।** नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन ने नगर निगम, चंडीगढ़ के हेल्थ डिपार्टमेंट के सहयोग से सेक्टर-27, चंडीगढ़ में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन की कन्वेनर शिखा निजवान और को-कन्वेनर जसजोत सिंह अलमस्त ने संयुक्त बयान में कहा कि यह अभियान लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों को एक मंच पर लाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करना, कूड़ा एकत्रित करना तथा क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाना था। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ (एमओएच) डॉ. इंदरदीप कौर ने कहा कि स्वच्छता अभियान का लक्ष्य केवल कूड़ा उठाना नहीं, बल्कि समाज में सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करना है। इस अवसर पर दर्शन सिंह, चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर तथा परवीन कुमार, सैनिटरी इंस्पेक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि 28 अक्तूबर 2025 को अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड डिपार्टमेंट से एक अज्ञात महिला का फोन आया। आरोप है कि धोखेबाजों ने उनके बैंक के क्रेडिट कार्ड को अपग्रेड करने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जैसे ही पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया तो कुछ समय बाद उसके खाते से दो अनधिकृत ट्रांजैक्शन 1.73 लाख रुपए की ट्रांजेक्शन हो गई। जब पीड़ित को पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टर 27 चंडीगढ़ में चलाया स्वच्छता अभियान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** शनिवार 27 दिसंबर को पड़ोस विकास संघ ने हेल्थ डिपार्टमेंट म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ के सहयोग से सेक्टर 27 चंडीगढ़ में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। शिखा निजवान संयोजक और जसजोत सिंह अलमस्त सह-संयोजक, पड़ोस विकास संघ ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह अभियान लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के बारे में है। इस अभियान का उद्देश्य स्वयंसेवकों और निवासियों को एक साथ लाकर सार्वजनिक स्थानों को पुनर्जीवित करना था। इसमें कूड़ा इकठ्ठा करना और पड़ोस की सुंदरता बढ़ाना भी शामिल था।

डॉ. इंदरडीप कौर, मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ (एमओएच) ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य केवल कूड़ा उठाने से कहीं अधिक है, यह सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में है। जब हम अपने भौतिक वातावरण का ध्यान रखते हैं, तो हम हर निवासी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं और अगली पीढ़ी के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण स्थापित करते हैं।

मोहन सिंह, तनु अरोड़ा, राजीव कटारिया, नरेश गौतम, अमरदीप सहगल, गुरदीप चौहान, मंजीत सिंह बख्शी, सुभाष पलटा, करुणा अरोड़ा, रमा नरूला, अनिल ठाकुर, हरप्रीत सिंह, पुष्पराज शर्मा, एचआर ढींगरा सहित निवासियों की टीम ने उत्साह के साथ आसपास की सफाई में भाग लिया। भाग लेने वालों ने शहर के अन्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाने का संकल्प लिया। दर्शन सिंह चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर, परवीन कुमार सैनिटरी इंस्पेक्टर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# लाखों रुपए की ठगी मामले का आरोपी लुधियाना से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी को पंजाब के जिला लुधियाना से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला लुधियाना के रहने वाले 24 वर्षीय यदूनंदन शर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना साइबर क्राइम पुलिस को पता चला था कि लाखों रुपए की ठगी करने वाला आरोपी लुधियाना में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना साइबर क्राइम पुलिस के डीएसपी ए वेंकटेश की सुपरवीजन में उनकी टीम ने आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 27 अक्तूबर 2025 सैक्टर 45 निवासी एक वरिष्ठ नागरिक की शिकायत दर्ज करवाई गई कि उन्हें एक व्हाट्सएप कॉल आया। जिसमें कॉल करने वालों ने धोखे से खुद को टीआरएआई अधिकारी और बाद में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी बताया, और




आरोप लगाया कि उनका मोबाइल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल है।और उनके खिलाफ कोलाबा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।धोखेबाजों ने उसे 27 अक्तूबर 2025 से 12-नवंबर 2025 तक लंबे समय तक नकली 'वीडियो-सर्विलांस' में रखा।इस दौरान उन्होंने उसे जाली सरकारी दस्तावेज़, एक नकली कोर्टरूम सेटअप दिखाया। और बार-बार उसे गिरफ्तारी की धमकी दी। जिसमें व्हाट्सएप पर एक दूसरे नकली व्यक्ति के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल भी शामिल था।जो खुद को ईडी डायरेक्टर बता रहा था। इस दबाव में, उसने धोखेबाजों के निर्देशानुसार 52 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिससे उसके साथ कुल 52 लाख की धोखाधड़ी हुई।पुलिस जांच के दौरान संबंधित बैंक से कथित लाभार्थी बैंक खातों की केवाईसी डिटेल्स इकठ्ठा की गई।

शिकायतकर्ता के लगभग 28 लाख रुपये साइबर पोर्टल के ज़रिए रोक दिए गए हैं। बाकी रकम कई खातों में ट्रांसफर पाई गई। 5 लाख रुपये की रकम लुधियाना निवासी आरोपी यदुनंदन शर्मा के बैंक खाते में ट्रांसफर पाई गई।यह रकम आरोपी यदुनंदन शर्मा ने सेल्फ चेक के ज़रिए निकाल ली थी। इसके अनुसार, लुधियाना में छापा मारा गया और आरोपी को 25 दिसबर 2025 को वहीं से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सम्पादकीय

## बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक होनी चाहिए या नहीं

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच का केंद्र सरकार को यह सुझाव गौरतलब है कि देश में 16 साल से कम उम्र के किशोरों के द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाई जानी चाहिए। अदालत का कहना है कि सरकार को ऑस्ट्रेलिया जैसा कानून बनाना चाहिए, जहां पर हाल ही में ऐसा कानून बनाकर लागू किया गया है। अदालत का यह भी कहना है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया से बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का प्रयोग बच्चे इस प्रकार कर रहे हैं कि जैसे यह उनके जीवन की प्राथमिकता हो गई हो और जैसे कि इसका ज्ञान उन्हें माता के गर्भ में ही मिल गया हो। यह भी कितना दिलचस्प और चिंताजनक है कि दूध मुंहे बच्चे मोबाइल फोन की स्क्रीन देख कर जागते हैं और सोते हैं। मोबाइल फोन हाथ में आते ही वे रोना भी बंद कर देते हैं। इसी प्रकार जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है, मोबाइल उनका हमसफर हो गया लगता है। अब इसी मोबाइल फोन और उस पर सोशल मीडिया की वजह से जाने-अनजाने में बच्चे वह सब सीख रहे हैं, जिन्हें बालिग होने पर ही समझने और जानने की जरूरत थी। हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चों को तितलियां और चिडि?ां देखने के लिए भी बोला जाए तो वे मोबाइल में इन्हें ढूंढने लगते हैं।

**देशभर में तमाम राज्यों में ऐसे उपाय किए जा रहे हैं, जब सर्दियों या गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को गृहकार्य में वे सभी बातें करने को कहा जाता है, जोकि कभी मोबाइल रहित समाज में बच्चे करते थे। उस समय बच्चे जीवन का वह सार अपने अभिभावकों और दूसरे परिजनों की संगत में रहकर सीखते थे, जिससे उनके अंदर इंसानियत और जीवंतता बढ़ती थी। हालांकि आज के समय में मोबाइल फोन ने सब कुछ छीन लिया है। सामाजिक सौहार्द खत्म हो गया है और धैर्य, विनम्रता, सामंजस्य, सामाजिक सरोकार अब पुराने वक्त की बातें हो गई लगती हैं। अपराध बढ़ रहा है, मोबाइल फोन और उस पर सोशल मीडिया में अपराध के हथकंडे भी सिखाए जा रहे हैं। बेशक, सोशल मीडिया पूरी तरह से त्याज्य नहीं है।**

देशभर में तमाम राज्यों में ऐसे उपाय किए जा रहे हैं, जब सर्दियों या गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को गृहकार्य में वे सभी बातें करने को कहा जाता है, जोकि कभी मोबाइल रहित समाज में बच्चे करते थे। उस समय बच्चे जीवन का वह सार अपने अभिभावकों और दूसरे परिजनों की संगत में रहकर सीखते थे, जिससे उनके अंदर इंसानियत और जीवंतता बढ़ती थी। हालांकि आज के समय में मोबाइल फोन ने सब कुछ छीन लिया है। सामाजिक सौहार्द खत्म हो गया है और धैर्य, विनम्रता, सामंजस्य, सामाजिक सरोकार अब पुराने वक्त की बातें हो गई लगती हैं। अपराध बढ़ रहा है, मोबाइल फोन और उस पर सोशल मीडिया में अपराध के हथकंडे भी सिखाए जा रहे हैं। बेशक, सोशल मीडिया पूरी तरह से त्याज्य नहीं है। सोशल मीडिया ज्ञान और विज्ञान का सहज सोर्स है और अब सामाजिक सोच की एकरूपता भी इससे कायम हो रही है। सरकारों को सोशल मीडिया पर आने वाली न्यूज और रील के दबाव में अपने फैसले लेने और बदलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि बालमन को बहकाने में सोशल मीडिया आज आगे है और उसने जीवन की बाल सुलभता को छीन लिया है।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि मोबाइल फोन की वजह से आज प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी बदल गई है कि उसमें विकार ज्यादा आ गए हैं। मोबाइल फोन अब महज बात सुनने और सुनाने का माध्यम नहीं रह गया है, अगर इतना भर होता तो संभव कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन मोबाइल फोन आज सोशल मीडिया और तमाम ऐसे एप का घर भी हो गया है, जोकि प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी में चाहे-अनचाहे तरीके से सिर्फ ताक-झांक ही नहीं कर रहे अपितु जीवन के प्रत्येक अवसर को अपने हिसाब से कंट्रोल कर चुके हैं। यह भी कितना विस्मयकारी है कि आज मोबाइल फोन ही फ्रॉड का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है। हजारों या लाखों नहीं अपितु करोड़ों रुपये की ठगी अब सोशल मीडिया के माध्यम से की जा रही है। बेशक, यह फोन की जरूरत और उस पर उपलब्ध सामग्री के उपयोग की भी है। क्योंकि जरूरी नहीं कि हर कोई मोबाइल फोन को एक ही तरह से प्रयोग करता हो। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव वाला पक्ष आज बालमन को दूषित कर रहा है। हालांकि यह बेहद पेचीदा विषय है कि आखिर कैसे 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से बचाया जा सकेगा, क्योंकि आज इस उम्र से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया कमाई का बड़ा जरिया बन चुका है। निश्चित रूप से गलत कंटेंट की निगहबानी की जानी चाहिए, लेकिन अगर कोई कानून बनता है तो कहीं उससे पॉजिटिव कंटेंट भी बाधित न हो। बेशक, अश्लील और वाहियात कंटेंट की रोकथाम भी जरूरी है। अदालत का कहना है कि बच्चों के मामले में सोशल मीडिया जोखिमपूर्ण है, और इसलिए माता-पिता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। दरअसल, माता-पिता की जिम्मेदारी हर हाल में और हर विषय में है, लेकिन दिक्कत यह भी है कि आज अनेक माता-पिता ही अपने बच्चों को ऐसी लत लगा रहे हैं। जानते और समझते हुए भी कि ऐसा करने के क्या खतरे हैं। यह समय वाकई में सोशल मीडिया के सही और गलत स्वरूप पर गहन चिंतन का है। यह जरूरी है कि बच्चों के मनस को दूषित कर रहे कंटेंट को रोका जाए और सोशल मीडिया की सकारात्मक पावर सामने आए।

# हरियाणा-पंजाब-चंडीगढ़ सहित राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण: दोषारोपण से समाधान तक

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके नजदीक लगते हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व चंडीगढ़ में वायु प्रदूषण हर वर्ष एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है।



जैसे ही सर्दियां शुरू होती हैं और वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर पर पहुंचता है, एक तयशुदा नैरेटिव सामने आ जाता है जिसमें पराली जलाने को प्रदूषण का मुख्य कारण बताया जाता है और इसकी जिम्मेदारी लगभग पूरी तरह पंजाब और हरियाणा के किसानों पर डाल दी जाती है। यह दृष्टिकोण न केवल वैज्ञानिक तथ्यों की उपेक्षा करता है, बल्कि क्षेत्रीय सहयोग और दीर्घकालिक समाधान की संभावनाओं को भी कमजोर करता है।



वास्तविकता यह है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा और स्थायी स्रोत शहरी गतिविधियां हैं। वाहनों से निकलने वाला धुआँ, विशेषकर पीएम 2.5, पीएम 10 और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स, पूरे वर्ष हवा को प्रदूषित करता रहता है। इसके साथ ही औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल, डीज़ल जेनरेटरों का उपयोग और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं प्रदूषण को लगातार बढ़ाती हैं। यदि पराली जलाना ही प्रदूषण का निर्णायक कारण होता, तो वर्ष के बाकी महीनों में भी वायु गुणवत्ता इतनी खराब क्यों रहती, यह प्रश्न अनुत्तरित रह जाता है।

इस तर्क को हरियाणा और चंडीगढ़ के हालिया आंकड़े और मजबूत करते हैं। पंचकूला जैसे अपेक्षाकृत हरियाली वाले और कम औद्योगिक शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक हाल ही में 410 तक पहुंच गया, जबकि गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा और बहादुरगढ़ जैसे अत्यधिक शहरीकृत इलाकों में भी AQI गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। इससे पहले भी पंचकूला और चंडीगढ़ में 300 से ऊपर के स्तर देखे जा चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन शहरों में प्रदूषण का मुख्य कारण बढ़ता वाहन घनत्व और शहरी ढांचे पर बढ़ता दबाव है, न कि केवल कृषि अवशेषों का दहन।

प्रदूषण के संदर्भ में 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' एक स्थापित वैश्विक और कानूनी अवधारणा है, जिसके अनुसार जो व्यक्ति या संस्था पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती है, उसे उसकी भरपाई करनी चाहिए। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने वेल्लोर सिटिज़न्स वेलफेयर फ़ोरम बनाम भारत संघ मामले में इस सिद्धांत को भारतीय कानून का हिस्सा माना है। इसके बावजूद व्यवहार में यह सिद्धांत अक्सर चुनिंदा और असंतुलित ढंग से लागू होता दिखाई देता है। वायु प्रदूषण जैसी जटिल समस्या, जिसमें कई स्रोत, कई क्षेत्र और कई राज्य शामिल हों, उसमें किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। यही कारण है कि 2010 के बाद न्यायिक विमर्श में भी यह स्वीकार किया गया कि ऐसे मामलों में साझा जिम्मेदारी और समग्र मूल्यांकन आवश्यक है।

अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही संकेत देते हैं। यूरोप में कृषि प्रदूषण से जुड़े मामलों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संतुलित प्रतिबंध और प्रबंधन अपनाए गए, न कि किसी एक समुदाय को सार्वजनिक रूप से अपराधी ठहराया गया। इसी प्रकार, सीमा-पार वायु प्रदूषण पर किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण लंबी दूरी तक फैलते हैं और उनके प्रभाव राजनीतिक सीमाओं तक सीमित नहीं रहते। लॉन्ग-रेंज ट्रांसबाउंडरी एयर पॉल्यूशन कन्वेंशन और गोथेनबर्ग प्रोटोकॉल में पीएम 2.5 को शामिल किया जाना इस तथ्य की पुष्टि करता है कि वायु प्रदूषण एक क्षेत्रीय नहीं, बल्कि अंतर-क्षेत्रीय समस्या है।

पराली जलाने से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रदूषण बढ़ता है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि यह एक मौसमी और सीमित अवधि की समस्या है। इसके विपरीत, शहरी प्रदूषण पूरे वर्ष बना रहता है और इसका प्रभाव स्वास्थ्य पर कहीं अधिक व्यापक होता है। पराली जलाने को बार-बार मुख्य कारण बताना दरअसल शहरी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने का एक आसान तरीका बन गया है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने, उद्योगों और निर्माण गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने जैसे कठिन लेकिन आवश्यक कदम अक्सर टाल दिए जाते हैं।

भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय न्यायपालिका और प्रशासनिक ढांचा मौजूद है, लेकिन समाधान अक्सर व्यक्ति-विशेष या किसी एक वर्ग के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि वायु प्रदूषण एक प्रणालीगत समस्या है, जिसका समाधान भी प्रणालीगत सुधारों से ही संभव है। जब तक नीति-निर्माण में वैज्ञानिक आँकड़ों, निष्पक्ष जिम्मेदारी निर्धारण और अंतर-राज्यीय सहयोग को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक हर सर्दी में हवा ज़हरीली होती रहेगी और दोषारोपण का यह सिलसिला चलता रहेगा।

अंततः, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और पूरे भारत के संदर्भ में वायु प्रदूषण को समझने के लिए हमें भावनात्मक और राजनीतिक सरलीकरण से आगे बढ़ना होगा। समाधान दोषारोपण में नहीं, बल्कि साझा प्रयास, संतुलित नीतियों और दीर्घकालिक शहरी व ग्रामीण सुधारों में निहित है। तभी स्वच्छ हवा को एक मौसमी राहत के बजाय नागरिकों का स्थायी अधिकार बनाया जा सकेगा।

**-सतीश मेहरा**

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## पूर्व मुख्य न्यायाधीश रिहा

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा में हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री जेवी गुप्ता को आज वगैर जमानत के रिहा कर दिया गया जबकि एडवोकेट आरके मित्तल को जमानत पर रिहा किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूर्व न्यायाधीश श्री जेवी गुप्ता को गत 15 दिसंबर को निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था श्री गुप्ता को प्रशासन जमानत पर छोड़ने के लिए कह रहा था लेकिन श्री गुप्ता वगैर जमानत पर रिहा होना चाहते थे आज आधा घंटा की बहस के बाद चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट ने उन्हें रिहा किया जबकि श्री मित्तल को 2 हजार रुपए की जमानत पर रिहा किया गया। श्री गुप्ता ने केस की सुनवाई के लिए आगामी 16 फरवरी निर्धारित की गई है। इधर भाजपा के अध्यक्ष श्री जयराम जोशी ने अपने एक वक्तव्य में कहा है कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश को इतनी देर हिरासत में रखना बड़े दुख की बात है।

## अयोध्या कांड के बाद राजनेता अपनी-अपनी डफली बजाने में मस्त

चंडीगढ़। अयोध्या काण्ड के बाद नेता अपनी अपनी डफली बजाने में मस्त है भारत की अर्थ व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। आयोध्या काण्ड हुआ क्या कोई राजपाट छोड़कर चला गया। दिल्ली में और बाहर राजपुरुष अपनी-अपनी डफली बजाने लगे। किसी ने उनसे पूछा नहीं लेकिन वे अपने आप कहने लगे कि भारत अर्थ व्यवस्था को कोई खतरा नहीं। दुख दारिद्रय दूर हो रहा है और अयोध्या काण्ड का हमारी प्रगति और विकास पर कोई असर नहीं पड़ेगा। क्या हम सोचते है कि अयोध्या जैसे छोटे कस्बे में आकर एक साढ़े चार सौ साल पुरानी इमारत ढाह दी तो क्या 80 करोड़ जनता भूखी मरने लगेगी। पुराने इतिहासकारों ने लिखा है कि एक और मैदान में सिकंदर और पोरस की लड़ाई हो रही थी। दूसरी ओर थोड़ी दूर पर किसान खेतों में हल चला रहा था उसी तरह अयोध्या में इमारत ढहती रहती है कारखाने चलते रहते है पर जा रहे है खेतों में सफल लहलहाती है लेकिन हम अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे उसी तरह कटोरा लिए खड़े है। क्या हम यह सोच रहे है कि इमारत ढहाने के साथ और कुछ भी हुआ है लेकिन नहीं केवल ये ठीक समक्ष रहे है कि जनता को नये सिरे से बहलाने की जरूरत है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1065 | लंदन में वेस्टमिंस्टर एबे को एडवर्ड द कॉन्सेप द्वारा या 1045 और 1050 के बीच बनाया गया था। |
| 1612 | गैलीलियो ने नेप्च्यून ग्रह को देखा और इसे स्थिर तारे की संज्ञा दी। |
| 1700 | लारेंस हाइड रोचेस्टर को पहला अर्ल आयरलैंड लॉर्ड लेफ्टिनेंट नियुक्त किया गया। |
| 1767 | राजा टेक्सिन को थाईलैंड के राजा का ताज पहनाया और अपनी राजधानी के रूप में थोनबुरी को स्थापित किया। |
| 1832 | जॉन सी। कैलहैन इस्तीफा देने के लिए यूनाइटेडस्टेट्स के पहले उपाध्यक्ष बने। |
| 1836 | स्पेन ने मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता दी। |
| 1846 | लोवा संयुक्त राज्यसंघ का 29 वां राज्य बना। |
| 1850 | रंगून और बर्मा आग लगने से नष्ट हो गए। |
| 1908 | दक्षिणी इटली के मेसिना और रेजो कालाब्रिया में आए भूकंप और सूनामी के बाद एक लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। |
| 1908 | इटली में 7.2 तीव्रता का भूकंप और उसके बाद आई सुनामी ने 100,000 से अधिक लोगों की जान ले ली। |
| 1912 | सैन फ्रांसिस्को म्युनिसिपल रेलवे, शहर की केबल नेटवर्क प्रणाली के संचालक ने अपनी पहली लाइन खोली। |
| 1942 | रॉबर्ट सुलिवन पहले पायलट बने, जिन्होंने अटलांटिक महासागर के ऊपर एक सौ बार उड़ानें भरी। |
| 1948 | एक मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्य ने मिस्र के प्रधानमंत्री महमूद फहीमी नकराशी की हत्या की। |
| 1950 | द पीक डिस्ट्रिक्ट ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना। |
| 1965 | इतालवी विदेश मंत्री अमीनोर फानफानी ने इस्तीफा दिया। |
| 1969 | यंग लॉर्ड्स ने ईस्ट हार्लेम में पहली स्पैनिश मेथोडिस्ट चर्च का अधिग्रहण किया। |
| 1974 | पाकिस्तान में 6.3 रिक्टर स्केल का भूकंप आया, जिसमें 5200 लोग मारे गए। |
| 2003 | अमरीका में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानि सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला लिया था। |
| 2010 | जर्मनी के हेनेबर्ग में, वैज्ञानिकों ने एक सेल्टिक राजकुमारी की कांस्य युग की कब्र की खोज की, जिसमें एम्बर, सोना, कांस्य और कोयला शामिल हैं। |
| 2010 | एक मानव के अवशेष जो 400,000 साल पहले रहते थे, वे इजरायल में खोजे गए थे, इस सिद्धांत को चुनौती देते हुए कि मनुष्यों की उत्पत्ति अफ्रीका में हुई थी। |
| 2011 | यदि पश्चिमी राष्ट्र अधिक प्रतिबंध लगाते हैं, तो ईरान स्टॉर्म ऑफ होर्मुज के प्रमुख तेल मार्ग को बंद करने की धमकी देता है। |

### बोल ब्यूटीफुल

**आदित्य राज कौल:** मोहम्मद यूनुस का यह कहना कि बांग्ला देश सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता है, ठीक वैसा ही है जैसे पाकिस्तान का यह दावा करना कि वह आतंकवाद-रोधी प्रयासों के लिए प्रसिद्ध है।



**कादंबिनी शर्मा:** अगर किसी के साथ अन्याय होते देख आप उसके साथ खड़े नहीं होते तो किसी दिन आपके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ बोलने वाला भी कोई नहीं होगा।

**मिन्हाज मर्चेंट:** बैंक आफ अमेरिका के अनुसार डाटा डिविडेड के कारण भारत सिलिकान वैली के एआइ भविष्य के लिए एक अनिवार्य आरएडंडी डाटा लैब बन चुका है। यह भूमिका भारत को आर्थिक और व्यापारिक वार्ताओं में महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त प्रदान करती है।

**आनंद रंगनाथन:** देश की अदालतों में इस समय लगभग 5.3 करोड़ मामले लंबित है, जिनमें से 91,080 मामले केवल सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। न्यायाधीश अवकाश पर जा सकते हैं, लेकिन न्यायाधीश अवकाश पर नहीं जा सकती।

# नए भारत का निर्माण: 2025-इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में बड़ी सफलताओं का वर्ष!

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

2025 भारत की विकास यात्रा में एक अहम अध्याय है। इंफ्रास्ट्रक्चर के हर क्षेत्र में रेल, सड़क, उड्डयन, समुद्र और डिजिटल, इस वर्ष भारत की विकास की महत्वाकांक्षाएं करोड़ों नागरिकों के लिए वास्तविकता में बदल गई। देश के सबसे दूरदराज के इलाकों से लेकर सबसे बड़े शहरी केंद्रों तक, कनेक्टिविटी बढ़ी, दूरियां घटीं, और लोगों की उम्मीदों को स्टील, कंक्रीट और ट्रैक का सहारा मिला।

वित्त वर्ष 2025-26 में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए सरकार का पूंजीगत निवेश बढ़कर 11.21 लाख करोड़ (लगभग 128.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया है, जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत है, जबकि अनुमान के मुताबिक 2047 तक भारत हर 12-18 महीनों में अपनी जीडीपी में .1 ट्रिलियन जोड़ेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास का गुणक बन गया है, और साल 2025 वह वर्ष है, जब इस गुणक से साफ नतीजे नजर आने शुरू हुए।

**मिजोरम पहली बार भारत के राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ा:** मिजोरम के आखिरकार भारत के राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ने पर इतिहास रच गया, जो पूर्वोत्तर के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है और राज्य के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई। इस उपलब्धि के साथ, मिजोरम भारत के रेलवे मैप में शामिल हो गया, जिसमें 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन है, यह प्रोजेक्ट 8,000 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है, जो आजाद भारत के इतिहास में पहली बार आइजोल को सीधे भारत के राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ता है।

मिजोरम की आबादी के लिए एक सिंगल रेलवे लाइन से इमरजेंसी सेवाएं, सैन्य लॉजिस्टिक्स, आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच, शिक्षा और रोजगार के मौकों में बड़ा बदलाव आया है। इतना ही नहीं, पहली माल ढुलाई 14 सितंबर, 2025 को हुई, जब असम से 21 सीमेंट वैगन आइजोल भेजे गए। बांस, बागवानी, खास फसलों जैसे स्थानीय कृषि उत्पाद अब सड़क परिवहन के अधिक खर्च के बिना पूरे भारत के बाजारों तक पहुच सकते हैं।

**सबसे कठिन इलाके पर जीत- दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का उद्घाटन:** उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट के अंतर्गत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज के उद्घाटन के साथ भारत के अभियांत्रिकी भरोसे ने नई ऊंचाइयों को छुआ। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने कश्मीर घाटी को पूरे देश से हर मौसम में रेल कनेक्टिविटी के जरिए जोड़ा, जिससे एक लंबे समय से चले आ रहे राष्ट्रीय लक्ष्य को वास्तविकता में बदला गया।

**तमिलनाडु में भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन:** 2025 में भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर कहानी समुद्र तक भी पहुच गई। पीएम मोदी ने तमिलनाडु में नए पंबन पुल का उद्घाटन किया।

नया पंबन पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल है और यह अपनी तकनीकी तरक्की और अनोखे डिजाइन के लिए दुनिया भर में मशहूर दूसरे पुलों जैसा ही है। इसमें अमेरिका का गोल्डन गेट ब्रिज, लंदन का टॉवर ब्रिज और डेनमार्क-स्वीडन का ओरेसंड ब्रिज शामिल हैं।

**भारत के पहले डेडिकेटेड कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट का लॉन्च:** पीएम ने 8,900 करोड़ रुपये के 'विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय बंदरगाह' का उद्घाटन किया। यह देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है, जो विकसित भारत के एकीकृत विजन के अंतर्गत भारत के समुद्री क्षेत्र में हो रही बदलाव लाने वाली प्रगति को दिखाता है।

**बिहार में पहली वंदे मेट्रो का लॉन्च:** बिहार की पहली वंदे मेट्रो, जिसे नमो भारत रैपिड रेल के नाम से भी जाना जाता है, को जयनगर को पटना से जोड़ने के लिए लॉन्च किया गया, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

अपनी तरह की यह पहली, पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड और बिना रिजर्वेशन वाली ट्रेन मौजूदा ट्रेनों से लगभग आठ घंटे की तुलना में सिर्फ साढ़े पांच घंटे में पटना पहुचती है।

**जेड-मोड़ टनल-जम्मू और कश्मीर में हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित:** 2025 में, पीएम ने जम्मू और कश्मीर में रणनीतिक जेड-मोड़ टनल का उद्घाटन किया, जो एक महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना है, जो सोनमर्ग को पूरे साल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है और लद्दाख क्षेत्र तक पहुंच को मजबूत करती है।

श्रीनगर-लेह हाईवे पर हिमस्खलन वाले हिस्सों को बायपास करने के लिए बनाई गई यह टनल नागरिकों की आवाजाही, पर्यटन प्रवाह और इमरजेंसी पहुंच में काफी सुधार करती है, साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा लॉजिस्टिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्ति के तौर पर भी काम करती है।

**पहली बार जम्मू से श्रीनगर तक रेल द्वारा सीधी कनेक्टिविटी:** पीएम मोदी हाई-टेक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन ने किया और इससे पहली बार जम्मू से श्रीनगर तक रेल के जरिए सीधी कनेक्टिविटी संभव हुई है।

**दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस):** दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का आखिरी हिस्सा पूरी तरह से वाणिज्यिक कार्यान्वयन के लिए खुल गया है, जिससे दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82.15 किलोमीटर का लिंक पूरा हो गया है। आरआरटीएस मेट्रोपॉलिटन कम्यूटिंग को नया रूप देता है। ये 180 किलोमीटर/ घंटे के कॉरिडोर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए भारत के विजन को दिखाते हैं, जो शहरी मेट्रो और इंटरसिटी रेल के बीच कड़े अंतर से आगे बढ़कर अलग-अलग दूरी के लिए तैयार किए गए तेज आवागमन के स्पेक्ट्रम की ओर बढ़ रहा है।

**नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन:** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन के साथ भारत की विमानन क्षमता में एक बड़ी छलांग लगी। इस मील के पत्थर से मुंबई के मौजूदा हवाई अड्डे पर बोझ कम हुआ और यात्री और कार्गो में तेजी की अगली लहर के लिए भारत की तैयारी मजबूत हुई।

**नौसैना इंफ्रा के लिए बड़ा साल:** 2025 नौसैनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी एक ऐतिहासिक वर्ष था। अगस्त 2025 में, भारत ने 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामान के साथ दो स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि को शामिल किया। यह पहली बार है कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्ड के दो प्रमुख सतह युद्धपोतों को एक ही समय में कमीशन किया जा रहा है।

**बेंगलुरु में येलो लाइन सेवा की शुरुआत:** पीएम ने आर. वी. रोड (रागिगुडा) मेट्रो स्टेशन पर येलो लाइन मेट्रो सेवाओं का उद्घाटन किया, जो बेंगलुरु के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी के टेक हब से जोड़ती है।

**बिजली की आखिरी छोर तक पहुंच:** मई 2025 में, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 17 दूरदराज के गांवों में आजादी के बाद पहली बार ग्रिड बिजली पहुंची, जिससे 540 परिवारों को लाभ मिला।

**पहली बस की पहुंच- काटेझारी, गढ़चिरौली में गतिशीलता:** 2025 में, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सल प्रभावित आदिवासी गांव काटेझारी को आजादी के बाद पहली बार बस परिवहन की सुविधा मिली और गांव वालों ने बस के आने का जश्न मनाया।

जो जुड़े नहीं थे, उन्हें जोड़ा गया- कोंडापल्ली में मोबाइल नेटवर्क पहुंचा: दिसंबर 2025 में, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के कोंडापल्ली गांव में आजादी के बाद पहली बार एक मोबाइल टावर लगाया गया, यह इलाका लंबे समय से बाहरी दुनिया से कटा हुआ था।

**अब 160+ हवाई अड्डे:** भारत का आसमान पहले से कहीं अधिक व्यस्त हो गया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एविएशन बाजार बन गया है। हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से बढ़कर 2025 में 163 हो गई है। इस बीच, जब भारत 2047 में आजादी के सौ वर्ष मनाएगा, तो सरकार का विजन तब तक एयरपोर्ट की संख्या बढ़ाकर 350-400 करना है।

**99 प्रतिशत रेलवे का विद्युतीकरण:** भारतीय रेलवे अपने लगभग पूरे ब्रॉड-गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण को पूरा करने के करीब है, जिसमें 99 प्रतिशत से अधिक का विद्युतीकरण पहले ही हो चुका है और बाकी हिस्सों का काम भी जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। पिछले कुछ वर्ष में काम में बहुत तेजी रही है।

**तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क:** भारत का मेट्रो नेटवर्क 248 किलोमीटर (2014) से बढ़कर 1,013 किलोमीटर (2025) हो गया है। भारत अब गर्व से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्क के रूप में खड़ा है, जो शहरी परिवहन विस्तार में इसकी तेज प्रगति को दिखाता है।

**सड़कें और राजमार्ग:** देश में एनएच नेटवर्क की लंबाई मार्च 2019 में 1,32,499 किलोमीटर से बढ़कर अभी 1,46,560 किलोमीटर हो गई। 4-लेन और उससे अधिक वाले एनएच नेटवर्क की लंबाई 2019 में 31,066 किलोमीटर से बढ़कर 43,512 किलोमीटर हो गई है, जो 1.4 गुना अधिक है।

# फुटबॉल की मजबूत परंपरा से पहचाना जाता है खड्ड गांव : मुकेश

## डिप्टी सीएम बोले- खेल संस्कृति ने युवाओं को नशे से दूर रखकर बनाई अनुशासित और सकारात्मक पहचान

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** प्रदेशभर में फुटबॉल के लिए विख्यात हरोली विधानसभा क्षेत्र के खड्ड गांव में पंडित मोहन लाल दत्त जी की पुण्य स्मृति में आयोजित 74वीं ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार सायं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। 30 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन यंग फार्मर क्लब द्वारा किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने खिला?ियों, आयोजकों तथा स्थानीय लोगों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खड्ड गांव ने फुटबॉल के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यहां के खिला?ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि खड्ड गांव को फुटबॉल की मजबूत परंपरा से पहचाना जाता है, क्योंकि यहां लगभग हर घर से कोई न कोई खिलाड़ी इस खेल से जुड़ा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खड्ड गांव के युवाओं ने फुटबॉल को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया है, जिसके चलते यह क्षेत्र नशे जैसी कुप्रवृत्तियों से दूर रहा है। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव विकसित हुआ है, जो समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।

उन्होंने खड्ड गांव की बेटियों की उपलब्धियों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं और देश की नामी फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुकी हैं। यह गांव खेलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मिसाल बनकर उभरा है।

### विजेता टीम को मिलेगी 71 हजार की धनराशि

इस अवसर पर फुटबॉल क्लब के चेयरमैन रामपाल ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और क्लब की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 71 हजार, उपविजेता को 61 हजार रूपये की धनराशि दी जाएगी, जबकि तृतीय व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 7100-7100 रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। इसके अलावा पहली जनवरी, 2010 को या इसके उपरांन्त की जन्मतिथि के युवाओं की अंडर 16 फुटबाल प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जा रही है, जिसकी विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खड्ड गांव को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श फुटबॉल गांव के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि यहां आउटडोर स्टेडियम में रात्रिकालीन टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए 46 लाख रुपये की लागत से फ्लड लाइटें लगाने की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी टूर्नामेंट से पूर्व फ्लड लाइटें स्थापित कर दी जाएंगी। इसके अलावा, खड्ड गांव में लगभग 13 करो? रुपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो क्षेत्र के खिला?ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार की खेल नीति का उल्लेख करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खिला?ियों को आधुनिक खेल अधोसंरचना, बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि गांवों से निकलकर खिला?ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।



# हरोली विद्यालय बनेगा राजीव गांधी आदर्श राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल : उपमुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरोली का चयन राजीव गांधी आदर्श राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल के रूप में किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत विद्यालय के समग्र विकास को लेकर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी तथा करोड़ों रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक और सर्वसुविधा-संपन्न शैक्षणिक परिसर का निर्माण किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शनिवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। स्कूल की छात्रा सिमरन ने नशा-निवारण पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया।

उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन की ओर से 31 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय के बच्चों के बैडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर पर चयन पर उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि करीब सवा सौ वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप आगे ले जाया जाएगा, जिसके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।

# सुखाहार मध्यम सिंचाई तथा फिन्ना सिंह सिंचाई योजना को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश : केवल सिंह पठानिया

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** उप मुख्य सचेतक एवं अध्यक्ष सामान्य विकास समिति केवल सिंह पठानिया ने आज यहां हिमाचल प्रदेश विधानसभा की सामान्य विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुखाहार मध्यम सिंचाई योजना और फिन्ना सिंह सिंचाई योजना के बारे में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि 219 करो? रुपये की सुखाहार मध्यम सिंचाई योजना से ज्वाली, शाहपुर और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 45 गांव के 24 हजार किसानों की 2,186 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से जो?ने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का शाहपुर के चंगर क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी योजनाओं का डाटा तैयार कर शीघ्र पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर इस योजना का सयमबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने कांग?ा के नूरपुर स्थित फिन्ना सिंह सिंचाई योजना पर भी शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष, 2011 में 204 करो? रुपये की प्रारम्भिक राशि से शुरू की गई इस योजना की अनुमानित लागत अब ब?कर 646 करो? रुपये से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस परियोजना को मार्च, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि योजना का लगभग 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब बांध के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। इस परियोजना से नूरपुर और आसपास के 60 गांव लाभान्वित होंगे और 4025 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

बैठक में विधायक विनोद कुमार, जेआर कटवाल, सुदर्शन बबलू और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# राज्यपाल ने लोक भवन कैलेंडर 2026 किया जारी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज लोक भवन में आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में लोक भवन सचिवालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी किया।

इस कैलेंडर में वर्ष 2025 में राज्यपाल की विभिन्न जनसरोकारों से जु?ी गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया है। नशा मुक्त हिमाचल और आपदा राहत को केन्द्र में रखकर इस कैलेंडर को तैयार किया गया है। नशामुक्त हिमाचल अभियान में युवाओं को नशे के दुषप्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। हिमाचल में आयी प्राकृतिक आपदा में राज्यपाल द्वारा संचालित की गई राहत गतिविधियों को दर्शाया गया है। इसमें संकट की घ?ी में राज्यपाल द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए कार्यो को प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल ने लोकभवन सचिवालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण तिथियों और आयोजनों के संकलन के साथ-साथ यह कैलेंडर एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त हिमाचल प्रदेश के निर्माण के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित कर रहा है।

# नदियों व नालों के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध

जिला दण्डाधिकारी ने जारी किए आदेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 27 दिसंबर।** जिला कुल्लू में शीतकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू, तोरुल एस. रवीश, ने हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 111 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, जिले में नदियों, खड्डों, नालों एवं अन्य जल स्त्रोतों के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में आम जनता, पर्यटकों एवं आगंतुकों के प्रवेश एवं आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश विशेष रूप से नववर्ष समारोह एवं पीक टूरिस्ट सीजन के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए लागू किया गया है।

शीतकालीन मौसम में कई पर्यटक एवं आगंतुक फोटोग्राफी, सेल्फी एवं मनोरंजन गतिविधियों के लिए नदी तटों एवं नदी तल में प्रवेश कर रहे हैं। विशेषकर बजौरा से सोलंग नाला, भुंतर से मणिकर्ण तथा बंजार उपमंडल में तीर्थन खड्ड के आसपास ऐसे मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर चेतावनियाँ जारी की जाती रही हैं, लोग जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार सर्दियों के मौसम में ऊपरी क्षेत्रों से अचानक पानी छोड़े जाने, जलविद्युत परियोजनाओं से डिस्चार्ज, बर्फ जमने, फिसलन भरे तट, कम तापमान एवं धीमी प्रतिक्रिया क्षमता के कारण दुर्घटनाओं एवं डूबने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। पूर्व में भी ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश के कारण जानमाल की हानि की घटनाएँ घटित हो चुकी हैं।

इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जन सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा मानव जीवन की रक्षा के उद्देश्य से आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत केवल प्राधिकृत साहसिक गतिविधियों या आजीविका से जुड़े कार्यों के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही प्रवेश मान्य होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने बिलासपुर को 110 करोड़ की दी सौगात



**बिलासपुर (अजय मल्होत्रा)।** सीएम सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर जिले के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बिलासपुर में लगभग 110 करोड़ रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर शहर के लिए 93.30 करो? रुपये की मल निकासी योजना के निर्माण कार्य तथा पुलिस लाइन बिलासपुर में 12.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले स्टाफ क्वार्टरों की आधारशिला रखी। उन्होंने पीएमकेकेकेवाई योजना के तहत बिलासपुर एवं घुमारवीं नगर क्षेत्र के लिए 4.38 करो? रुपये की लागत से स्थापित सीसीटीवी मैट्रिक्स डीएमएफटी (नेत्रम सर्विलांस व क्राइम रिस्पोंस सेंटर) का उद्घाटन किया।

### स्वास्थ्य मंत्री कल सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 29 दिसम्बर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 29 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 11.30 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस सरकार : अमित सूद

**कुल्लू 27 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** हिमाचल प्रदेश में जनता पहले ही कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों से परेशान चल रही है तो वहीं अब कुल्लू, मनाली में पानी के बढ़े हुए बिलों से आम जनता त्रस्त हो गई है। हालांकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी दशहरा उत्सव के दौरान पानी के बिलों को कम करने का जनता को आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उसमें कोई सुधार नहीं किया गया है। जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने कांग्रेस



सरकार तथा कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को घेरते हुए कहा कि लोगों ने उपमुख्यमंत्री और कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के कहने पर पानी के बिल नहीं भरे और अब विभाग के द्वारा पानी के बिल ना भरने पर लोगों पर भारी भरकम जुर्माना लगाया जा रहा है। ऐसे में अब जनता किसका विश्वास करें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को स्थानीय जनता ने जोर शोर से प्रशासन तथा सरकार के समक्ष रखा था और उन्हें उम्मीद थी कि सरकार उनके हितों की रक्षा करेगी। लेकिन पानी के बिल बिल्कुल भी कम नहीं हुए। पहले ही जनता सरकार की गलत नीतियों से परेशान है और अब पानी के बढ़े हुए बिलों से भी लोग काफी परेशानी में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले तीन महीने में पानी का बिल एक हजार रुपए आता था तो अब वही बिल 10 हजार रुपए तक पहुंच गया है। इसके अलावा कुल्लू और मनाली में कई संस्थानों में पानी के बिल एक एक लाख से ऊपर दिए जा रहे हैं। वहीं जनता जब जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से इस बारे बात कर रही है तो विभाग का भी कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई भी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

# बंजार विधानसभा क्षेत्र के लारजी में अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम आयोजित



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 27 दिसंबर।** आज भारतीय जनता पार्टी बंजार विधानसभा क्षेत्र द्वारा लारजी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, असंख्य भारतवासियों के हृदयों पर अमिट छाप छोड़ने वाले परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित ÷अटल स्मृति वर्ष÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व बंजार क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस गरिमामय अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री, आदरणीय गोविंद सिंह ठाकुर जी का कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिनके अनुभव एवं विचारों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और संकल्प का संचार हुआ।

अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना और उनके सपनों के सशक्त, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध रहना ही इस कार्यक्रम का मूल संदेश रहा। इस मौके पर बंजार क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और अंत्योदय की भावना को समर्पित रहा है। उनका विचार, उनका नेतृत्व और उनका मार्ग आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# आगामी वर्ष साहस व निर्णय की परीक्षा लेने वाला होगा : पं. शशिपाल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

बोले – हिमाचल में सत्ता और विपक्ष के बीच सीधा टकराव संभव

सूर्य प्रधान वर्ष 2026 में मिलता है नई शुरुआत, नेतृत्व परिवर्तन और निर्णायक फैसलों का संकेत

**ऊना।** अंक ज्योतिष के अनुसार वर्ष 2026 एक अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी वर्ष सिद्ध होने जा रहा है। वर्ष 2026 की अंक गणना 2+0+2+6 = 10 =1 होती है, यानी यह मूलांक 1 का वर्ष है, जिसका स्वामी ग्रह सूर्य माना जाता है। सूर्य को सत्ता, नेतृत्व, प्रशासन, आत्मबल, सम्मान और सरकार का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण 2026 को नई शुरुआत, निर्णायक नेतृत्व, सत्ता संतुलन में बदलाव और आत्मनिर्भरता का वर्ष कहा जा रहा है।

जाने माने अंक ज्योतिषाचार्य पंडित शशिपाल डोगरा के मुताबिक यह वर्ष साहस और निर्णय की परीक्षा लेने वाला होगा। जो नेतृत्व जोखिम उठाकर आगे बढ़ेगा, वही सफलता पाएगा। वहीं पुरानी सोच और जड़ता में फंसे लोगों को संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है। राजनीति, प्रशासन, समाज और व्यक्तिगत जीवन, हर स्तर पर ÷नई शुरुआत÷ के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं।

पंडित डोगरा के अनुसार वर्ष 2026 में वैश्विक राजनीति में सत्ता और नेतृत्व से जुड़े घटनाक्रम प्रमुख रहेंगे। कई देशों में नेतृत्व परिवर्तन, सत्ता संघर्ष और कठोर राजनीतिक फैसलों के योग बन रहे हैं। शक्तिशाली राष्ट्र एकतरफा निर्णय ले सकते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका कमजोर पड़ने की आशंका है। कूटनीति की जगह सत्ता और शक्ति की भाषा हावी रह सकती है।

इस दौरान सीमाई विवाद, सैन्य तनाव और रक्षा बजट में वृद्धि की संभावना भी जताई जा रही है। राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता पर जोर बढ़ेगा। आर्थिक क्षेत्र में नई नीतियां लागू होंगी, पुराने समझौते टूट सकते हैं और बड़े उद्योग व कॉर्पोरेट घराने और अधिक मजबूत स्थिति में आ सकते हैं। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अंतरिक्ष, रक्षा, ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में तेज़ प्रगति देखने को मिलेगी, वहीं तकनीक पर सरकारी नियंत्रण भी बढ़ सकता है।

पंडित डोगरा ने कहा कि भारत के लिए वर्ष 2026 एक मजबूत और निर्णायक शासन का संकेत देता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलांक 8 (शनि) माना जाता है, जबकि 2026 सूर्य का वर्ष है। सूर्य और शनि के संयोग को सत्ता की कड़ी परीक्षा का संकेत माना जाता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री के पिछले निर्णयों का फल सामने आ सकता है। सत्ता बनी रहेगी, लेकिन विरोध, आलोचना और जनआंदोलनों में वृद्धि संभव है। ऐसा में बड़े और कठोर फैसले लिए जा सकते हैं, जिनसे प्रशासनिक अनुशासन मजबूत होगा। हालांकि स्वास्थ्य और थकान से जुड़ी सावधानी बरतने की भी सलाह दी जाती है।

### अंक ज्योतिष के अनुसार वर्ष 2026 का मूलांक विश्लेषण

2026 = 2+0+2+6 = 10 ? 1+0 = 1

अर्थात 2026 का वर्षांक = 1 (सूर्य)

यह वर्ष नेतृत्व, सत्ता, परिवर्तन, नई शुरुआत और निर्णयों का संकेत देता है।

**मूलांक 1 (1, 10, 19, 28)**
यह वर्ष बहुत शुभ रहेगा?। पद-प्रतिष्ठा, नेतृत्व, राजनीति, प्रशासन में उन्नति, नया काम शुरू करने के लिए उत्तम समयअहंकार से बचें।

**मूलांक 2 (2, 11, 20, 29)**
इस वर्ष मिश्रित फल मिलेगा। इस? दौरान साझेदारी व रिश्तों में सावधानी बरतें। मानसिक तनाव संभव, धैर्य रखें, निर्णय सोच-समझकर लें।

**मूलांक 3 (3, 12, 21, 30)**
इस वर्ष शिक्षा, धर्म, सलाहकारी क्षेत्र में लाभ

मान-सम्मान बढ़ेगा। इस वर्ष अनावश्यक वाद-विवाद से बचें।

**मूलांक 4 (4, 13, 22, 31)**
इस वर्ष संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी। तकनीकी, ज़मीन, निर्माण कार्य में योग, जल्दबाज़ी नुकसान दे सकती है।

**मूलांक 5 (5, 14, 23)**
यह बदलावों का वर्ष रहेगा। इस दौरान राजनीति, मीडिया, व्यापार में लाभ यात्राएं बढ़ेंगी। अवसर पहचानना ज़रूरी?

**मूलांक 6 (6, 15, 24)**
सुख-सुविधा, वैभव में वृद्धि होगी। प्रेम व पारिवारिक जीवन अनुकूल रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मूलांक 7 (7, 16, 25)**
यह आत्ममंथन का वर्ष है। इस दौरान आध्यात्मिक प्रगति, शोध व गूढ़ विषयों में रुचि होगी। अकेलापन महसूस हो सकता है।

**मूलांक 8 (8, 17, 26)**
यह वर्ष कर्मफल का वर्ष रहेगा। इस दौरान राजनीति व प्रशासन में निर्णायक समय, पुरानी मेहनत का फल मिलेगा। धैर्य और संयम आवश्यक है।

**मूलांक 9 (9, 18, 27)**
यह वर्ष साहस और संघर्ष का वर्ष रहेगा। इस दौरान सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रियता विरोधी भी बढ़ेंगे।

# केवीके शिमला ने जीता हिमाचल प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र का पुरस्कार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), शिमला जो रोहडू में स्थित है को वर्ष 2025 के लिए आईसीएआरङ्कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-एटारी), जोन-ढ्ढ द्वारा हिमाचल प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान आईसीएआर-एटारी, जोन-ढ्ढ, लुधियाना द्वारा आयोजित केवीके की वार्षिक जोनल कार्यशालाङ्क2025 के दौरान प्रदान किया गया। यह कार्यशाला इस सप्ताह शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (स्द्मस्ञ्ज), जम्मू में आयोजित की गई, जिसमें पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के कृषि विज्ञान केंद्रों ने भाग लिया। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 13 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं।

यह पुरस्कार मुख्य अतिथि प्रो. बी.एन. त्रिपाठी, कुलपति, स्द्मस्ञ्ज जम्मू द्वारा प्रदान किया गया, जिसे निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंदर देव एवं डॉ. उषा शर्मा, वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके शिमला ने डॉ. परवेंद्र श्योराण, निदेशक, आईसीएआर-एटारी, जोन-I की उपस्थिति में प्राप्त किया।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMEN**
**e Web:- www.hppwd.gov.in E mail:- hp-kin@nic.in**
**Phone No:- 01786-226027 Fax:- 01786-226027.**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer Kalpa Division, HP.PWD. Kalpa, District Kinnaur (HP) on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate, in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Starting Date for down-loading Bid. | Earnest Money | Eligible Class of Contractor | Deadline for submission of Bid. | Date of opening of Technical bid. | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Sainik Rest House at Reckong Peo in District Kinnaur (HP) (SH:- Civil work and WS & SI etc. of ground floor) | 1,39,20,119/- | 29-12-2025 | 2,78,400/- | B & C Class | 05-01-2026 | 06-01-2026 | One Year |

Conditions for work in hand:-

Class B:- Bidders should neither have more than 2 works of awarded amount more than 5.00 crore each nor should have sum of all awarded works more than 20.00 crore.

Class C:- Bidders should neither have more than 2 works of awarded amount more than 2.00 crore each nor should have sum of all awarded works more than 8.00 crore. (As per Govt. Notification No. PWD-(B)-F(1)3/2025 -2680-25 dated 29-10-2025)

The bidders are advised to note other details/condition of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

RO No. 5301_2025-2026 | AP No : 6835

Executive Engineer,
Kalpa Division, HP.PWD. Kalpa

## पंचकूला में नशे के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन : स्नीफर डॉग स्क्वॉड टीम के साथ नशेड़ियों पर दबिश

**पंचकूला।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशे की रोकथाम के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। शनिवार को पुलिस पोस्ट सेक्टर-2 की टीम ने पीएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड के सहयोग से गांव हरिपुर , सेक्टर -4 , पुलिस पोस्ट सेक्टर-1 की टीम ने एसआई राममेहर के नेतृत्व में खरक मंगोली क्षेत्र व पुलिस पोस्ट सेक्टर -19 की टीम ने एसआई मलकीत सिंह के नेतृत्व में अभयपुर गांव में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग की। अभियान के दौरान गलियों , दुकानों, खुले स्थानों, खाली प्लॉटों, झाड़ियों, संदिग्ध ठिकानों तथा संवेदनशील बिंदुओं पर गहन तलाशी ली गई। कॉम्बिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान व सत्यापन किया गया।

नशे की रोकथाम पर विशेष कार्रवाई÷ अभियान के दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री एवं सेवन से जुड़े संभावित ठिकानों की विशेष रूप से जांच की गई। स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पंचकूला पुलिस द्वारा भविष्य में भी एरिया डोमिनेशन, कॉम्बिंग, पेट्रोलिंग तथा नशा विरोधी अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और स्वस्थ समाज सुनिश्चित किया जा सके।

### एरिया को बांटने से पहले वैचारिक मतभेदों को किया जाएगा दूर

# वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन दो दिन में, आपत्तियों के बाद तब्दीली के संकेत

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को लेकर हाल ही में प्रशासनिक समिति की तरफ से यूएलबी को भेजे गए वार्डबंदी के ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। सोमवार तक फाइनल नोटिफिकेशन की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद नगर निगम चुनाव की तिथि की घोषणा भी कभी कर दी जाएगी।

प्रशासनिक समिति की राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के बाद यूएलबी उन आपत्तियों पर वार्डबंदी की नोटिफिकेशन में बदलाव कर सकता है, जिसमें एरिया तब्दीली को लेकर लोगों में नाराजगी जताई जा रही है। हालांकि, सरकार की वार्डबंदी नीति के मुताबिक एरिया को बांटने से पहले वैचारिक मतभेदों को दूर किया जाएगा। इसके बाद फाइनल ड्राफ्ट जारी कर दिया जाएगा।

**यूएलबी के पास भेजी आपत्तियां**

सूत्रों ने बताया कि नेताओं से मिली आपत्तियों को प्रशासन ने अर्बन लोकल बॉडीज के पास भेज दिया है। सोमवार तक नई वार्डबंदी की घोषणा कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा आपत्तियों को सही करने और ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में बदलाव के लिए भी कहा गया है। संभव है कि वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन आपत्तियां दूर करने के बाद यूएलबी के निदेशक द्वारा एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के पास भेजी जाएंगी। इसके बाद वार्डबंदी की नई नोफिकेशन जारी कर दी जाएगी।

हमने राजनीतिक दलों की वार्डबंदी को लेकर ड्राफ्ट नोटिफिकेशन पर आपत्तियों पर सुनवाई पूरी कर ली है और सोमवार तक वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी। हमने हर आपत्ति पर विचार किया है और वार्डबंदी में कमियों को दूर किया जाएगा।



*सतपाल शर्मा, डीसी, पंचकूला*

यूएलबी इसे सरकार के पास भेजेगी। डीसी सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में कांग्रेस, जन नायक जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा आपत्तियां जताई गई। इनमें से कुछ ने राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के आर पार सेक्टरों को मिलाकर एक वार्ड बनने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। वहीं सेक्टरों के गांवों और कॉलोनियों के साथ मिलकर एक वार्ड बनाने पर भी जिला प्रशासन को आपत्तियां मिली हैं। जिन वार्डों में पिछली वार्डबंदी के एरिया जोड़े गए या हटाए गए हैं, उनके संबंध में नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर नोटिफिकेशन में बदलाव करने को गलत बताया क्योंकि वार्डों में नए एरिया शामिल होने के बाद उन्हें मिलती आ रहीं प्रशासनिक सुविधाओं के लिए नए सिरे से मशक्कत करनी पड़ेगी। सरकार को दस विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों के आपत्ति व सुझाव मिले। जन नायक जनता दल की तरफ से वार्ड नंबर 2, 14 और 17 में की गई तब्दीली पर आपत्ति जताई।

## क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

**रिटायर्ड कर्नल के घर चोरी मामले का खुलासा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** रिटायर्ड कर्नल के बंद मकान में हुई चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-19, पंचकूला की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों समीर, निवासी बुढ़नपुर, तथा राहुल उर्फ मुंगी, निवासी राजीव कॉलोनी, को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर-17, पंचकूला स्थित एक बंद पड़े मकान में चोरों ने 12, 13 और 14 दिसंबर की रात लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक सरबजीत सिंह, जो कि रिटायर्ड कर्नल हैं, ने पुलिस को बताया कि वह कुछ माह पूर्व अपने परिवार सहित हैदराबाद शिफ्ट हो गए थे, जिसके चलते मकान बंद था। इस मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर सभी कमरों, किचन, ड्राइंग हॉल, अलमारियों एवं लॉकर की बारीकी से तलाशी लेकर चोरी की। इस चोरी की वारदात में आरोपी करीब ढाई लाख रुपये के गहने तथा 75 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी मिलने पर मकान मालिक स्वयं पंचकूला पहुंचे और पुलिस थाना सेक्टर - 14 में शिकायत दर्ज करवाई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी का घर लंबे समय से बंद है या वे छुट्टियों के दौरान कहीं बाहर जा रहे हैं, तो इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस चौकी में अवश्य दें।

## सहृदयता, प्रखर वक्ता और ओजस्वी कवि के रूप में अटल जी हमेशा याद किये जायेंगे : अजय मित्तल

**वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर अटल सुशासन सम्मेलन का आयोजन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को किया याद**



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 27 दिसंबर।** भाजपा मुख्यालय पंचकमल के अटल सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर अटल स्मृति सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मलेन में अटल जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया।

जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, नगर महापौर कुलभूषण गोयल, सम्मलेन के संयोजक विशाल सेठ, सह संयोजक सुदेश बि?लान, आशीष गुलेरिया सहित तमाम गणमान्य जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सम्मेलन में बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, वाजपेयी जी अपनी सहृदयता, प्रखर वक्ता और ओजस्वी कवि के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे। वाजपेयी जी का व्यक्तित्व, कार्य और नेतृत्व लम्बे समय तक देश के सर्वांगीण विकास का पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। अजय मित्तल ने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प सभी ने लेना चाहिए। अजय मित्तल ने कहा, अटल जी के द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए भाजपा शासित हरियाणा सरकार जन सेवा के तमाम योजनाएं चला रही है, जिनमे परिवार पहचान पत्र, चिरायु योजना, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, सक्षम युवा योजना, किसान समृद्धि योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता सहित तमाम योजनाओं से करोड़ों हरियाणा वासी लाभान्वित हो रहे है। अटल व्यक्तित्व और विचार की यात्रा विषय पर बोलते हुए सम्मेलन के संयोजक विशाल सेठ ने कहा, अटल जी अपनी सरल भाषा में अपनी बात लोगों के मन में आसानी से पहुंचा दिया करते थे।

## डॉ. सुरेश कुमार अंगुराना को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 दिसंबर।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के डॉ. सुरेश कुमार अंगुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार ङ्क विज्ञान युवा (शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार) 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया।

डॉ. अंगुराना वर्ष 2025 के लिए चयनित 15 विज्ञान युवा पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं। वे वर्तमान में PGIMER चंडीगढ़ के एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर में बाल रोग विभाग के अंतर्गत पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर डिवीजन में अतिरिक्त प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें यह सम्मान बाल चिकित्सा और बाल गहन चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय शोध और योगदान के लिए दिया गया है।

डॉ. सुरेश कुमार अंगुराना के शोध ने गंभीर रूप से बीमार बच्चों में गट माइक्रोबायोम की भूमिका को समझने में अहम योगदान दिया है। क्रिटिकल केयर मेडिसिन (2013) में प्रकाशित एक प्रमुख अध्ययन में यह सिद्ध हुआ कि मल्टी-स्ट्रेन प्रोबायोटिक्स का उपयोग करने से ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स ले रहे बच्चों में कैंडिडा संक्रमण और कैंडिड्यूरिया की दर में उल्लेखनीय कमी आई।

इसके अलावा, क्रिटिकल केयर मेडिसिन (2018) में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में यह पाया गया कि प्रोबायोटिक्स ने गंभीर सेप्सिस में सूजन को कम किया और बच्चों के क्लीनिकल परिणामों में सुधार किया। पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर मेडिसिन (2013) में 720 बच्चों पर किए गए अध्ययन से यह प्रमाणित हुआ कि नियमित प्रोबायोटिक उपयोग से इनवेसिव कैंडिडियासिस की घटनाओं में कमी आती है।



## स्वदेशी महोत्सव-2025 बना जन-जागरण का सशक्त मंच

**स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति और रामायण मंचन ने पंचकूला में बांधा समा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी महोत्सव-2025 अपने सातवें दिन पूर्ण उत्साह और जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ता नजर आया। महोत्सव में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जो न केवल स्वदेशी उत्पादों की खरीद कर रहे हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली से भी जुड़ रहे हैं। यह महोत्सव अब केवल एक मेला नहीं, बल्कि स्वदेशी विचारधारा को जन-आंदोलन का रूप देने वाला मंच बनता जा रहा है। महोत्सव परिसर में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां पूर्ण रूप से स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री हो रही है। आयुर्वेदिक उत्पाद, हस्तशिल्प, स्वदेशी वस्त्र, घरेलू उपयोग का सामान और पारंपरिक खानपान लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने की प्रेरणा देना है।

महोत्सव में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता ने युवाओं में खासा उत्साह भर दिया, वहीं बच्चों और बड़ों के लिए प्रस्तुत जादू शो ने सभी को रोमांचित कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। इसके साथ ही कच्ची घोड़ी नृत्य, योग प्रदर्शन और अन्य लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय लोक परंपराओं की जीवंत झलक पेश की। सांस्कृतिक संध्या के दौरान हरियाणवी संस्कृति, लोकगीतों और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सही तरीके से ब्रश करके ही बढ़ाई जा सकती है दांतों की उम्र



**जीरकपुर।** ब्रश करने के सही तरीके से ही से दांतों की उम्र बढ़ाई जा सकती है। चेहरे की बनावट दांतों की सुंदरता पर निर्भर करती है। उक्त विचार इंडियन डेंटल एसोसिएशन मोहाली की पूर्व अध्यक्ष डॉ.रेमिका वढेरा ने प्रयोग फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे प्रोजैक्ट ऑपरेशन दंत रक्षक के तहत पीरमुछल्ला स्थित वैलनेस वुड्स में आयोजित कैंप के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 12 साल से लेकर 60 साल तक की उम्र के व्यक्ति को दांतों की समस्या हो सकती है। डॉ.कविता शर्मा ने कहा कि खान पान में बदलाव के कारण दांतों की बीमारियों में लगातार वृद्धि हो रही है। डॉ.दिव्या सिंगला ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव के कारण दांतों की एक्सरसाइज खत्म हो गई है, जिसके चलते युवाओं में दांत टेढे होने की समस्या लगातार बढ़ रही है। वैलनेस वुड्स एवं ओज फिटेनस क्लिनिक एवं एजुकेश सेंटर की संचालक डॉ.विभा बावा हेल्थ एंड वेलनैसे के बारे में लोगों को जागरूक किया। कैंप के दौरान डॉ.प्रतिभा के सहयोग से करीब सौ लोगों की जांच करके मुफ्त परामर्श दिया गया। प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा ऑपरेशन दंत रक्षक के तहत आज 47वां शिविर आयोजित किया गया है। इसके अलावा 50 के करीब जागरूकता कार्यक्रम किए जा चुके हैं। इस अवसर पर प्रयोग फाउंडेशन की बोर्ड सदस्या एवं प्रसिद्ध लेखिका सीमा गुप्ता, उपाध्यक्ष नवनीत शर्मा, प्रोजेक्ट इंचार्ज शिवांगी बंसल, काव्यांश बावा समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

### ब्लॉसम कॉन्वेंट स्कूल में मनाया क्रिसमस का पर्व



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** ब्लॉसम कॉन्वेंट स्कूल नयागांव में क्रिसमस का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री और सितारों से सजाया गया। किंडरगार्डन के बच्चों ने सांता क्लॉज़ की वेशभूषा में आकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रभु यीशु के जन्म और उनके प्रेम, शांति व करुणा के संदेश पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैरल गीत गाए, नृत्य प्रस्तुत किया और छोटे-छोटे नाटकों के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन संदेश को दर्शाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती गीता संधू और उप प्रधानाचार्य श्रीमती मुकेश चौधरी जी ने बच्चों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना का महत्व समझाया। अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाइयाँ वितरित की गईं।

## लोगों की समस्याओं को सदन में उठाकर समाधान करवाएंगे : वरुण

**सांसद वरुण चौधरी का कालका, पिंजौर क्षेत्र में तूफानी दौरा, लोगों की**



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** अंबाला लोकसभा के सांसद वरुण चौधरी ने आज पिंजौर, कालका क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और लोगों की समस्याएं भी सुनी। वरुण चौधरी ने स्थानीय सूरजपुर रामपुर सियु?ी में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया, गांव गणेशपुर देवी मंदिर भोगपुर जिला परिषद अध्यक्ष सुनील शर्मा के निवास पर लोगों की समस्या सुनी उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भी लोगों की समस्या सुनी और बाद में उन्होंने गगन कुमार के निवास पर जाकर उनके पिता भूपेंद्र सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

उधर पिंजौर के तीन कार्यक्रमों में सांसद वरुण चौधरी के साथ पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौहान, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता मान, कांग्रेस पूर्व महासचिव मनवीर कौर गिल, पूर्व सरपंच योगेंद्र ठाकुर, नगर परिषद पार्षद सीमा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश कोना, चंचल शर्मा, सचिन शर्मा, भीमसेन पूर्व सरपंच, बलवंत, नेत्रपाल, मामू, प्रकाश गोस्वामी, प्रीतम भींवर सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

नगर परिषद के वार्ड 18 स्थित सूरजपुर रामपुर सियु?ी में लोगों ने सांसद वरुण चौधरी को अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि उनकी सभी कॉलोनीयों को रेगुलर करवाया जाए, कॉलोनी में श्मशान घाट नहीं है, पार्क नहीं है, महादेव कॉलोनी में लोगों के घरों का गंदा पानी का नाला बंद कर दिया गया है वहां भी पानी की निकासी की मांग की। पार्षद सीमा देवी ने कहा कि जब से नगर परिषद पिंजौर, कालका का गठन हुआ है तभी से उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा अधिकारी कहते हैं यह कॉलोनी अवैध है, 2 वर्ष पूर्व कौशल्या नदी में आई बाढ़ से बहे मकानो का लोगों को मुआवजा नहीं मिला।

लोगों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि वे लोगों की समस्याओं को सदन में उठाएंगे और उन्हें सरकार और अधिकारियों तक पहुंचा कर उनका समाधान करवाने का प्रयास करेंगे और सांसद निधि फंड से भी विकास करवाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो जो मांगे रखी है वैसे भी जायज हैं उनके जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। वरुण चौधरी ने कहा कि वह हमेशा लोगों के बीच में ही रहते हैं और लोगों की समस्याएं सुनते हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए वह सांसद निधि फंड से ग्रांट भी देंगे।

## संजय टंडन ने राज्यपाल को भेंट की यूटीसीए की यात्रा पर आधारित पुस्तक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** बीसीसीआई की वूमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के फाऊंडर प्रेजीडेंट संजय टंडन ने शनिवार को लोक भवन में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को फ्रम ऐफिलेशन टूवर्ड्स एक्सीलेंस - यूटीसीए, चंडीगढ़ (2019-2025) पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक यूटीसीए की ऐफिलेशन के बाद से अब तक की प्रेरणादायक यात्रा को दर्शाती है और बीते छह वर्षों में चंडीगढ़ में क्रिकेट के निरंतर विकास को उजागर करती है। इसमें विभिन्न आयु वर्गों में चंडीगढ़ के खिलाड़ियों की उपलब्धियों, राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन तथा शहर में एक मजबूत क्रिकेटिंग इकोसिस्टम विकसित करने के लिए किए गए प्रयासों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

पुस्तक में यूटीसीए द्वारा शुरू की गई प्रमुख प्रतियोगिताओं के विकास को भी दर्शाया गया है, जिन्होंने चंडीगढ़ के क्रिकेट को नई दिशा दी है। चंडीगढ़ प्रीमियर लीग ने स्थानीय और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान किए हैं। वहीं, गली क्रिकेट पहल, जो कई सीजन में आयोजित की गई, ने खेल को जमीनी स्तर तक पहुंचाते हुए मोहल्लों से प्रतिभाओं की पहचान में अहम भूमिका निभाई है।

# महापौर कुलभूषण गोयल बोले- विकास में नहीं छोड़ी कोई कसर

**सेक्टर-10 की मार्केट में विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल ने सेक्टर-10 की मार्केट में सड़क की री-कारपेटिंग एवं अन्य विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके सेक्टर-10 पहुंचने पर वार्ड पार्षद सोनिया सूद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। महापौर कुलभूषण गोयल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सेक्टर-10 सहित पूरे वार्ड नं. 4 के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से सड?, पार्क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य कराए गए हैं। उनका उद्देश्य है कि पंचकूला को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए। ÷इस अवसर पर अमन गंभीर, विजय कुमार, रमेश शमी, अरुण निझावन, विनोद ठुकराल, महेंद्र धवन, मुंशी राम अरोड़ा, जयकुमार कौशिक, प्रमोद वत्स, कुलवंत शर्मा, सन वर्मा, के. के. बजाज, जगदीश शर्मा, प्रितपाल नगर, गोपाल शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा सेक्टर-8, 9 एवं 10 में व्यापक स्तर पर विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें सेक्टर-10, पंचकूला में विभिन्न पार्कों में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण, पार्कों का नवीनीकरण एवं रख-रखाव, ईंट कार्य, प्लास्टर, पेंट और ग्रिल की मरम्मत, ईपीडीएम ट्रैक का निर्माण तथा बेंचों की आपूर्ति एवं स्थापना शामिल है। इसके साथ ही सेक्टर-8, 9 एवं 10 के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम उपकरण, एलईडी पोस्ट-टॉप लाइट और फ्लड लाइट लगाने के कार्य भी किए जा रहे हैं। सड?ों और ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सेक्टर-8 में 900 मि.मी. आंतरिक व्यास की आरसीसी पाइप डालने, स्टॉर्म वाटर लाइनों के निर्माण, सड? गुली एवं मैनहोल की मरम्मत व नए निर्माण, रिचार्ज वेल की सफाई व भराई जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा सेक्टर-8, 9 एवं 10 की आंतरिक और मुख्य बिटुमिनस सड?ों का सुदृढ़ीकरण, स्पीड टेबल का निर्माण तथा कमर्शियल बेल्ट और शॉपिंग सेंटर की पार्किंग में री-कारपेटिंग का कार्य भी किया जा रहा है। शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से सेक्टर-9 व 10 के राउंडअबाउट, डिवाइडिंग रोड, सीबीडी की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण, गुरु रविदास राउंडअबाउट व अग्रसेन राउंडअबाउट के पास पार्कों का नवीनीकरण किया जाएगा। वहीं रोशनी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सेक्टर-10 में शीराज़ होटल के पीछे तथा सेक्टर-8 स्थित पोस्ट ऑफिस के पास 9 मीटर ऊंचे हाई-मास्ट लाइट लगाए जाएंगे।

**नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता**

इसके साथ ही सेक्टर-9 के सामुदायिक केंद्र की मरम्मत, पेंटिंग एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण, शॉपिंग सेंटर में सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण, वार्ड नं.4 में विभिन्न स्थानों पर रेन शेल्टर का निर्माण तथा शिकायतों के आधार पर वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य भी प्रस्तावित हैं। महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि इन सभी विकास कार्यों से निवासियों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

## खरखौदा में मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकास रैली आज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा

# विकास रैली विकास कार्यों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बनेगी: पंडित मोहन लाल बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 28 दिसंबर रविवार को खरखौदा में विकास रैली है। इस रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि आज सीएम सैनी की विकास रैली की तैयारियों का जायजा लिया कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बड़ौली ने कहा कि विकास रैली भव्य और ऐतिहासिक होगी।

उन्होंने कहा कि नायब सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में नॉनस्टॉप विकास हो रहा है और यह रैली विकास कार्यों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बनेगी। रैली स्थल का जायजा लेने के दौरान सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक तथा खरखौदा विधायक पवन खरखौदा उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह विकास रैली 28 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे अनाज मंडी, खरखौदा में हो रही है। उन्होंने क्षेत्र के परिवारजनों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर विकास के इस उत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को जनता के बीच रखेंगे। बड़ौली ने कहा कि आज हरियाणा की नायब सैनी सरकार की कल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जनहित में लगातार अहम फैसले ले रहे हैं। युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के नौकरियां और गरीब महिलाओं को सस्ती गैस देने से फैसलों से हरियाणा की जनता का भाजपा सरकार पर लगातार विश्वास बढ़ रहा है। बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। नायब सैनी सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी खरीदने वाली देश की पहली सरकार है। गन्ना किसानों को देश में सबसे अधिक मूल्य देने का काम भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया।

उन्होंने कहा कि किसान, युवा, गरीब और महिलाओं सशक्त बनाने के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार बिना भेदभाव किए, हर क्षेत्र का विकास कर रही है। केंद्र की मोदी और राज्य की नायब सैनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को लेकर रैली में पहुंचें।

## पुलिस ने राजकीय स्कूल में छात्र/छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार को पुलिस विभाग की टीम ने राजकीय स्कूल झांसा में छात्रों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात पुलिस के उप निरीक्षक शेर सिंह ने सड़कों पर प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं के बारे में छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी लापरवाही से ही ज्यादा सड़क दुर्घटना घटती हैं। सड़क दुर्घटना पीड़ित परिवार के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आती है। हमारी थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
यमुनानगर शाखाः-समीप फाउंटेन चौक, रेलवे रोड
यमुनानगर (हरियाणा)-135001, दूरभाष 01732-229711, 229611,
ई-मेलः yamuna@bankofbaroda.com
मांग सूचना

**प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण व प्रतिभूतिकरण की धारा 13 (2) के अधीन सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ऋणियों/गारंटरों ने बैंक से उनके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं की मूल राशि एवं ब्याज के भुगतान में चूक की है तथा कथित सुविधाएं 28.11.2025 को गैर निष्पादन परिसंपत्ति में परिवर्तित हो गई हैं। प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण की धारा 13 (2) के अधीन सूचना ऋणी/गारंटरों को उनके अंतिम ज्ञात पते पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की गई थी। तथापि वह सूचना अवितरित वापस प्राप्त हुई है और प्राधिकृत अधिकारी को यह विश्वास हो गया है कि ऋणी/गारंटर सूचना की सेवा से बच रहे हैं इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है।

हम, आपका ध्यान कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (2) की तरफ आकर्षित करते हैं, जिसकी शर्तों में आपको हमारी पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किये (बिना व्यवसाय की साधारण विधि की अपेक्षा अन्य) द्वारा बिक्री, लीज अथवा अन्य द्वारा संदर्भित किसी सिक्योर्ड परिसंपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है, हम यह भी सूचित करते हैं कि कथित अधिनियम की धारा 13(2) में शामिल उक्त प्रावधानों की अवहेलना अधिनियम की धारा 29 के अधीन दण्डनीय अपराध है। हम आगे कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अधीन आपको आमंत्रित किया जाता है, जिसकी शर्तों में आप सिक्योर्ड परिसंपत्तियों को मुक्त करा सकते हैं, यदि बैंक द्वारा उपार्जित सभी लागतों, प्रभारों एवं खर्चों के साथ नियत राशि आपके द्वारा सार्वजनिक सूचना/कोटेशन आमंत्रण/निविदा/प्राईवेट ट्रिटी के लिए सूचना प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी समय पर आपके द्वारा भुगतान की जा सकती है। कृपया नोट करें कि उक्त सूचना प्रकाशन के पश्चात, आपको सिक्योर्ड परिसंपत्तियों को मुक्त कराने का अधिकार उपलब्ध नहीं होगा।

| ऋणी एवं गारंटर का नाम | प्रतिभूतियों के संक्षिप्त विवरण के साथ प्रतिभूति एग्रीमेंट | गैर निष्पादन परिसंपत्तियों की तिथि | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार राशि | सुविधा की प्रकृति एवं प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| **ऋणी:-** श्री रईस खान पुत्र श्री गुलाम साकिर, गांव मंडौली, डाक कलानौर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001, सह-ऋणी:-श्रीमती सबरी पत्नी श्री रईस खान, गांव मंडौली, डाक कलानौर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001 | हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर 17, हुडा, जगाधरी, नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी की सीमा के भीतर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित मकान सं. 2954/एचआईजी (यू) बियरिंग संपत्ति आईडी सं. 1केएनपीजे5एन1 माप 150.10 वर्ग गज, कार्यालय सब-रजिस्ट्रार जगाधरी में पूर्ववत पंजीकृत, कन्वेयंश विलेख सं. 7706 दिनांक 09.03.2007 के अंतर्गत खरीदी गई। जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है:-उत्तर:25′-3″मकान सं. 2937/एचआईजी (यू), दक्षिण:25′-3″ रोड, पूर्व:53′-6″-मकान सं. 2953/एचआईजी(यू), पश्चिम: 53′-6″-मकान सं. 2955/एचआईजी(यू)। सीईआरएसएआई आईडी: 400035997110 | 05.12.2025 | 05.12.2025 | 05.12.2025 को रु. 52,20,591.39 जमा न लागू ब्याज और अन्य प्रभार | **हाउसिंग लोन** (12840600002272) **पर्सनल लोन** (12840600002998) |

उक्त ऋणियों/गारंटरों को मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि के भुगतान हेतु परामर्श दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के प्रावधानों के अनुसार मांग सूचना की तिथि से 60 दिनों के पश्चात आगामी कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा ऋणी/गारंटर को हमारी पूर्व सहमति के बिना किसी भी रूप में उक्त वर्णित सिक्योर्ड परिसंपत्तियों के साथ लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है। यह बल में अधिनियम तथा/अथवा किसी अन्य विधि के विषय में हमसे उपलब्ध किसी अन्य अधिकार के पूर्वाग्रह के बिना है।

दिनांक: 26.12.2025 स्थान:यमुनानगर प्राधिकृत अधिकारी

AP-6825


# रैली की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त लक्षित सरीन ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

अतिरिक्त उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। नई अनाज मंडी, खरखौदा में आयोजित होने वाली खरखौदा विकास रैली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस विकास रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

रैली की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने आयोजन नई अनाज मंडी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच एवं पंडाल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच, वीआईपी गैलरी, मीडिया गैलरी, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल सुविधा, बिजली आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की उपलब्धता, एंबुलेंस व मेडिकल सुविधा तथा सुरक्षा प्रबंधों की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं। सके पश्चात अतिरिक्त उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, रोडवेज, फायर ब्रिगेड सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रैली से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की विभागवार समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि जिस भी अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन व प्रस्थान मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित एवं सुचारू रखा जाए। यातायात व्यवस्था को लेकर वैकल्पिक मार्गों की पूर्व योजना तैयार करने, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग स्थलों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।


**Public Notice**

Sh. Shubham Bansal s/o Sh. Sandeep Kumar, H/N. 12, Baba Nagar, front of Chugh Hospital, Meham Gate Bhiwani, Haryana is owner & in possession of Property measuring 1021.63 sq. yrds. situated at Near Shiksha Board, Hansi Road, Bhiwani Tehsil & Distt. Bhiwani vide Transfer Deed No. 9199/1 Dated 16.11.2022 Sub Registrar Bhiwani, the said property transfered from Smt. Manju Bansal w/o Sh. Sandeep Kumar, Legal heir of Sh. Sandeep Kumar s/o Sh. Ram Kumar (deceased) was owner & in possession vide Sale Deed No. 565/1 Dated 11.05.2000, regarding the said property, if any person/ financial institutions / bank have any objection/ information / Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 03 days to Sh. M. L. Dhingr a Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.

AP-6829

**सार्वजनिक सूचना**

**विषयः आवंटी श्रीमति सीता देवी पत्नी श्री आशा नन्द की निर्वसीयत हुई मृत्यु के परिणामस्वरूप अनिर्मित संपति / प्लॉट नं. 1442, सैक्टर-18-पी-II, अर्बन एस्टेट, जगाधरी के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्रीमति सीता देवी पत्नी श्री आशा नन्द, जो रिकॉर्ड के अनुसार उक्त संपति की आवंटी थी, की 24.08.2020 को मृत्यु हो गई है। और उनकी कोई पंजीकृत व अपंजीकृत वसीयत नहीं है और अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड गई हैं- जय नारायण बत्रा-पुत्र सीता देवी के पति की मृत्यु दिनांक 08.10.2003 को हो चुकी है। जय नारायण बत्रा पुत्र स्व. आशा नन्द निवासी 412, सैक्टर 03, पार्ट-1, रेवाडी ने कानूनी वारिस होने के नाते उक्त संपति को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं और जय नारायण बत्रा के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लॉट के हस्तांतरण पर आपति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, जगाधरी को लिखित रूप में आपतियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी पॉलिसी के अनुसार उक्त सपति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है। और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है।**

**जय नारायण बत्रा,**
**कानूनी वारिस, संपदा अधिकारी की ओर से**

AP-6827


# सोनीपत से 7 जेलों के पैट्रोल पंपों का लोकार्पण करेंगे जेल मंत्री

**सोनीपत (अप्रस)।** कुरूक्षेत्र में पायलेट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद रविवार को प्रदेश की सात जेल परिसरों में स्थापित पैट्रोल पंपों का लोकार्पण जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा द्वारा सोनीपत से किया जाएगा। इन पैट्रोल पम्पों पर अच्छे आचरण वाले बंदियों की ड्यूटी लगाई जाती है। आज यहां जानकारी देते हुए कारागार विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को प्रदेश में सात जिला जेलों में स्थापित किए गए पैट्रोल पंपों का शुभारंभ किया जाएगा। सोनीपत जिला जेल परिसर में सुबह 10 बजे जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सोनीपत के साथ-साथ करनाल, फरीदाबाद, हिसार, अंबाला, यमुनानगर और नूंह में स्थापित हुए पैट्रोल पंपों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान महानिदेशक, कारागार आलोक कुमार राय, जेल विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।


**न्यायालय तहसीलदार -कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

मनके पुरूषोतम आधार नम्बर 556608805576 पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर पुत्र श्री हरजिराम सकना गांव अमरहेडी जिला जीन्द ।

**बनाम** **जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि यह है कि मेरे पिता जी स्व0 श्री धर्मबीर की मृत्यु दिनॉक 08-12-1998 को हो चुकी है और मेरी माता जी स्व0 श्रीमती तारावती की मृत्यु मेरे पिता जी के बाद दिनॉक 18-12-1999 को हो चुकी है। इनकी दोनो की मृत्यु के बाद इनके निम्न कानूनी वारिस है :1. पुरूषोतम (पुत्र) 2. अरविन्द (पुत्र) उपरोक्त के अलावा स्व0 श्री धर्मबीर पुत्र श्री हरजिराम के अन्य कोई वारसान नही है। जिसके सम्बधर में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए कानूनी बारसान/उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हे तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्य दिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द**

AP-6829

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that I, Mr. Atul Kumar Mayor S/o Surindar Nath Mayor (Partner of Mayor Brothers), Resident of House No. E.G. 53 Ladowali Road, Jalandhar City, Punjab State. Mayor Brothers is present and lawful owner of the below-mentioned property. That the original property documents relating to the said property have been lost/misplaced and could not be traced despite best efforts.

**Property Details:**
**Sale Deed No.:** 7414
**Address:** Vill. Raipur Rasulpur Khasra no 84//13-16/2-17-18-19/1-21/2/2-22-23-24/1-25/1, 91//3/1 Teh. Jalandhar.
**Area/Size:** 1 Kanal 16 Marla 124 sq feet
**City & State:** Jalandhar, Punjab.

If anyone finds the above-mentioned documents or has any claim, objection, or information regarding the said property or documents, they are requested to contact the undersigned within 7 (seven) days from the date of publication of this notice.

If no claim or objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that no person has any claim, and the undersigned shall proceed further as per law. Any claim received after the said period shall not be entertained.

**Owner Name: Mayor Brothers**
**Address: Vill. Raipur Rasulpur, Khasra no 84//13-16/2-17-18-19/1-21/2/2-22-23-24/1-25/1, 91//3/1 , Teh. Jalandhar**
**Mobile No.: 9876699953**
**Date: 29/12/2025**

AP-6826


# सांसद जिंदल की पहल पर युवाओं के लिए किए जा रहे हैं जिम स्थापित: रविन्द्र धीमान



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। सांसद नवीन जिंदल की पहल पर गांवों और शहरों में जिम स्थापित किए जा रहे हैं। कैथल जिले में अब तक 13 स्थानों पर आधुनिक जिम स्थापित कर युवाओं को समर्पित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत क्योडक़ गांव के राजीव गांधी खेल स्टेडियम, सांपन खेड़ी की पुरानी चौपाल, गांव खानपुर की सैनी चौपाल, गांव मलिकपुर के राजीव गांधी स्टेडियम, गांव पपराला की लाइब्रेरी के बरामदे तथा गुरुकुल फतेहपुर पुंडरी के हॉल, टीक गांव के शिव मंदिर, गांव बाकल के शामलाती चौपाल हाल और सोलू माजरा के राजकीय प्राथमिक स्कूल में जिम स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गांव बात्ता के कम्यूनिटी हॉल, गांव जुलानी खेड़ा के पंचायत घर हाल, गांव सिसला की पांचाल चौपाल के हाल और कलायत शहर की बड़ी राजपूत चौपाल में भी युवाओं की सुविधा के लिए जिम स्थापित करवाए जा चुके हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर युवाओं के लिए संसदीय क्षेत्र में जिम स्थापित करवाए जा रहे हैं। गांव खानपुर की सरपंच अमनदीप सैनी ने कहा कि सांसद द्वारा गांव में जिम स्थापित होने से युवाओं में खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गांव सोलू माजरा के सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के सौजन्य से जिम की सुविधा मिलने से गांव के युवाओं को शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ता। गांव क्योडक के सरपंच जसबीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और अनुशासित जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव जुलानी खेड़ा के सरपंच ने बताया कि जिम खुलने से युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है।


**संपदा कार्यालय, यू.टी., चंडीगढ़**



श्रीमती अरुणा शर्मा | श्री धीरज शर्मा | श्री नीरज शर्मा

**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष।**

**विषय:-** श्री रोमेश चंद्र शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा एवं श्री नीरज शर्मा के नाम में मकान सं. 652-653, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ (आरपी-1857-58) के संबंध में 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्वामित्वका हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, मकान सं. 652-653, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के नाम से जानी जाती संपत्ति 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्व. श्री रोमेश चंद्र शर्मा के नाम में दर्ज है। श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा एवं श्री नीरज शर्मा द्वारा सूचित किया गया है कि रोमेश चंद्र शर्मा 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति के स्वामी है, जिनकी 27.08.2009 को मृत्यु हो गई है। अब, श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा एवं श्री नीरज शर्मा ने स्व. श्री रोमेश चंद्र शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में उक्त कथित संपत्ति के 33.33 प्रतिशत हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा मृतक के सभी कानूनी उत्तराधिकारियों के नामों को निम्नानुसार सूचित किया है:-

| क्र.स. | नाम | मृतक स्वामी के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अरुणा शर्मा | पत्नी |
| 2. | श्री धीरज शर्मा | पुत्र |
| 3. | श्री नीरज शर्मा | पुत्र |

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा कार्यालय, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्तानुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-6822

**संपदा कार्यालय, यू.टी., चंडीगढ़**



श्री सुरेश चंद्र शर्मा | श्रीमती अरुणा शर्मा | श्री धीरज शर्मा | श्री नीरज शर्मा

**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष।**

**विषय:-** श्रीमती सत्या वती शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा, श्री नीरज शर्मा एवं श्री सुरेश चंद्र शर्मा के नाम में मकान सं. 652-653, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ (आरपी-1857-58) के संबंध में 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्वामित्वका हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, मकान सं. 652-653, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के नाम से जानी जाती संपत्ति 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्व. श्रीमती सत्या वती शर्मा के नाम में दर्ज है। श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा, श्री नीरज शर्मा एवं श्री सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती सत्या वती शर्मा 33.33 प्रतिशत हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति की स्वामिनी है, जिनकी 17.06.1994 को मृत्यु हो गई है। अब, श्रीमती अरुणा शर्मा, श्री धीरज शर्मा, श्री नीरज शर्मा एवं श्री सुरेश चंद्र शर्मा ने स्व. श्रीमती सत्या वती शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में उक्त कथित संपत्ति के 33.33 प्रतिशत हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा मृतक के सभी कानूनी उत्तराधिकारियों के नामों को निम्नानुसार सूचित किया है:-

| क्र.स. | नाम | मृतक स्वामी के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अरुणा शर्मा | पुत्रवधू |
| 2. | श्री धीरज शर्मा | पौत्र |
| 3. | श्री नीरज शर्मा | पौत्र |
| 4. | श्री सुरेश चंद्र शर्मा | पुत्र |

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा कार्यालय, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्तानुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-6822

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** दिनेश पुत्र देशराज निवासी मकान नं 23 , उद्योग मार्ग , जखोली अड्डा, कैथल (हरियाणा) अपना नाम दिनेश से बदलकर दिनेश कुमार रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-6823

**मैं,** रश्मी गोयल पत्नी श्री पुनीत जैन निवासी, 555, किशन चंद कॉलोनी, नरवाना,जिला जींद हालाबाद पतराम नगर गली नंबर 7, नरवाना (हरियाणा) ने अपना नाम रश्मी गोयल से बदलकर रश्मी जैन रख लिया है।
एपी-6824

**मैं,** पैठणकर भास्कर विश्वास पुत्र श्री विश्वास सीताराम पैठणकर वर्तमान में पोस्टेड यूनिट- 509 एडी मिसाइल रेजिमेंट (आकाश) पिन- 926509 सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 393/बी, लासगांव, पोस्ट-समनेर, जिला-जलगांव, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 425115 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम तेजसुइनी भास्कर पैठकर से बदलकर तेजस्विनी भास्कर पैठणकर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219800, दिनांक- 27/12/2025

**मैं,** संगीता, सैन्य संख्या-15574134H, रैंक हवलदार, नाम जाधव बापू वाल्मीक की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 105 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- फ्लैट नंबर सी 3, शाह गार्डन एस्टेट, देवलाली कैंप, विजयनगर रोड, नासिक, महाराष्ट्र - 422401 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम संगीता से बदलकर संगीता बापू जाधव कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219795, दिनांक- 27/12/2025

**मैं,** जैतून खातून (JAETOON KHATOON) सैन्य संख्या- 15348612A, रैंक हवलदार, नाम- मंजूर अंसारी की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वार्ड नं.-05, अरू, पोस्ट-अरू, थाना-सेन्हा, अगरडीह, लोहरदगा, झारखंड-835302 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम जैतून खातून (JAETOON KHATOON) से बदलकर जैतून खातून (JAITUN KHATUN) कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 29/08/1957 से 01/01/1966 में सही ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219794, दिनांक- 27/12/2025

I, ARUNA am Mother of Army No: 2824577M Rank: Sep Name: Raut Rameshwar Babasaheb Permanent Address: At Post Nalwandi, Nalwandi, Beed, Maharashtra-431122 declare that I have changed my name from ARUNA to RAUT ARUNA BABASAHEB. Vide Affidavit No: 11AA 219792, Dated: 27/12/2025

I, LILAWATI am Mother of Army No: JC-461894L Rank Sub Name: Mulik Adhikrao Jagannath Permanent Address: Pawar Galli, Nagarale, Palus, Sangli, Maharashtra, 416308 declare that I have changed my name from LILAWATI to LILATAI JAGNNATH MULIK and Also Correct my Date of birth from 14/08/1959 to 01/01/1972. Vide Affidavit No: 11AA 219798, Dated: 27/12/2025

I, MULIK JAGANNATH KRISHNA am Father of Army No: JC-461894L Rank Sub Name: Mulik Adhikrao Jagannath Permanent Address: Pawar Galli, Nagarale, Palus, Sangli, Maharashtra, 416308 declare that I have changed my name from MULIK JAGANNATH KRISHNA to JAGANNATH KRISHNA MULIK and Also Correct my Date of birth from 14/08/1943 to 01/06/1951. Vide Affidavit No: 11AA 219797, Dated: 27/12/2025

I, P LOGANADHAN am Father of Service No: 15332982W Rank: Hav Name: L Magendiran Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from P LOGANADHAN to LOGANATHAN and Also Correct my Date of birth from 01/07/1961 to 01/07/1955.

I, L KUBUAMMAL am Mother of Service No: 15332982W Rank: Hav Name: L Magendiran Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from L KUBUAMMAL to KUPPAMMAL and Also Correct my Date of birth from 01/07/1965 to 01/07/1960.

I, SHINDHU am Mother of Army No: 2812543M Rank L/Hav Name: Shahane Sanket Ramesh Permanent Address: Chapadgaon, PO: Chapadgaon, Dist: Ahmadnagar, State: Maharashtra, Pin-414401 declare that I have changed my name from SHINDHU to SINDHU RAMESH SHAHANE and Also Correct my Date of birth from 03/04/1968 to 01/01/1962. Vide Affidavit No: 11AA 219793, Dated: 27/12/2025

I, SHRADHA BHARAT KARDE am legally Wedded Spouse of Army No: 2818135X Rank Nk Name: Karde Bharat Balaram Permanent Address: Vaijanath Road Devarwadi Post Shinoli Khurd, Dist: Kolhapur State: Maharastra, Pin 416507 declare that I have changed My Name from SHRADHA BHARAT KARDE to KARDE SHRADHA BHARAT. Vide Affidavit No: 11AA 219791, Dated: 27/12/2025
एपी-6828

**मैं,** हिमानी,सपुत्री हरिंदर सिंह ग्राम मुन्ने, डाकघर, तख्तगढ़, जिला रूपनगर, यह घोषणा करती हूँ कि मेरे शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज़ में मेरा नाम गलती से हिमानी हरिंदर सिंह लिखा गया है, जबकि मेरा सही नाम हिमानी है।
एपी-6829

**मैं,** धर्मबीर s/o बलवंत सिंह R/O 230 गगसीना करनाल बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम धर्मबीर से धर्मवीर सिंह कर लिया है। नोट करे।
एपी-6830

**मैं,** राकेश सिंह पुत्र श्री बलबीर सिंह, निवासी वार्ड नं.04, बचत बाजार, अनुप नगर गन्नौर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मैं 13 आसाम राइफल सेवार्थ हूँ और मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में गलती से आशा रानी दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो मे उसका नाम आशा है। जोकि सही व दुरूसत है। सभी सम्बंधित नोट करे।

**मैं,** राकेश सिंह पुत्र श्री बलबीर सिंह, निवासी वार्ड नं.04, बचत बाजार, अनुप नगर गन्नौर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरे 13 आसाम राइफल सेवा सर्विस दस्तावेजो में मेरा पता रोलाड लतीफपुर 147, सोनीपत दर्ज है। अब मेरा सही पता वार्ड नं. 04, बचत बाजार, अनुप नगर, पोस्ट ऑफिस, रेलवे स्टेशन गन्नौर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत है। सभी सम्बंधित नोट करे।
एपी-6831

**मैं,** हिमांशु पुत्र शमशेर सिंह निवासी गांव डाहौला जिला जींद (हरियाणा) अपना नाम हिमांशु से बदलकर हिमांशु ढिल्लो रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-6832

**मैं,** सुरिंदर कौर पत्नी सुखपाल सिंह, Galedwa, कुरुक्षेत्र, घोषणा करती हूं कि सुरिंदर मेरा नाम है और कौर सरनेम है।

**मैं,** पूजा पत्नी विवेक कुमार शर्मा, 301 टावर डी, सत्यम स्वास्तिक अपार्टमेंट, स्वास्तिक विहार, ज़ीरकपुर, मोहाली, ने अपना नाम बदलकर पूजा शर्मा रख लिया है।

I, Sushil S/o Chotu Ram R/o Old Model Town, Tohana Distt Fatehabad have change my name Sushil to Sushil Kumar.
एपी-6833

It is for general information that I, Krish S/o Joginder Singh R/o AIBLI, Abeli (25), Karnal, Haryana-132157 declare that in my CBSE 12th class mark sheet my father and mother name are wrongly written as Joginder and Sudha. The actual name of my father and mother are Joginder Singh and Sudha Devi respectively, which may be amended accordingly.

**मैं,** सूरज भान उर्फ सूरजभान पटवा पुत्र सरदारा राम निवासी गांव व डाकखाना बिघाना जिला जीन्द ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम सूरज भान उर्फ सूरजभान पटवा से बदलकर सूरजभान पांचाल रख लिया है ।

**मैं,** आरती पत्नी राहुल धानिया निवासी गांव व डाकखाना जांबा तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल, हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम आरती से बदलकर आरती धानिया रख लिया है।
एपी-6834

**बेदखली सूचना**

**मैं,** कृष्ण पाल, पुत्र स्व मस्त राम निवासी गांव धारवाला टिक्कर हिल्स जिला पंचकूला, मोरनी, हरियाणा घोषित करता हूं कि मेरा बेटा मनीष कुमार और उसकी पत्नी निर्मला देवी मेरे नियंत्रण से बाहर हैं इसलिए मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनसे लेने देने करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-6829

**मैं,** रामपाल (आधार कार्ड नं 382819399994) पुत्र बुगला राम निवासी गांव खेड़ी मारकंडा, थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरे पुत्र महिन्द्र और दीप चन्द व उनकी पत्नियां ममता और मीना मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरी किसी बात को नहीं मानते है और अपनी मनमानी करते है को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6834

**मैं,** राजपती पत्नी श्री राजेंद्र पुत्र श्री श्योली निवासी गांव दबलैन तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विक्रम (विक्की मोर) मेरे कहने -सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल- अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में कोई भी इस से लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-6829

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# गैंगस्टर कल्चर और जेल से होने वाले आपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव : आलोक राय

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 दिसंबर।** हरियाणा के जेल महानिदेशक आलोक राय का कहना है कि, हरियाणा की जेलों में लंबे समय से चले आ रहे गैंगस्टर कल्चर और जेल से संचालित आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं। जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सुधारात्मक सोच को प्राथमिकता दी गई है। अब जेल अपराध का अड्डा नहीं, बल्कि सुधार, कौशल विकास और समाज की मुख्यधारा में वापसी का केंद्र बन रही हैं।

इसके लिए कैदियों को प्रशिक्षण, काउंसलिंग और रोजगार से जोडऩे की ठोस योजना लागू की गई है। करनाल जिला जेल का निरीक्षण किया जेल महानिदेशक आलोक राय शनिवार को जिला जेल का निरीक्षण करने के लिए करनाल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों के रहन-सहन, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों और उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जेल में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग, आईटीआई कोर्स और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी भी अधिकारियों से ली। गैंगस्टर कल्चर पर सख्त कार्रवाई मीडिया से बातचीत में जेल महानिदेशक आलोक राय ने बताया कि उनकी नियुक्ति के तुरंत बाद जेलों में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की रणनीति तैयार की गई। पहले ही सप्ताह में गैंगस्टर और कुख्यात अपराधियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग जेलों में स्थानांतरित किया गया।

इस सख्त कदम का असर यह रहा कि जेल से फिरौती मांगने, धमकी देने या मोबाइल के जरिए किसी तरह की आपराधिक गतिविधि की कोई घटना सामने नहीं आई। युवाओं को गलत रास्ते से रोकने की पहल आलोक राय ने कहा कि गैंगस्टर कल्चर को खत्म करना इसलिए जरूरी था, ताकि युवा पीढ़ी अपराधियों से प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि पहली बार जेलों में गैंगस्टर को भी साफ-सफाई और अन्य सुधारात्मक कार्यों से जोड़ा गया। इससे उनमें अनुशासन बढ़ा और अपराध के प्रति आकर्षण कम हुआ। उन्होंने दावा किया कि पिछले चार महीनों से सोशल मीडिया पर किसी भी गैंगस्टर की सक्रियता देखने को नहीं मिली है ।

एक सवाल के जवाब में आलोक राय ने बताया कि जेल में आने वाले करीब 60 प्रतिशत कैदी मानसिक तनाव और अवसाद से जूझते हैं। कई बार पारिवारिक, आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियों के कारण उनसे अपराध हो जाता ह।को ध्यान में रखते हुए हर जेल में काउंसलर नियुक्त किए गए हैं, ताकि कोई भी कैदी अवसाद में आकर आत्मघाती कदम न उठाए और मानसिक रूप से मजबूत बन सके। सजा के साथ सुधार की सोच जेल महानिदेशक ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था केवल सजा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कैदियों के सुधार पर भी जोर देती है। जेल विभाग का उद्देश्य है कि सजा पूरी करने के बाद कैदी समाज की मुख्यधारा में लौटें और सम्मान के साथ जीवन जी सकें। इसके लिए जेलों में सकारात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है। वोकेशनल ट्रेनिंग से आत्मनिर्भरता आलोक राय ने बताया कि हरियाणा जेल विभाग ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के साथ समझौता किया है। इसके तहत जेलों में वोकेशनल ट्रेनिंग लेने वाले कैदियों को एचकेआरएन पोर्टल पर रजिस्टर किया जाएगा। इससे रिहाई के बाद उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। गुरुग्राम, अंबाला, करनाल, पानीपत और फरीदाबाद की जेलों में वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ आईटीआई कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं।

जेल क्षमता बढ़ाने पर काम उन्होंने बताया कि हरियाणा की जेलों की मौजदा क्षमता उन्होंने बताया कि हरियाणा की जेलों की मौजूदा क्षमता करीब 23 हजार कैदियों की है, जबकि फिलहाल लगभग 27 हजार कैदी जेलों में बंद हैं। इस दबाव को कम करने के लिए नए निर्माण किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, रेवाड़ी में नई जेल बनकर तैयार हो चुकी है। रोहतक में एक अत्याधुनिक हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण तेजी से चल रहा है, जो अगले चार महीनों में पूरा होगा। इसके अलावा फतेहाबाद और पलवल में नई जेलें निर्माणाधीन हैं, जबकि अंबाला और पंचकूला में भी नई जेलों का निर्माण प्रस्तावित है। स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा विभाग आलोक राय ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि जेल में आने वाले हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार की ट्रेनिंग जरूर दी जाए। इससे रिहाई के बाद वह आत्मनिर्भर बन सकेगा और समाज की मुख्यधारा में लौटकर बेहतर भविष्य बना सकेगा।

# आवासीय होटल में चल रहे होटल में असामाजिक गतिविधियां

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 27 दिसंबर।** हरियाणा के करनाल की एक पॉश और रिहायशी कॉलोनी में बने भवन को होटल में तब्दील किए जाने पर क्षेत्र का माहौल बिगड़ गया। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि यहां लगातार संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं, जिससे न सिर्फ सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है, बल्कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। हालात बिगड़ते देख लोगों ने एकजुट होकर पुलिस को शिकायत दी है। दीवान कॉलोनी में स्थित एक बिल्डिंग को होटल के रूप में संचालित किया जा रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह रिहायशी है, इसके बावजूद यहां होटल खोल दिया गया। आरोप है कि इस होटल में न सिर्फ बाहरी लोग ठहरते हैं, बल्कि छोटी उम्र की लड़कियों की भी आवाजाही देखी जा रही है। फुटेज भी सामने आई है, जिसमें एक लड़की मुंह बांधकर होटल के अंदर जाती हुई दिखाई दे रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं से पूरे क्षेत्र की छवि खराब हो रही है और लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। एक डॉक्टर का है होटल- स्थानीय लोगों के अनुसार यह होटल शहर के एक डॉक्टर का बताया जा रहा है। कॉलोनीवासियों ने पहले भी इस मुद्दे को लेकर डॉक्टर से बात करने की कोशिश की थी, लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। इसके बाद मजबूरन लोगों को पुलिस का सहारा लेना पड़ा। लड़कियां पीछे उतरकर पहुंचती है होटल- दीवान कॉलोनीवासी ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, महिला अनीता, डॉ. गीता, महेंद्र सिंह, विकास गुलाटी व अन्य लोगों का कहना है कि होटल में आने वाली लड़कियां अक्सर पीछे किसी जगह उतरती हैं और फिर पैदल होटल तक पहुंचती हैं। कोई मुंह ढककर आती है, तो कोई गाड़ी में आती है, ताकि पहचान न हो सके।बच्चों पर पड़ रहा गलत असर- कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस होटल की वजह से बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है और पूरे इलाके का माहौल खराब हो चुका है। यह होटल दीवाली से पहले खुला बताया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया वीर बाल दिवस



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** दा कोणार्क अकादमी लाडवा में शनिवार को वीर बाल दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस साहिबजादे बाबा जोरावर ङ्क्षसह व बाबा फतेह ङ्क्षसह सहित उन सभी वीर बालकों की शौर्यगाथा को स्मरण करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें वीर बालकों के साहस, त्याग और अदम्य आत्मबल का चित्रण किया गया। अकादमी के डायरेक्टर एस.एस.शर्मा एवं प्रधानाचार्य अंजनी ङ्क्षसह ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में साहस, सत्यनिष्ठा और देशप्रेम की भावना को जागृत करना है। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सदैव सत्य और न्याय के मार्ग पर चलेंगे तथा समाज और राष्ट्र की सेवा में योगदान देंगे। इस अवसर पर अकादमी के बच्चे व स्टाफ भी मौजूद था।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों को बांटी गर्म जर्सी व जुते



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बडशामी एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला भूतमाजरा में शनिवार को जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद की शाखा लाडवा द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए करीब 100 गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जर्सी एवं जूते वितरित किए गए। यह जानकारी प्रकल्प प्रमुख दीपक सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए आज दो विद्यालयों में करीब 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जर्सी एवं जूते वितरित किए गए, ताकि बच्चों को सर्दी के मौसम में विद्यालय में पढ़ाई में कोई दिक्कत न आए। परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद सिंहल ने परिषद की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिया कि भारत विकास परिषद आगे भी जरूरत के समय हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अमन गोयल, सुमित बंसल, रूमित गर्ग, दीपक सोनी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**लाडवा (विकास कश्यप)।** जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव महाराज ने कहा कि जहां सदगुरुदेव की कृपा है वहीं संतों का वास होता है और जहां संतों का वास होता है वहीं मंगल कार्य होते है। जहां सदगुरुदेव प्रसन्न होते वहां मंगल ही मंगल होते हैं। क्योंकि सद्गगुरुदेव निराकार परब्रह्म परमात्मा के साकार रूप होते हैं। स्वामी शक्ति देव महाराज शनिवार को खंड के गांव निवारसी में महेश शर्मा एवं अश्वनी शर्मा के निवास स्थान पर प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने प्रेरणा दी कि निराकार प्ररब्रह्म ओंकार भगवान का साकार रूप सद्गुरु होते हैं। समस्त जीवों पर नए वर्ष में उनकी दिव्य कृपा की बरसात हमेशा रहे। ओंकार भगवान की कृपा सद्गुरु के माध्यम से मिलती हैं। गुरुदेव से ही संत का मार्गदर्शन मिलता है और हमे उस पर चलना चाहिए। सर्वोच्च शक्ति ओंकार भगवान सद्गुरु के माध्यम से अपनी कृपा की बरसात करते हैं। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि गुरु महाराज द्वारा सनातन धर्म और ओंकार वाणी के प्रचार-प्रसार के लिए गांव गांव व शहरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अनेक भक्त मौजूद थे।

### शहादत को समर्पित कीर्तन दरबार का आयोजन

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** श्री गुरुगोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह व माता गुजरी कौर जी की याद में यादगार गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह दोसड़का में आयोजित तीन दिवसीय शहीदी जोड़ मेले के अंतिम दिन दोसड़का गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा क्षेत्र की साध संगत के सहयोग से विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो की संख्या में संगत मौजूद रही। जिन्होने गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में मत्था टेक अरदास की। जिसमें सिख कौम के प्रसिद्ध रागी जत्थे भाई कुलविंदर सिंह, भाई हरदीप सिंह, भाई रणजौध सिंह, भाई लखबीर सिंह, ज्ञानी नवतेज सिंह, भाई बचितर सिंह अनमोल, बीबी अमनदीप कौर खालसा, ज्ञानी गुरदेव सिंह कौना व कथावाचको द्वारा कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया गया । बीबी अमनदीप कौर खालसा ने संगत को ब? साहिबजादों व छोटे साहिबजादों की शहादत संबंधी इतिहास विस्तारपूर्वक सुनाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए संगत को गुरुवाणी का जाप करने तथा गुरुओं के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान 'जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल' के जयघोष से माहौल गूंजता रहा।

# छात्राओं को महिला विरूध अपराध और महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति किया जगारूक

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 27 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेत्रत्व में महिला थाना इंस्पेक्टर रेखा की टीम ने शुक्रवार को भो?वाल माजरी के सरकारी स्कूल में छात्राओं को महिला विरूध अपराध और सुरक्षा संबंधी अधिकारों के बारे जागरूक किया। बेटियों को महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनके साथ घटीत होने वाले अपराधों की रोकथाम और आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से जागरूक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक कर दुर्गा शक्ति एप की जानकारी देने के साथ साइबर अपराध से बचाव के गुर बताए गए।

महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने छात्राओं को कहा कि उनके साथ कोई गलत तरिके से व्यवहार करता है तो तुरंत उसकी शिकायत पुलिस को दें। किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। गलत करने वालें का शुरू में विरोध करें, इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है। इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं। पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है। टीम ने इसके साथ ही छात्राओं को बैड टच, गुड टच व सेल्फ डिफेंस के बारे भी जानकारी दी और दुर्गा शक्ति एप के बारे में बताया। छात्राओं को बताया गया कि स्कूल, कॉलेज के बाहर दुर्गा शक्ति की टीमें निरंतर गश्त पर रहती है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में नारायणगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा : संदीप सैनी

शहजादपुर नगरपालिका बनने की ओर अग्रसर

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 27 दिसंबर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला परिवेदना समिति के सदस्य संदीप सैनी अंबली ने कहा है कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को सरकार की ओर से अनेक सौगातें मिलने वाली हैं।

प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में युवा नेता संदीप सैनी ने बताया कि सरकार नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण कस्बे शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस प्रस्ताव के तहत आसपास के कुछ अन्य गांवों को भी नगरपालिका क्षेत्र में शामिल किया जा सकता है। दो राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित यह कस्बा नगरपालिका बनने के बाद विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सफाई व्यवस्था, आधारभूत सुविधाएं और योजनाबद्ध विकास का लाभ मिलेगा। उन्होंने इस प्रस्ताव के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सोच नारायणगढ़ को प्रदेश के विकसित क्षेत्रों की श्रेणी में लाने की है।

संदीप सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से नारायणगढ़ में नागरिक अस्पताल की भव्य और सुसज्जित नई इमारत बनकर तैयार हो चुकी है, जिसे शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा यहां बागवानी विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित हो चुका है। युवाओं के हित में मुख्यमंत्री द्वारा नारायणगढ़ के लिए घोषित मॉडल टाउनशिप क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों सड़कों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज़ी से जारी है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्य द्रुत गति से करवाए जा रहे हैं। संदीप सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के तहत कार्य हो रहे हैं, जिसका लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा ।

# हर विधानसभा में होगी बी.एल.ए.टू की नियुक्तिः यतेंद्र वर्मा

**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के पी.डब्ल्यू.डी.विश्राम गृह में शनिवार को लाडवा हलके के गूढ़ा मंडल के बी.एल.ए.टू की एक विशेष बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बी.एल.ए.1 यतेंद्र वर्मा द्वारा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में बूथ स्तर तक पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विर्मश हुआ तथा सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाकर उनको लाभ देने के लिए रणनीति भी बनाई गई। बैठक में यतेंद्र वर्मा ने कहा की पूरे हरियाणा में हर विधानसभा में बी.एल.ए. टू की न्युक्ति हर बूथ पर की जानी है। इसी कड़ी में आज बी.एल.ए. टू के गठन के बाद गुढ़ा मंडल की यह मीटिंग रखी गई। उन्होंने कहा की हर बूथ पर बी.एल.ए.टू बूथ कमेटी के साथ मिलकर वोटर लिस्ट का अध्यन करेगा तथा एस.आई.आर.का जो कार्य चल रहा है।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग




**नरवाना, 27 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में जिला जींद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत जींद पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब से जुड़े आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की है। सीआईए स्टाफ नरवाना के इंचार्ज उप निरीक्षक सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ की एक टीम सहायक उप निरीक्षक शमसेर सिंह के नेतृत्व में गांव पीपलथा क्षेत्र में गश्त व पड़ताल पर मौजूद थी। इस दौरान टीम को मुखबिर खास से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि अमरजीत उर्फ लाडी निवासी पीपलथा अपने पशु बाड़े में अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने का काम करता है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता मानते हुए तुरंत मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर रेड की। रेड के दौरान आरोपी अमरजीत उर्फ लाडी को मौके पर ही काबू कर लिया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर पशु बाड़े में बने कमरे से नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में भरी कुल 110 लीटर अवैध लाहण बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब संबंधी कोई भी वैध परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। बरामद की गई अवैध लाहण को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना गढ़ी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

# विश्व हिंदू सेना ने शुरू किया शहरव्यापी कंबल अभियान

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** भीषण सर्दी के प्रकोप को देखते हुए नरवाना शहर में गौवंश की रक्षा के लिए एक सराहनीय और मानवीय पहल सामने आई है। विश्व हिंदू सेना नरवाना टीम द्वारा शहरभर में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए कंबल उठाने (ओढ़ाने) और प्रतिदिन गुड़ खिलाने का व्यापक अभियान शुरू किया गया है। गऊ सेवा नरवाना के अध्यक्ष अमन गर्ग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नरवाना में सर्दी के कारण किसी भी गौवंश की मृत्यु नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाला मिशन है, जिसके तहत हर दिन गौवंश की देखभाल, भोजन और ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान में रामजाने रैबारी, हर्ष नायक, यश धिमान, उपेंद्र शर्मा सहित अनेक गौ सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीम के सदस्यों ने शहर की सड़कों, गलियों और खुले स्थानों पर रह रहे गौवंशों को कंबल पहनाकर उन्हें राहत पहुंचाई।

# ड्रग अवेयरनेस पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अंबाला छावनी, 27 दिसंबर।** जीएमएन कॉलेज, अंबाला कैंट में नशा उन्मूलन एवं जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंट्रा कॉलेज ड्रग अवेयरनेस पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का सफल, सार्थक एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम एंटी ड्रग सेल, प्रहरी क्लब, रेड क्रॉस तथा समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा नशा मुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करना रहा।

इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे से जुड़ी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा युवाओं और समाज पर इसके नकारात्मक प्रभावों को तथ्यात्मक एवं शोध आधारित ढंग से उजागर किया। सभी प्रस्तुतियां जागरूकता से परिपूर्ण रहीं, जिनसे विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग करना समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है और यह केवल संस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# यूथ वीरांगनाएं संस्था ने झुग्गियों में बांटी सर्दी की राहत के लिये गर्म कपड़े

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 27 दिसंबर।** यूथ वीरांगनाएं संस्था द्वारा आज सेक्टर-24 की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं गरीब परिवारों को सर्दी से राहत पहुँचाने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के इस दौर में संस्था की यह पहल उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनी, जिनके लिए सर्दी हर वर्ष एक गंभीर चुनौती साबित होती है।

इस सेवा अभियान में यूथ वीरांगनाएं संस्था की सक्रिय सदस्य बृज बाला, ज्योति सैनी, पूजा डोगरा, राजबाला, कोमल अरोड़ा सहित अन्य सदस्यों की विशेष भूमिका रही। सभी सदस्यों ने टीम भावना के साथ स्वयं जरूरतमंदों तक पहुँचकर कपड़े वितरित किए और बच्चों व महिलाओं से संवाद कर उन्हें अपनापन, सम्मान और सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और महिलाओं की आंखों में राहत व विश्वास साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर संस्था की टीम ने यह संदेश दिया कि यूथ वीरांगनाएं संस्था केवल सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

संस्था की ओर से यह भी कहा गया कि यूथ वीरांगनाएं भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्य करती रहेगी, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड, अभाव या असहायता के कारण पीछे न रह जाए। साथ ही समाज के सक्षम वर्ग से अपील की गई कि वे आगे आकर ऐसे सेवा अभियानों में सहयोग करें। स्थानीय लोगों के सहयोग से यह सेवा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यूथ वीरांगनाएं संस्था आगे भी सेवा, संवेदना और सशक्तिकरण के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ जारी रखेगी।

# शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उझाना में नशे के प्रति किया जागरुक

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 27 दिसंबर।** उझाना पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम द्वारा शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उझाना में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल अनिल चहल सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने टीम का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और यदि युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में चला जाता है तो देश कभी प्रगति नहीं कर सकता। नशा शरीर को अंदर से कमजोर कर देता है, मानसिक संतुलन बिगाड़ देता है तथा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कई वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा और प्रगति की गारंटी है। उन्होंने विद्यार्थियों को ÷स्ड्ड4 ङ्घद्गह्य ञ्जश स्नद्बद्ग, हृश ञ्जश ष्ठह्म्ह्वद्दह्य÷ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया तथा ऑनलाइन शपथ लिंक के माध्यम से नशा मुक्त भारत बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशा करने वाले अथवा नशे से संबंधित व्यक्तियों की सूचना दिए गए लिंक के माध्यम से पुलिस तक पहुंचाने के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीट बेल्ट और हेलमेट पहनना जीवन सुरक्षा का मूल आधार है तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने धुंध के मौसम में सावधानी बरतने, अत्यावश्यक होने पर ही यात्रा करने और मौसम साफ होने का इंतजार करने की अपील की, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अनजान लिंक या संदेशों पर क्लिक न करें, अपनी निजी जानकारी किसी अजनबी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें। इसके अलावा अवैध तरीके से (डोंकी के रास्ते) विदेश जाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उप पुलिस अधीक्षक से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने धैर्यपूर्वक उत्तर देकर बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति जागरूकता पैदा की। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में लोकगायक एवं समाजसेवी संदीप कुमार तथा साहिल शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों को नशा मुक्त जीवन का संदेश दिया। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए रस्साकशी का खेल भी करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर विरेंद्र कुमार, स्कूल के चेयरमैन प्रवीन कुमार, प्रिंसिपल अनिल चहल, लोकगायक संदीप कुमार, समाजसेवी साहिल शर्मा सहित स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त जीवन जीने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा यातायात नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करने की शपथ ली।

# हजार साल पुराना रहस्य: उग्रतारा देवी की चतुर्भुजी मूर्ति पर अंकित अनजानी लिपि आज भी बनी है पहेली

भारत रहस्यों से भरा देश है। हजारों ऐसे रहस्य हैं जिन्हें अब तक नहीं सुलझा पाए हैं। उन्हीं रहस्यों में से एक है देवी उग्रतारा का एक मंदिर और मंदिर में रखी चतुर्भुजी देवी की प्रतीमा पर खुदा हुआ कोई रहस्य। कहते हैं कि यह मूर्ति लगभग एक हजार वर्ष से भी पुरानी है।

बालूमाथ और औद्योगिक नगरी चंदवा के बीच एनएच-99 रांची मार्ग पर नगर नामक स्थान में एक अति प्राचीन मंदिर है जो भगवती उग्रतारा को समर्पित है। यह एक शक्तिपीठ है। मान्यता है कि यह मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुराना है। इस मंदिर के निर्माण में टोरी स्टेट के शासक पीतांबर नाथ शाही और पुनःनिर्माण में रानी अहिल्याबाई का नाम जुड़ा हुआ है। मंदिर निर्माण से जुड़ी मान्यताएं पलामू के गजट 1961 में दर्शाया गया है।



बालूमाथ से 25 किलोमीटर दूर प्रखंड के श्रीसमाद गांव के पास तितिया या तिसिया पहाड़ के पास पुरातत्व विभाग को चतुर्भुजी देवी की एक मूर्ति मिली है, जिसके पीछे अंकित लिपि को अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है। यह लिपि न तो ब्राह्मी है और न ही देवनागरी या भारत की अन्य कोई लिपि। भारत में अब तक ज्ञात सभी लिपियों से अलग इस लिपि को क्या कहा जाए यह पुरात्वविदों और शोधकर्ताओं के लिए अभी भी एक पहेली बनी हुई है। मान्यता यह है कि टोरी के शासक पीतांबर नाथ शाही शिकार करते हुए लातेहार के मनकेरी गांव पहुंचे, तभी उन्हें प्यास लगी और पास के जोड़ा तालाब में पानी पीने गए। तभी तालाब से उन्हें दो मूर्तियां एक लक्ष्मी और दूसरी उग्रतारा की मिलीं। कुछ दिन पूर्व उन्हें स्वप्न में यही दो मूर्तियां दिखाई दी थीं। शिकार से लौटने के बाद उन्होंने मंदिर बनाने का निर्णय लिया और उसका निर्माण करवाया। लातेहार में आज भी मनकेरी गांव में जोड़ा तालाब है।

यहां नाथ संप्रदाय के गिरि उपाधि धारी लोग रहते हैं। मंदिर की मुख्य विशेषता इसका किसी विशेष वंश, कुल, परंपरा तथा संप्रदाय संकीर्णता से मुक्त रहना है। पहले पुरोहित के रूप में स्व. पंचानन मिश्र का नाम आता है, जिन्हें राजा ने नियुक्त किया था। मां उग्रतारा नगर मंदिर में राज दरबार की व्यवस्था आज भी कायम है। यहां पुजारी के रूप में मिश्रा और पाठक परिवार के अलावा बकरे की बलि देने के लिए पुरुषोत्तम पाहन, नगाड़ा बजाने के लिए घांसी, काड़ा की बलि देने के लिए पुजारी नियुक्त होते हैं।

इसके निर्माण में रानी अहिल्याबाई का नाम भी जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में सभी को पूजा करने का समान अधिकार प्राप्त नहीं था। बंगाल यात्रा के दौरान रानी ने इस क्षेत्र में भ्रमण कर सभी जाति के लोगों को पूजा का समान अधिकार दिलाने के लिए मंदिर का निर्माण कराया था।

ऐसी मान्यता भी है कि 16 दिन का नवरात्रि उत्सव की परंपरा भी प्राचीकाल से चली आ रही है। जिउतिया की सुबह मातृ नवमी के दिन कलश स्थापना के बाद नवरात्रि प्रारंभ होता है। सप्तमी और अष्टमी के बीच बकरे और विजयादशमी के दिन बकरे और भैंसे की बलि देने की परंपरा है। दशहरा के दिन मूर्ति विसर्जन के लिए माता पर पान चढ़ाकर आदेश लिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि पान के गिरने के बाद यह समझ लिया जाता है कि विसर्जन के लिए माता का आदेश है।

# मन की सुंदरता ही हमें असल में इंसानी रूप प्रदान करती है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

घड़ियां-लम्हें-पल जिसको हम समय कहते हैं, यह तो अपनी रफ्तार से चलता चला जाता है लेकिन उन्हीं घड़ियों, उन्हीं लम्हों को मुबारक बनाया जा सकता है जिन्हें हम अपने हृदय के भक्ति वाले भाव बना लेते हैं। जब हमारे हृदय में समर्पण भाव आ जाता है, जब हम इस प्रभु के अहसास में डूब जाते हें तब वो घड़ियां, वो लम्हें, वो पल-क्षण जो बीतते हैं वो सुन्दर होते हैं।

कई दफा दास ने दोहराया कि जब इस नई सदी का आगमन हुआ, जब सन 2000 में हमने प्रवेश किया तो उस वक्त एक नारा मिशन के मंच से दिया गया-

युग सुन्दर सदियां सुन्दर, हर पल सुन्दर,

गर मानव जीवन हो सुन्दर।

युगों, सदियों, पलों-लम्हों की सुन्दरता तब होगी जब मानव जीवन सुन्दर होगा। जिन भावनाओं का जिक्र हो रहा है वो भावनाएं हृदय में घर कर जाती हैं तो जीवन सुन्दर बनजाता है यानि कि युगों-घड़ियों-लम्हों की सुन्दरता मन की सुन्दरता के कारण है। मन की सुन्दरता ही हमें असल में इन्सानी रुप प्रदान करती है और दूषित भाव ही हैं जो हमें इन्सानी जामे में होते हुए भी शैतानियत के रास्ते पर चलाते हैं। हैवानियत के रास्ते पर चलाने वाली भी यह हमारी अंधकारमयी सोच ही होती है जिसके कारण हम इस मानवीय शरीर को कलंकित करते हैं, मानव जाति को कलंकित करते हैं। यहां पर मन की सुन्दरता की बात हो रही है जिसके कारण इन्सानी वजूद में होकर भी हम देवता का रुप बन जाते हैं और देवता का रुप ही नहीं हम परमात्मा का रुप बन जाते हैं। सदैव से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने जो यह ढंग बताया है आत्म-रुप होने का, परम अस्तित्व का रुप बनने का यही एक मात्र ढंग है भाषाएं, पहरावे, संस्कृतियां ये हमारे बाहरी लिबास हैं। हमारी शक्लें-सूरतें हमारी मूल नहीं हैं, संस्कृतियां और बाकी सारी चीजें बाद में जुड़ी हैं। जो मूल है, जो प्राथमिक है, वह वास्तविकता में हमारा एक असल रुप, एक मानव वाला रुप है जिसमें आत्मा बसती है। आत्मा जो परमात्मा की अंश है, जो दिव्यता है। इस दिव्य परमात्मा-ईश्वर-निराकार की अंश आत्मा ही हर घट में बसती है। हर घट में उसको मुख्य रखना, उसको मूल रुप से अपने जीवन में उजागर करने से ही वास्तविकता में हमारे जीवन का महत्व बनता है।





## नोकरियां यहां देखें

**बैंक ऑफ़ इंडिया में क्रेडिट ऑफीसर के**
कुल पदः 514
आवेदन की अंतिम तिथिः 5 जनवरी, 2025
योग्यताः यूजी
आयुः 25 से 40 साल
करें आवेदनः
**bankofindia.co.in**

**रेल कोच फैक्ट्री में अप्रेंटिस के**
कुल पदः 550
आवेदन की अंतिम तिथिः 7 जनवरी, 2025
योग्यताः दसवीं, आईटीआई
आयुः 15 से 24 साल
आवेदन करें :
**ref.indian railways.gov.in**


**हरियाणा हेल्थ विभाग में मेडिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 450
आवेदन की अंतिम तिथिः 7 जनवरी, 2026
योग्यताः मेडिसिन और सर्जरी, यूजी
आयु सीमाः 22 से 42 साल
आवेदन करें :
**haryanahealth.gov.in**

**महाराष्ट्र प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पदः 290
आवेदन की अंतिम तिथिः 19 जनवरी, 2026
योग्यताः10वीं पास, डिप्लोमा, यूजी
आयु सीमाः अधिकतम 45 साल करें आवेदनः
**mjp.maharashtra.gov.in**

**राजकोट नगर निगम में फायर ऑपरेटर व अन्य के**
कुल पदः 117
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 दिसंबर, 2025
योग्यताः दसवीं, यूजी के साथ अनुभव
आयु सीमाः 18 से 35 साल
करें आवेदनः
**rmc.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

## स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में मीडिया में समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञ का व्याख्यान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। खेल एवं मीडिया के क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तनों से विद्यार्थियों को परिचित कराने और उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में खेल पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए खेल मीडिया में समसामयिक विषयों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से प्रोफेसर डॉ. अमित सांगवान ने बतौर विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों पर प्रभावी लेखन की व्यावहारिक समझ प्रदान कीइस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय का उद्देश्य श्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ-साथ खेलों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने वाले सक्षम मीडिया पेशेवर तैयार करना भी है। ऐसी शैक्षणिक पहलें विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और पेशेवर सोच प्रदान करती हैं।

## सट्टा खाईवाली करते आरोपी को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले की क्राईम युनिट सैक्टर-3 सोनीपत की पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अंकित पुत्र कृष्ण निवासी कबीरपुर, सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 26 दिसम्बर 2025 को क्राईम युनिट सैक्टर 3 सोनीपत की पुलिस टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही जगप्रीत अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु मुरथल अड्डा सोनीपत मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि अकिंत पुत्र कृष्ण निवासी कबीरपुर जो सब्जी मण्डी ओल्ड हाउसिग बोर्ड सोनीपत मे सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है जो आने-जाने वालो राहगिरो को जोर-जोर से बोल कर कह रहा है कि किस्मत आजमाओ नम्बर पर पैसे लगाओ और नम्बर आने पर 10 रुपये के 90 रुपये कमीशन काट कर पाओ जो पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर बोगस ग्राहक बना कर 50 रुपये का नम्बरी नोट दे कर 44 नम्बर पर लगाने बारे ईशारा समझा कर भेजा जो पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहाँ पर बोगस ग्राहक ने 50 रूपये का नम्बरी नोट 44 पर लगा कर तयशुदा ईशारा किया और पुलिस टीम ने शक की बिना पर नौजवान शख्स को काबू करके नाम पता पूछा जो उसने अपना नाम पता अकिंत पुत्र कृष्ण निवासी कबीरपुर सोनीपत बतलाया जो पुलिस तीन ने अंकित उपरोक्त की नियमानुसार तलाशी अमल में लाई तो उसके हाथ से एक बाल पैन दूसरे हाथ से एक सट्टा कापी व उसकी पहनी हुई जीन्स पैन्ट से कुल 5250 रुपये बरामद हुएद्य इस घटना का जुआ अधिनियम के अन्तर्गत थाना सिविल लाईन सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। क्राईम युनिट सैक्टर-3 सोनीपत की अनुसंधान टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही जगप्रीत ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना मे संलिप्त आरोपी अंकित पुत्र कृष्ण निवासी कबीरपुर, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## समाज में एकत्व भाव का निर्माण ही सामाजिक समरसता: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** अपनी आदतों और व्यक्तित्व से समाज में समरसता लाने के लिए, आपको जाति-धर्म से ऊपर उठकर प्रेम, सहयोग और सम्मान का भाव अपनाना होगा; छोटे-छोटे सकारात्मक कार्यों (पेड़ लगाना, मदद करना) से शुरुआत करनी होगी; मानव धर्म को प्राथमिकता देनी होगी; और सभी को साथ लेकर चलने वाले 'वसुधैव कुटुम्बकम' के विचार को अपनाना होगा, जिससे आपसी भेदभाव मिटे और राष्ट्र मजबूत बने। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे कहा अपनी आदतो से और अपने व्यक्तित्व से समाज को समरसता से भर दे, आनंद से भर दे, शिष्टता से भर दे, जज्बातो से भर दे, सहयोग और करूणा से भर दे और समाज को निश्छल प्यार से। प्रेम अगर निस्वार्थ न हो तो वह प्रेम नही। स्वार्थ मे कारण होता है। और स्वार्थ होते ही प्रेम अप्रेम हो जाता है। शुरू मे हो सकता है की प्रेम थोरा स्वार्थी हो। पर जब प्रेम अपनी चरम सीमा पर होता है तो वहां निस्वार्थ ही बचता है। क्योंकि तब सारे कारण समाप्त हो जाते हैं। प्रेम माध्यम है। सत्य लक्ष्य है। तो प्रेम के माध्यम से सत्य को जाना जा सकता है। इसलिए प्रेम के बारे मे इतनी सारी बातें कही गई हैं। जीसस ने प्रेम को इश्वर कहा है। इसके पीछे कारन है। क्योंकि प्रेम मे इतनी शक्ति है की इश्वर का दर्शन करा दे। पर उस तरह के प्रेम का निस्वार्थ होना जरुरी है। तुमने जिस प्रेम को जाना है वो असली प्रेम नही है। वह प्रेम की छाया है। वह प्रेम की प्रतिध्वनि है। हिन्दी सिनेमा मे जो तुम प्रेम देखते हो वह कुछ भी नही है। वह मूलतः शारीरिक और आर्थिक है। अगर तुम प्रेम के काफ़ी गहरे मे उतरोगे तो पाओगे की वहां सिर्फ़ अस्तित्व बचता है मनीषीश्रीसंत ने आगे फरमाया- कोई व्यक्ति पूरी तरह से सामाजिक कहला सकता है, अन्यथा तो सृष्टि के बाकी जीवो की तरह उसका महत्व रहेगा। कोई भी व्यक्ति यदि समाज की सीमाओ को लांघता है, मर्यादाओ को तोडता है, तो उस पर तुंरत पूरे समाज की नजर जाती है और वह कुछ ही पलो मे समाज की नजरो से गिर जाता है, बेशक वह स्वयं को गिरा हुआ माने या ना माने। जब कोई व्यक्ति अपने छोटे से गलत कार्य की वजह से समाज मे गिर जाए तो उसका व्यक्तित्व रूप से अमीर होना, शारीरिक रूप से खूबसूरत होना, बडे पद पर होना और अकूत दौलत होना कोई मायने नही रखता है। अपने समाजिक दायित्वो को बखूबी निभाएं और व्यक्तित्व जीवन को बहुत ऊंचा और श्रेष्ठ बनाएं ताकि आपको समाज मे सम्मान की दृष्टि से देखा जा सके।

**विशेष कार्यशाला आज**

मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे विशेष कार्यशाला का आयोजन प्रात 11.00 बजे।

## पंचांग

रविवार, 28 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:13 ए एम, सूर्यास्तः 05:33 पी एम, चन्द्रोदयः 12:20 पी एम, चन्द्रास्तः 01:26 ए एम, दिसम्बर 29, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः अष्टमी - 11:59 ए एम तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 08:43 ए एम तक, योगः वरीयान् - 10:13 ए एम तक, करणः बव - 11:59 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 11:10 पी एम तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 04:15 पी एम से 05:33 पी एम, गुलिक कालः 02:58 पी एम से 04:15 पी एम, यमगण्डः 12:23 पी एम से 01:40 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:02 पी एम से 12:43 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:10 पी एम से 04:51 पी एम, अमृत कालः 05:23 ए एम, दिसम्बर 29 से 06:55 ए एम, दिसम्बर 29, वर्ज्यः 08:12 पी एम से 09:44 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। घर में कुछ बदलाव आपको काफी भावुक बना सकते हैं।
**वृषः** आज माता-पिता के साथ मंदिर में जाने का प्लान बना सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही परेशानियां आज खत्म हो सकती है।
**मिथुनः** आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। साहसी कार्य करने से बचें। मान सम्मान में वृद्धि होगी।
**कर्कः** आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा। अपने करीबी लोगों के सामने ऐसी बातें उठाने से बचें, जो उन्हें उदास कर सकती हैं।
**सिंहः** आज आपके रुके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। आज आपके दुश्मन आपसे दूरियां बनाये रहेंगे।
**कन्याः** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। जल्दबाजी से निर्णय न लें।
**तुलाः** अगर बातचीत और चर्चा आपके मुताबिक न हो, तो आप नाराजगी में कड़वी बातें कह सकते हैं जिन्हें लेकर बाद में आपको पछताना पड़ सकता है इसलिए भली-भांति सोचकर ही बोलें।
**वृश्चिकः** आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। आज आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार भी मिल सकते है।
**धनुः** आज नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद खत्म कर अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते हैं।
**मकरः** आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा।
**कुंभः** ऑफिस में आज काम इस राशि के बिजनेसमैन को लिए आज का दिन अधिक फायदा देने वाला है।
**मीनः** आज निर्णय न ले पाने के परिणाम स्वरूप नए कार्यों का प्रारंभ करना आपके लिए हितकर नहीं है।

# अटल जी का जीवन, विचार और नेतृत्व राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणा

**अटल स्मृति सम्मेलन में गूंजे सुशासन और राष्ट्र सेवा के विचार, अटल जी को दी श्रद्धांजलि**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी







राई। बीडीपीओ कार्यालय, राई में शनिवार को अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को भावपूर्ण रूप से स्मरण किया गया। सम्मेलन की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और राई विधायक कृष्णा गहलावत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने विधायक कृष्णा गहलावत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी का जीवन, विचार और नेतृत्व आज भी सुशासन, राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। अटल जी केवल एक महान राजनेता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, उसकी विचारधारा और लोकतांत्रिक चेतना के सशक्त प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन, शालीनता और मानवीय संवेदनाओं का अनुपम उदाहरण रहा। कृष्णा गहलावत ने कहा कि राजनीति को सेवा और शुचिता का स्वरूप देने वाले अटल जी की पहचान यह थी कि विरोध में भी सम्मान और सत्ता में भी विनम्रता बनी रही। उन्होंने कहा कि आज अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाना केवल स्मरण नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि विकसित भारत-2047 का सपना तभी साकार होगा, जब युवा पीढ़ी उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगी। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्राम सड़क योजना, दूरसंचार, शिक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की। इस मौके पर सतीश नांदल, अशोक भारद्वाज, राजीव जैन, सुमित्रा चौहान, सोनिया मोर, अरुण चौहान, पुनीत राई, सहित सभी ब्लॉक समिति के पार्षद, हल्का राई के सभी सरपंच, जिला पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साहिबज़ादों को शहीदी दिवस पर नमन: लायंस क्लब व हारट्रोन स्किल सेंटर ने सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल। लायंस क्लब कैथल सिटी के तत्वावधान में साहिबज़ादों के शहीदी दिवस के अवसर पर हारट्रोन स्किल सेंटर में सेवा व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीजे मोहित अग्रवाल, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, डीएसपी गुरविंद्र सिंह तथा सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि रविंद्र धीमान उपस्थित रहे। सभी ने साहिबजादे की शहादत पर शीश झुका कर नमन किया। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। एडीजे मोहित अग्रवाल ने कहा कि साहिबज़ादों की शहादत हमें सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है। डीएसपी गुरविंदर सिंह ने भी सडक् सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि रविंद्र धीमान ने कहा कि समाज सेवा और जन-सुरक्षा से जुड़े ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। हारट्रोन स्किल सेंटर के संचालक डॉ. बलविंद्र ढुल ने कहा कि संस्थान केवल कौशल विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। लायंस क्लब के प्रधान एडवोकेट देवेंद्र राणा ने सेवा कार्यो को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। एडवोकेट मनिंद्र सिंह ने साहिबज़ादों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हमें निस्वार्थ सेवा की राह दिखाता है। इस परियोजना के चेयरमैन रविंदर सिंह तथा को चेयरमैन डॉ. बलविंद्र ढुल रहे। कार्यक्रम में एडवोकेट मनोज दुआ, पार्षद रोहन मित्तल, लायंस क्लब के जोन चेयरमैन मुनीश मेहता, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उमेश गर्ग, सचिव रूपम खुराना, कोऑर्डिनेटर हरनाम सिंह, बलजिंदर बनवाला, गुरु तेग बहादुर सेवा दल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह, सचिव सितेंदर भाटिया, उप प्रधान गुरचरण सिंह, गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी भाई साहब सिंह, हेड रागी भाई मंदीप सिंह, मैनेजर हरकीरत सिंह, जेटकिंग इंस्टिट्यूट से नरेश ढुल आदि उपस्थित रहे।

## सेवा व समर्पण की मिसाल बना प्रकाश पर्व का भंडारा: निधि मोहन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल। सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद, फतेहपुर पुंडरी शाखा की ओर से लंगर व भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ किया गया। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने बताया की गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग, बलिदान और मानवता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी का जीवन समाज को समानता, साहस और सेवा की प्रेरणा देता है। गुरु जी का संदेश आज भी हमें प्रेरणा देता है कि डर के आगे झुकना नहीं, अन्याय को सहना नहीं और मानवता की सेवा से कभी पीछे नहीं हटना। परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक व धार्मिक सेवा कार्यों की प्रशंसा की।

आयोजन में परिषद के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, कोषाध्यक्ष राजेश, सचिव विकास सिंगला, डॉ. राजेश कुकरेजा, प्रभात गोयल, सोहन लाल, राजकुमार, सुनील मित्तल, डॉ मनीषा मंगल, नरेंद्र पटपटिया, नवीन टाया, मुनीश गर्ग, हर्ष सेठी, डॉ मनोज मंगल, मुनीश मित्तल, बलविंदर वालिया सहित अनेक पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग देते हुए लंगर व्यवस्था को सफल बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारे, सद्भावना और सेवा का संदेश दिया गया।







# नए साल में फिरौती कॉल व कांट्रैक्ट किलिंग से निपटेगी पुलिस

- डीजीपी आज बनाएंगे सभी अधिकारियों के साथ रणनीति
- मधुबन में होगी राज्य स्तरीय बैठक
- सभी जिलों के एसपी देंगे रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर।** नए साल में हरियाणा पुलिस का मुख्य एजेंडा फिरौती कॉल व कांट्रेक्ट किलिंग की घटनाओं से निपटना होगा। इसके लिए रविवार को मधुबन पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय बैठक होने जा रही है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश के सभी एडीजीपी, आईजी, पुलिस आयुक्त, रेंज डीआईजी तथा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक भाग लेंगे। वर्ष 2025 में पुलिस गतिविधियों का रिव्यू करने के अलावा 2026 के लिए अपराध नियंत्रण, खुफिया तंत्र और जन-संपर्क रणनीति का रोडमैप तैयार किया जाएगा।



बैठक में हाल के समय में सामने आए फिरौती कॉल और ऑनर किलिंग जैसे मामलों पर विशेष मंथन होगा, विशेषकर उन मामलों पर जिनका संचालन जेलों या विदेशों से सोशल मीडिया व डिजिटल माध्यमों के जरिए किया जा रहा है। इन नेटवर्क्स पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लक्षित निगरानी, सटीक खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, जेल प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय तथा डिजिटल फॉरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

डीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि इस मंथन बैठक में उभरती आपराधिक प्रवृत्तियों पर विचार किया जाएगा। चर्चा का केंद्र संगठित अपराध, नशा तस्करी, साइबर अपराध तथा प्रभावी जन-संवाद रहेगा, ताकि पुलिसिंग को और अधिक प्रो-एक्टिव, इंटेलिजेंस आधारित और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सके।

राज्य की मादक पदार्थ विरोधी मुहिम को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान के बीच, वर्ष 2026 में संगठित ड्रग कार्टेल्स के समूल उन्मूलन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंजाब, राजस्थान और दिल्ली से सटे सीमावर्ती जिलों में सक्रिय नेटवर्क की समीक्षा की जाएगी। एनसीबी, बीएसएफ तथा पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय बढ़ाने, ड्रोन आधारित निगरानी, सप्लाई-चेन ट्रैकिंग और तकनीकी विश्लेषण जैसे सफल प्रयोगों को साझा किया जाएगा।

चुनौतियों से निपटने हेतु मानव और तकनीकी सूचनाओं पर आधारित एकीकृत इंटेलिजेंस ग्रिड विकसित करने पर बल दिया जाएगा। सभी जिलों के एसपी अपने-अपने क्षेत्रों के हॉटस्पॉट, रुझान और प्रभावी हस्तक्षेपों पर डेटा आधारित प्रस्तुति देंगे।

### साइबर पुलिसिंग की कार्यप्रणाली होगी अपग्रेड

तेजी से बदलते डिजिटल अपराधों के मद्देनजर साइबर पुलिसिंग को और अधिक सक्षम बनाने पर विशेष विचार होगा। वर्ष 2025 में सामने आए सफल मामलों के अध्ययन के आधार पर साइबर थानों को सशक्त करने, एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स अपनाने, जांच अधिकारियों के क्षमता-विकास तथा नागरिकों के लिए जागरूकता अभियानों और त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली को और प्रभावी बनाने की योजना तैयार की जाएगी।

### हरियाणा पुलिस के सामने बड़ी चुनौतियां

वर्ष 2025 के दौरान सामने आई प्रमुख घटनाओं पर चर्चा बैठक का एजेंडा

--मेवात क्षेत्र में आतंकी/कट्टरपंथी गतिविधियों की आशंका और ग्रेनेड जैसी घटनाएं,

--पंजाब व राजस्थान से सटे जिलों में नशा व अवैध तस्करी

--गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत जैसे शहरी क्षेत्रों में संगठित अपराध और फिरौती नेटवर्क

--अवैध शराब, जुआ और नशे से जुड़े अड्डे शामिल हैं

# ढाबे पर सो रहे बुजुर्ग को टिप्पर ने कुचला मौके पर ही मौत, ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 27 दिसंबर।** गांव अड्डा झुग्गियां में ढाबे पर सो रहे बुजुर्ग को टिप्पर द्वारा कुचलने के मामले में अब पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर टिप्पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इससे पहले इस हादसे में पुलिस ने केवल बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई की थी। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के रहने वाले प्रदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके 53 वर्षीय पिता संपत सिंह अड्डा झुग्गियां स्थित एक ढाबे पर काम करते थे। 29 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 4=15 बजे, जब उनके पिता ढाबे के पीछे सो रहे थे, तभी सफेद-स्लेटी रंग के टिप्पर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके पिता के सिर पर टायर चढ़ा दिए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अब मृतक के बेटे द्वारा दी गई औपचारिक शिकायत के बाद 27 दिसंबर को पुलिस ने टिप्पर चालक के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

जांच अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि टिप्पर चालक की पहचान निशान सिंह पुत्र दरबारा सिंह, निवासी गांव मन्नण, जिला तरनतारन के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया था। अब आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी और टिप्पर को कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।




# पटियाला चौंक के समीप फ्लाईओवर के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का मिला शव



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 27 दिसंबर।** पुलिस को शनिवार सुबह पटियाला चौंक के समीप फ्लाईओवर के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी एएसआई परमप्रीत सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50-55 वर्ष के बीच जान पड़ती है। मृतक ने गहरे हरे रंग का लोअर और गुलाबी व काले रंग की स्वेटशर्ट पहनी हुई है। तलाशी के दौरान मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या आईडी प्रूफ नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके।

शुरुआती जांच और आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि उक्त व्यक्ति बीते 3-4 दिनों से इसी इलाके में घूमता हुआ देखा गया था। फिलहाल पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए अगले 72 घंटों तक डेराबस्सी के सिविल अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस आसपास के इलाकों और अन्य थानों के जरिए मृतक के परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)